ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु: गुरुर्देवो महेश्वर:। गुरु: साक्षात् परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नम:॥

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 05 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक- 322, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

















पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने के बाद प्रफुल्ल कुमार सिंह अपने पिता की राजनीतक विरासत को आगे बढा रहे हैं। अपनी काबिलियत, दूरदर्शिता एवं अभिव्यक्ति की क्षमता के बदौलत प्रफुल्ल कुमार सिंह ने पत्रकार के तौर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री के साथ सरकारी प्रतिनिधिमंडल की भूमिका में 30 से अधिक देशों का भ्रमण किया। इतना ही नहीं उनकी संवाद स्थापित करने की कला ने वैदेशिक संबंधों को नया आयाम गढ़ने एवं ऊंची मुकाम तक पंहुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

# हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की जनता के दिलों में बसते हैं प्रफुल्ल कुमार सिंह

## पत्रकार के रूप में प्रतिनिधिमंडलों के साथ **कई देशों** का किया है दौरा

पत्रकारिता में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाकर कई देशों का भ्रमण करने वाले प्रफुल्ल कुमार सिंह हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में कदवर नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। हुसैनाबाद के घर-घर की समस्याओं को सुलझाते रहे हैं। ओजस्वी, यशस्वी, युवा शख्सियत प्रफुल्ल कुमार सिंह की विरासत में ही सामाजिक सरोकार का ज्ञान मिला है। उनके पिता अवधेश कुमार सिंह ख्याति प्राप्त नेता व मंत्री रहे हैं। यही वजह है कि अपने करियर के प्रारंभ से ही प्रफुल्ल सिंह ने पत्रकारिता को चुन कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। अपनी काबिलियत, दूरदर्शिता एवं अभिव्यक्ति की क्षमता के बदौलत प्रफुल्ल कुमार सिंह ने पत्रकार के तौर पर राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री के साथ सरकारी प्रतिनिधिमंडल की भूमिका में 30 से अधिक देशों का भ्रमण किया। इतना ही नहीं उनकी संवाद स्थापित करने की कला ने वैदेशिक संबंधों को नया आयाम गढ़ने एवं ऊंची मुकाम तक पंहुचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। जिसका प्रमाण है वर्ष 2013 का भारत-चीन के बीच संपन्न हुए संयुक्त सैन्य अभ्यास का साक्षी बनना। ये सिलसिला इतने पर थमा नहीं। फॉरेन कॉसपोंडेंट क्लब ऑफ साउथ एशिया के एक्सक्यूटिव डायरेक्टर के अलावे प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के निदेशक पद पर विराजमान होकर श्री सिंह ने अपनी संगठनात्मक कौशल एवं नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया।



## सामाजिक एवं राजनीतिक पृष्ठभूमि

- प्रदेश कार्यकारिणी समिति सदस्य, सहकार भारती
- सहकारिता प्रकोष्ठ, अध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, झारखण्ड
- निदेशक, बिहार-झारखंड हाउसिंग को-ऑपरेटिव फेडरेशन 2020 से वर्तमान...
- निदेशक, भूमि विकास बैंक, झारखंड-बिहार 2020 से वर्तमान तक
- निदेशक बिस्कोमान (बिहार-झारखंड मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव मार्केटिंग सोसायटी) 2020 से वर्तमान तक
- 2024 लोक सभा चुनाव में पलामू भाजपा के विजयी प्रत्याशी श्री बीडी राम जी के चुनाव प्रबंधन, सभाओं का आयोजन, मंच संचालन सहित मीडिया व सोशल नेटवर्किंग साइट पर कवरेज की जिम्मेवारी का सफलतापूर्वक निर्वह
- महासंपर्क अभियान पलामू जिला के सह संयोजक 2023-24
- झारखंड राज्य में 140 नए किसान उत्पादक संघ का गठन
- 100 कमजोर बूथ अभियान के सह संयोजक पलामू जिला
- भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (ठउवक) के सदस्य
- स्कूल से लेकर कॉलेज तक 100 आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों की शिक्षा का खर्च उठाना
- सचिव, ए.के. सिंह डिग्री कॉलेज, जपला (14000 छात्र)
- बी.एन. इंटर कॉलेज (3500 छात्र)
- महिला सशक्तिकरण और प्रशिक्षण कार्यक्रम कराना
- सदस्य सहकार भारती 2018 से वर्तमान तक
- सदस्य इंद्रप्रस्थ विश्व संवाद केंद्र 2003 से 2018
- 'युवा पलामू संस्था के जरिए विभिन्न सामाजिक कार्यों में संलग्न रहते हुए रक्तदान शिविर लगवाना, नशा मुक्ति के लिए अभियान चलाने के अलावा पलामू जिल के हुसैनाबाद क्षेत्र में सखी ग्रुप बनाकर लोगों को पलाश के पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहन देने जैसे कार्य शामिल है।
- गैर सरकारी संगठन 'सेवा' के जरिए ग्रामीण इलाकों में गरीबी के कारण कुपोषण का शिकार हो रहे बच्चों के बीच अभियान चलाकर उन्हें प्रोत्साहन देने का काम लंबे समय से चल रहा है।
- ग्रामीण इलाकों में भूमि विकास बैंक के जरिए लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना।

### जीवन परिचय

- **नाम : प्रफुल्ल कुमार सिंह**
- **पिता का नाम : स्वर्गीय अवधेश कुमार सिंह (पूर्व मंत्री)**
- **जन्मतिथि : 11 सितंबर 1978**
- **शैक्षिक योग्यता : पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन जर्नलिज्म, बीए (आनर्स)**
- **वर्तमान पता : आबादगंज (मिशन स्कूल के सामने) डाल्टनगंज, जिला पलामू (झारखंड)**
- **कार्यालय का पता : ग्राम बरवाडीह, पोस्ट सकलदीपा, थाना हरिहरगंज, जिला पलामू (झारखंड)**
- **मोबाइल : 9873557017**
- **ईमेल : singhpraful@gmail.com**



## पिता के पदचिन्हों पर चल अब जनता की आवाज बनेंगे प्रफुल्ल कुमार सिंह

अब वर्तमान समय में वे अपनी पिता के राजनीतिक विरासत को बढ़ा रहे हैं। हुसैनाबाद की जनता अब इन्हें नेता के रूप में स्वीकार कर लिया है। सिंह लेखक के तौर पर भी अपनी भूमिका रेखांकित किया है, इन्हें इंडियन मीडिया कांग्रेस का सर्वश्रेष्ठ सम्मान से नवाजा गया। वहीं वर्ष 2016-17 में बेस्ट ऑनलाइन कैटेगरी के लिए केन्द्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली के द्वारा नारद सम्मान से भी पुरस्कृत किया गया। सम्मान-सराहना पुरस्कारों ने इन्हें समाज एवं राष्ट्र के सर्वांगिण विकास में अपने योगदान देने की प्रेरणा दी है। जिसके बदौलत वो निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। पफुल्ल कुमार सिंह ने अपने जीवन के विभिन्न चरणों में सामाजिक सेवा की भावना को अन्यान्य गतिविधियों के माध्यम से नित नए अध्याय को लिखा है। नए तौर-तरीकों, नए रंग-आकार, नए-नए रूपों में अपनी सामाजिक कार्यों को गढ़ा है। यह सर्वविदित है कि इनके रग-रग में सेवा भावना इन्हें विरासत में मिली है जो इनके पिता एवं पलामू के कुशल, अनुभवी, कार्यकर्ताओं के चहेते नेतृत्वकर्ता स्व. अवधेश कुमार सिंह से मिली है। पलामू के कद-पद प्रतिष्ठा के प्रमाणित राजनेता स्व. अवधेश बाबू का राजनितिक जीवन अपने आप में विशाल वृक्ष की भांति विस्तारित छायादार है। जिन्होंने जगनारायण पाठक जैसे दिग्गज को परास्त कर महज 26 वर्ष की आयु में ही 1972 में विधायक बने। दो बार बिहार विधानसभा एवं दो बिहार विधान परिषद के सदस्य्य भी निर्वाचित हुए। इतना ही नहीं सहकारिता आंदोलन से उपजे स्व० अवधेश बाबू डालटनगंज केन्द्रीय सहकारिता अधिकोष के सचिव भी रहे। इसके अतिरिक्त भूमि विकास, बिहार स्टेट हाउसिंग फेडरेशन एवं बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव के निदेशक पद पर रहते हुए विभिन्न विभागों में तकरीबन 15 हजार लोगों को नौकरी भी लगवाई जो अपने आप में गरीबों-दलितों-पिछड़ों-शोषितों से जुड़े रहने एवं उनके समुचित विकास के लिए कार्यरत रहने का प्रमाण है। यही सिलसिला उन्हें अन्ततः 1997 में तत्कालीन बिहार राज्य का सहकारिता एवं श्रम मंत्री के पद तक ले गया। जिसके बाद उनका कार्यकाल आज भी लोग भूले नहीं भूलते हैं। छात्र जीवन से लेकर राजनीति तक अपने पिता के किया-कलापों से प्रभावित प्रफुल्ल कुमार सिंह ने भी छात्र जीवन से ही खुद को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़कर छात्र हित में भगीरथ प्रयास किया। आज भी युवा पलामू के बैनर तले रक्तदान शिविर का आयोजन, नशामुक्ति का अभियान, वंचितों जरूरतमंदों तक वस्त्र एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराकर अंत्योदय विकास की धारा में एक बूंद की भूमिका निभाते चले आ रहे हैं। हुसैनाबाद क्षेत्र में लगातार सखी ग्रुप बनाकर लोगों को पलास के पेड़ लगाने हेतु प्रोत्साहित कर पर्यावरण संरक्षण एवं आर्थिक स्वावलंबन के जरिये विकसित भारत की ओर अग्रसर देश की नींव को मजबूत करने में अपनी सहभागिता निभाई।

### पारिवारिक पृष्ठभूमि

पिता स्वर्गीय अवधेश कुमार सिंह कोऑपरेटिव आंदोलन के अग्रणी रहे हैं। 1970 के दशक से लेकर 1990 के दशक में विभिन्न कोऑपरेटिव संस्थाओं में चेयरमैन एवं डायरेक्टर की भूमिका में रहे।

**1972** से 1980 तक बिहार विधानसभा के सदस्य रहे।

**1983** से 1989 तक बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे।

**1995** से साल 2000 तक बिहार सरकार में मंत्री व विधायक रहे।

### उपलब्धियां

फॉरेन क्रांसपॉनडेंट क्लब ऑफ साउथ एशिया के एक्जक्यूटिव डॉयरेक्टर **(साल 2017 से 2021 तक)**

- प्रेस क्लब ऑफ इंडिया के निदेशक (साल 2012-2017
- बेस्ट ऑनलाइन अवार्ड ऑफ इंडिया का सम्मान (साल 2016-17)
- इंडियन मीडिया कांग्रेस का सर्वश्रेष्ठ राजनीतिक लेखक सम्मान

### विशेष

- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, विदेश मंत्री सरकारी प्रतिनिधिमंडल के साथ 25 से अधिक देशों में रिपोर्टिंग का अनुभव
- **2013** में भारत-चीन के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास की कवरेज

**2013** में यूनाइटेड किंगडम में आयोजित आईसीसी चैम्पियन क्रिकेट ट्राफी की कवरेज

**2012** में श्रीलंका में आयोजित टी-20 क्रिकेट मैच की कवरेज

**2011** में भारतीय क्रिकेट टीम के वेस्टइंडीज और इंग्लैंड दौरे की कवरेज







## एक नजर

### सारथी सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट 9 से

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज में पुलिस थाने की ओर से सारथी सामुदायिक पुलिसिंग फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ 9 सितंबर से सिंचाई विभाग मैदान में किया जाएगा। पहले दिन पहला मुकाबला मोहम्मदगंज और खरगड़ा (हैदरनगर) के बीच होगा। जबकि 10 को पांडू बनाम महुरान (जपला), 11 गरदाहा (कांडी)-जपला और 12 को सड़ेया बनाम कुटूंबा (औरंगाबाद) के बीच मुकाबले होंगे। पहला सेमीफाइनल 13 और दुसरा मैच 14 को खेला जाएगा। सभी मुकाबले तीन बजे से शुरू होंगे। सभी मैच फीफा के नियमानुसार खेलाया जाएगा। थाना प्रभारी पंकज कुमार तिवारी ने जानकारी दी है।

### अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध चलाया छापेमारी अभियान

**हरिहरगंज।** आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नजर तथा पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर झारखंड व बिहार पुलिस की संयुक्त टीम ने बुधवार को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में अवैध शराब निर्माण के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, बिहार के टंडवा थाना एसआई अमित कुमार तथा पथरा ओपी प्रभारी मंटू कुमार के नेतृत्व में झारखंड व बिहार की सीमा से सटे सीमावर्ती क्षेत्र में छापेमारी कर आधा दर्जन अवैध शराब की भट्ठी को धवस्त किया गया। इस दौरान 7 क्विंटल जावा महुआ, 12 प्लास्टिक का ड्राम साथ ही शराब बनाने के उपकरणों को विनष्ट किया गया। छापेमारी अभियान में शामिल हरिहरगंज थाना के एसआई सतीश गुप्ता, टंडवा थाना के एसआई आशुतोष कुमार सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

### पिपरा पुलिस ने चिपकाए इश्तेहार

**हरिहरगंज।** पिपरा थाना के पुलिस ने फरार चल रहे आरोपित थाना क्षेत्र के तेंदुडीह सकलदीपा गांव निवासी भीम यादव के घर एसआई नकुल शर्मा ने इश्तेहार चिपकाया है। जानकारी के अनुसार पिछले वर्ष जमीनी विवाद को लेकर मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। तब से अब तक आरोपी पुलिस के पकड़ से दूर है। जानकारी देते हुए एसआई नकुल शर्मा ने बताया कि न्यायालय के निर्देशानुसार निर्धारित 30 दिनों के अंदर पुलिस अथवा न्यायालय में समर्पण करने के लिए आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया गया है। दिए गए समय सीमा के अंदर समर्पण नहीं किए जाने पर आरोपित के घर कुर्की की कार्रवाई की जायेगी। इस मौके पर एसआई नकुल शर्मा सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

#### लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में नेत्रदान पर सेमिनार

# छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली नेत्रदान के लिए किया प्रोत्साहित

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर के नावाडीह कला स्थित लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में नेत्रदान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बुधवार को सेमिनार का आयोजन किया गया। बताते चलें कि मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा नेत्र दान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पीछले माह 25 अगस्त से शुरू हुआ नेत्रदान पखवाड़ा आगामी आठ सितंबर तक चलेगा। बुधवार को सबसे पहले मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर व छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली की शुरूआत कॉलेज परिसर से हुआ। रैली में शामिल लोग हाथों में तख्तियां लिए हुए थे, जिस पर नेत्रदान महादान,आंखें अनमोल है। आदि स्लोगन लिखा था। सेमिनार में कुलपति डॉ. कल्याण कुमार ने छात्र-छात्राओं को नेत्र दान के महत्त्व को समझाते हुए



बताया कि मृत्यु के बाद नेत्र दान किया जा सकता है। उन्होंने नेत्र दान की प्रक्रिया को भी समझाया। कहा कि नेत्रदान एक महायज्ञ है और इस यज्ञ में आहुति मरणोपरांत हीं दी जाती है, लेकिन इसका प्रबंध आज और अभी नेत्रदान संबंधी फॉर्म भर कर किया जा सकता है। नेत्रदान कोई स्वस्थ व्यक्ति ही कर सकता है। नेत्रदान जैसा पुनीत कार्य द्वारा एक दूसरे व्यक्ति को भी सुंदर संसार देखने का मौका प्रदान कर सकते हैं। निधन के बाद भी आपकी आंखे जिंदा रह सकतीं हैं। प्राचार्य डॉ. विवेक कश्यप ने कहा कि सभी को मरणोपरांत नेत्र दान हेतु संकल्प पत्र भरना चाहिए ताकि, उनके बाद कोई नेत्रहीन व्यक्ति उनकी आंखों से इस खुबसूरत दुनिया को देख सके। उन्होने कहा कि सेमिनार में नेत्र दान महादान का महत्व बताना व नेत्र दान के लिए लोगों को जागरूक करना है। उन्होनें बताया कि अस्पताल में सभी नेत्र रोगों की जांच व उपचार अनुभवी व नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में उपलब्ध हैं। मौके पर लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के नेत्र रोग प्रमुख प्रो.डॉ. राजीव कुमार गुप्ता,डॉ, श्रावंती सहित मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास योजना के 384 आवेदन आए

**मोहम्मदगंज।** कोल्हुआ-सोनबरसा पंचायत में बुधवार को आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर लगाया गया। जिसमें ग्रामीणों ने अलग-अलग योजनाओं के लिए आवेदन जमा कराया। इसमें सर्वाधिक अबुआ आवास योजना के 384, सर्वजन पेंशन योजना के 70, अन्य के 17, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के 86, दिव्यांग व विधवा पेंशन के 4-4 और वृद्धा पेंशन के लिए 20 आवेदन जमा किए गए हैं। बतौर नोडल अधिकारी एपीओ उपेंद्र राम भी शामिल थे। बताया गया कि प्राप्त आवेदनों की जांच के साथ उन्हें संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। अब 6 को भजनियां, 9 गोड़ाडीह, 11 मोहम्मदगंज और 13 सितंबर को कादलकुर्मी में इस कार्यक्रम के तहत पंचायत स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास विभाग के भी स्टॉल लगाए जा रहे हैं। शिविर में युवा समाजसेवी प्रशांत कुमार सिंह, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी विवेकानंद पटेल, पंचायती राज समन्वयक मो. रब्बानी अंसारी व कंप्यूटर सहायक मनोहर कुमार सहित अन्य प्रखंड व अंचल कर्मचारी शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### प्रखंड के कई आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सीओ ने कराई गोदभराई

**हैदरनगर।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुखिया के वहिष्कार के बावजूद विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों के संचालन में गति आई है। उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को उप मुखिया बिगू खान ने कार्यक्रम की विधिवत व्यवस्था भी की है। हैदरनगर पश्चिमी पंचायत सचिवालय परिसर में इसके अलावा अंचल पदाधिकारी विकास कुमार पांडेय, महिला पर्यवेक्षिका सीमा झा, पंचायत समिति सदस्य फरहाना खातून व गुलशन आरा की उपस्थिति में विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के अलावे विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की गर्भवती महिलाओ की गोद भराई की रस्म पूरी की गई। मौके पर डीआरसीएचओ डॉ. संजय रवि ने गर्भावस्था के दौरान पोष्टिक आहार लेने, आयरन की गोली, हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने सहित समय समय पर जांच कराने की सलाह महिलाओं को दी गई। गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन संबधित केन्द्रों पर बाल विकास परियोजना हैदरनगर अधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की सेविकाओं ने की। वहीं बीडीओ विश्व प्रताप मालवा व सीओ विकास पांडेय ने कहा कि किसी भी योजना के लिये लाभुक को प्रखंड व अंचल का चक्कर नहीं लगाना पड़े। इसे गंभीरता से लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर सरकार आवास उपलब्ध करा रही है।

### जिप उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता आलोक को पितृशोक

**हुसैनाबाद।** जिला परिषद उपाध्यक्ष सह झामुमो नेता आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह के 96 वर्षीय पिता श्यामदेव सिंह ने 04 सितंबर को दोपहर 01 बजे अपने जीवन की अंतिम सांस ली। वह विगत कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। वह अपने पीछे अपनी धर्मपत्नी, चार पुत्रों में उमेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह व आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह व तीन पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनका दाह-संस्कार 05 सितंबर को सोन नदी के तट पर प्रातः 08 बजे किया जायेगा। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र उमेश कुमार सिंह देंगे। उनके निधन की खबर पाकर विभिन्न राजनीति, सामाजिक एवं शैक्षणिक दल के लोगों ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मालूम हो कि स्व. श्यामदेव सिंह सामाजिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, उनके निधन होने से सामाजिक स्तर पर काफी क्षति हुई है, उसकी भरपाई कर पाना असंभव है।

### विधायक ने दो योजनाओं का किया ऑनलाइन शिलान्यास

**हरिहरगंज।** क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने बुधवार को हरिहरगंज प्रखंड में दो योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक कोटे से हरिहरगंज प्रखंड के सुल्तानी गांव में बिंदेश्वरी शर्मा के घर से आनंद शर्मा के घर तक पीसीसी पथ निर्माण का शिलान्यास किया गया। कार्य स्थल पर मौजूद सरसोत पंचायत के मुखिया विनय कुमार सिंह तथा संतोष शर्मा जबकि कजरू कला में आरईओ रोड से दंतु बाबा स्थान तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण का शिलान्यास एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह व एनसीपी के वरिष्ठ नेता मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा तथा रामवृक्ष मस्ताना ने नारियल फोड़कर किया। इस दौरान अपने ऑनलाइन संबोधन में विधायक ने कहा कि जाति, धर्म से ऊपर उठकर पूरे विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे कृत संकल्पित हैं। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, मुखिया विनय सिंह, मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा, प्रखंड उपाध्यक्ष उदय सिंह, अरविंद सिंह, लव सिंह, अरुण सिंह, फुटूक कुमार सिंह, कमलेश सिंह, विकाश सिंह, जितेंद्र मेहता, रामवृक्ष मस्ताना, प्रसाद भुइयां, शिक्षक ब्रजबिहारी, रंजय शर्मा, नंदलाल ठाकुर, अर्जुन पासवान सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## किसानों को मिली खरीफ फसल की बुआई व कटाई की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड कार्यालय के सभागार में संचालित प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला में क्षेत्र के किसानों ने जागरुकता व सहभगिता निभाया है। इसमें किसानों को धान, मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंग, मूंगफली, गन्ना व सोयाबीन की खेती व उपज के संबध में विस्तृत जानकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने दी। इसमें उपस्थित प्रगतिशील किसान सह सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह, व उपाध्यक्ष संजय सिंह, किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष प्रेमतोष सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, एटीएम परवीन जहां, किसान मित्र कुणाल सिंह, रामसुंदर मेहता, संजय मेहता, अभय सिंह, विजय सिंह, जनसेवक जयप्रकाश राम आदि ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि खरीफ फसलों की बुआई प्रतिवर्ष जून - जुलाई माह में किये जाने के बाद इसकी कटाई का काम अक्टूबर माह तक कर लिया जाता है। किसानों के हित में समय समय पर खेती के साथ उपज के लिये आवश्वयक खाद, बीज, दवा के छिड़काव संबधित समुचित जानकारी दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस फसल की अच्छी उपज के लिये अधिक तापमान के साथ आर्द्रता की जरुरत होती है। फसलों की वृद्धि व पैदावार वर्षा पर निर्भर करती है। इसकी बुआई से पूर्व यह देखना जरुरी होगा कि जलोढ़ मिट्टी है कि नहीं।

#### जेएमएम जिला अध्यक्ष ने उत्पाद सिपाही दौड़ में मृतक के परिजनों से की मुलाकात, कहा-

## युवाओं की आकस्मिक मृत्यु बहुत ही पीड़ा दायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** उत्पाद सिपाही दौड़ में युवाओं की हो रही आकस्मिक मौत को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गंभीर दिख रहे हैं। ज्ञात हो कि पलामू में बहाली के दौरान दो प्रतिभागियों की मृत्यु हो गई है। छतरपुर प्रखंड के कउवल ग्राम के गिरजा राम के पुत्र अरुण कुमार एवं पांडू प्रखंड के मुरमा कला के दीपक कुमार पासवान की मृत्यु उत्पाद सिपाही दौड़ के दौरान हो गई थी। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पलामू जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल मृतक अरुण कुमार के परिजनों से मिलकर सांत्वना दिया। मौके पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि युवाओं की आकस्मिक मृत्यु बहुत ही पीड़ा दायक है। पूरा झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार मर्माहत है। ईश्वर इस दुख की घड़ी में पूरे परिवार को दुख को सहने की ताकत दे। दोनों युवाओं के परिवार की स्थिति से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अवगत कराया जाएगा। सरकारी प्रावधान के अनुसार मदद दिलाने की बात की जाएगी। उन्होंने कहा कि पूरा झारखंड मुक्ति मोर्चा मृतक के परिजनों के साथ है। उन्हें जब भी आवश्यकता हो निसंकोच हमसे या पार्टी के किसी नेता से मिल सकते हैं और उनकी जो भी समस्याएं होंगी उन्हें अतिशीघ्र दूर करने की कोशिश की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में पार्टी के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा, जिला सचिव सन्नू सिद्दकी, जिला उपाध्यक्ष कमाल खान, महानगर अध्यक्ष फंटूश जायसवाल, वरीय नेता अविनाश देव, हाजी ललन, अखिलेश सिंह, युवा जिला अध्यक्ष सनी कुमार शुक्ला, देवानंद भारद्वाज, उपाध्यक्ष बब्लू चौधरी, छोटू त्रिपाठी, अरविंद चौधरी, नौडीहा बाजार प्रखंड अध्यक्ष उदय पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## नपं प्रशासन ने शहर में चलाया विशेष सफाई अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** झारखण्ड लोकल बॉडी इम्पलाइज फेडेरेशन के आह्वाहन पर राज्य स्तरीय निकाय सफाई कर्मियों की हड़ताल से शहरी क्षेत्रों जगह-जगह कचरों का अंबार लगा हुआ है। जिससे निकले वाली दुर्गंध ने शहरवासियों का जीना मुश्किल हो गया था। बुधवार को नगर प्रशासक तरनीश कुमार हंस व पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार के नेतृत्व में पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, नगर प्रबंधक समेत कई पूर्व पार्षदों ने विशेष सफाई अभियान चलाकर श्रमदान किया। पदाधिकारीयों जनप्रतिनिधियों ने सड़क पर उतर कर शहर के अंबेडकर चौक, महावीर भवन व गांधी चौक पर लगे कचरों के अंबार को खुद से उठाया। इस दौरान नगर प्रशासक ने मीडिया को बताया कि यह स्थिति केवल हुसैनाबाद का नहीं है। बल्कि पूरे झारखण्ड में हड़ताल के कारण यह समस्या उत्तपन्न हुई है, लेकिन वह आम लोगों और व्यवसायिक तथा सभी वर्ग के सरकारी गैर सरकारी प्रबुद्ध जनों से श्रमदान का अपील किया था, जो आज हमलोग लगें हुए हैं। हलांकि इस दौरान सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि अधिकारियों ने बिना कोई शर्म किए जमकर कचरा उठाकर फेंकने का काम किया। लेकिन जो लोग कचरा फैलाते है या उन्हें दुर्गंध लग रही थी, वे लोग इसमें श्रमदान देना उचित नहीं समझा। जब शहर साफ रहती हैं तो कई तथाकथित समाजसेवी व दुकानदार झाड़ू लेकर अभियान में फोटो खिंचाने के लिए खड़े हो जाते है इससे शहरवासियों के मन की गंदगी का अभियान कौन चलाएगा। सफाई अभियान में योगदान देने वालों में सीएमएम सह प्रभारी सिटी मैनेजर राकेश कुमार सिंह, नाजिर रुनजय कुमार, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, लेखपाल रविकांत पटेल, डॉ. दीपक कुमार, जेई वृजलाल कुमार यादव, आशीष कुमार सिंह, अभिजीत दुबे, अजित गुप्ता, सुधांशु तिवारी, कर्मी विकास कुमार, उमेंद्र कुमार, राहुल कुमार, अवधेश कुमार, आदिल आलम, सिकंदर अली, धीरज गुप्ता, पूर्व वार्ड पार्षद अर्जुन गुप्ता इम्तियाज आलम सहित कोई लोग शामिल थे।

### शिविर में अबुआ सहित अन्य योजनाओं के मिले 450 आवेदन

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित हैदरनगर पश्चिमी पंचायत के लिये आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अबुआ आवास के 450, पशुधन, वृद्धापेंशन सहित अन्‍ योजनाओं के लिये कुल 384 आवेदन प्राप्त हुए है। इसमें अबुआ आवास के ही आवेदनों की संख्या 324 है। कार्यक्रम का उदघाटन अंचलाधिकारी विकास पांडेय, पंचायत समिति सदस्य फरहाना खातून व गुलशन आरा, सामाजिक कार्यकर्ता राजू खान, अशरफ खान व उपमुखिया बिगू खान ने उदघाटन की। इसके बाद संचालित शिविर में शामिल लोगों को सरकार से संचालित विभिन्न योजनाओं से संबधित मिलने की जानकारी दी गई। वहीं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ने पीडीएस से संबधित राशन कार्ड से नाम विलोपित करने व जोड़ने के मामले में ऑन स्पॉट 18 मामलों को निपटारा किया। प्रखंड कृषि पादाधिकारी ज्योति रंजन ने प्रखंड कार्यालय स्थित एटिक सेंटर से माध्यम क्षेत्र के किसानों को मिलने वाली कई योजनाओं व लाभ देने की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

#### शिक्षक का काम सिर्फ किताबी शिक्षा देना ही नहीं


## बच्चों को अनुशासित व संस्कारिक बनाना भी है : सोमा खंडैत

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** पंडित विंदेश्वर पांडेय मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा संचालित विश्रामपुर रेड रोज पब्लिक स्कूल में बुधवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कई कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्रामपुर नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सोमा खंडैत,विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,नप के प्रथम उपाध्यक्ष अजय बक्सराय व निदेशक राजन पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अतिथियों द्वारा देश के प्रथम उप राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित करते उन्हें नमन किया गया। सोमा खंडैत ने कहा कि शिक्षक का काम सिर्फ किताबी



शिक्षा देना ही नही बल्कि उन्हें अनुशासित व संस्कारिक बनाना भी होता है। बच्चों को व्यावहारिक और सामाजिक ज्ञान देना भी होता है। उन्होंने कहा कि आज रचनात्मकता के साथ शिक्षा जरूरी है। बच्चे उसे कितना अपने व्यवहार में लाते हैं,इस पर भी विद्यालय प्रबंधन,शिक्षकों व अभिभावकों को नजर रखना होगा। रामचंद्र यादव ने कहा कि एक विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक का महत्व ज्यादा है। बतौर शिक्षक सभी को अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करना होगा,तभी सभी लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है। निदेशक राजन पांडेय ने कहा कि दुनिया में गुरु से बड़ा कोई नही है। इसलिए शिष्यों को गुरु का आदर करते हुए अनुशासन में रहना चाहिए। उन्होंने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस दौरान स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया.स्कूल प्रबंधन द्वारा शिक्षकों -शिक्षिकाओं व अतिथियों को सम्मानित भी किया गया.मौके पर समाजसेवी विजय कुमार रवि, नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम, प्रभात कुमार, शिक्षिका पम्मी कुमारी, संध्या कुमारी, अदिति, पल्लवी, सबूना बानो, मोनू कुमार, मेघा कुमारी, सरीता कुमारी, सुशांत कुमार, रूद्र नारायण, ब्रजेश कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।



ईश्वर में हमारा विश्वास
सत्यमेव जयते
# राष्ट्रीय नवीन मेल
हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर
गुरुर ब्रह्मा गुरुर विष्णु गुरुर देवो महेश्वरः गुरुर साक्षात परम ब्रह्म तस्मै श्री गुरुवे नमः
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | भाद्रपद शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 05 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक- 322, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# सपनों की उड़ान प्रोजेक्ट से 150 बालिकाओं के हौसलों को लगे पंख

▸▸ डाक्टर, इंजीनियर बनने के लिए आर्थिक स्थति नहीं बनेगी बाधक : डीसी

▸▸ प्रयोग के तौर पर दो कस्तूरबा विद्यालयों में शुरू हुई सपनों की उड़ान प्रोजेक्ट



राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** झारखंड ही नहीं देशभर में पलामू जिला सुर्खियों में रहता है। कभी पिछड़ेपन, कभी पलायन और कभी नक्सलवाद के रूप में जिले की पहचान होती रही है। लेकिन इधर कुछ दिनों से पलामू की यह पहचान बदलने लगी है। फिलहाल पलामू सपनों की उड़ान प्रोजेक्ट को लेकर देशभर में गरीब संसाधन विहीन बालिकाओं के लिए वरदान बनकर उभरा है। जिसके तहत जिले के सुदूरवर्ती 150 बालिकाओं की हौसले को पंख लग गया है। इस प्रोजेक्ट की परिकल्पना पलामू के डीसी शशि रंजन ने की है। कहा जा रहा है कि अगर कोई आईएएस अधिकारी चाह ले, तब कुछ भी संभव है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पढ़ने वाली छात्राओं को इंजीनियरिंग और मेडिकल की कोचिंग की व्यवस्था हाईटेक प्रोफेशनल कोचिंग संस्थान से सुनिश्चित कराकर डीसी ने अपनी दूरदर्शिता का परिचय दिया है। जिले के सभी 12 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं का टेस्ट लेकर 75 छात्रों को इंजीनियरिंग में 75 छात्राओं को मेडिकल की तैयारी करना सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय कि इससे पूर्व आईएएस अधिकारी शशि रंजन ने खूंटी जिला में डीसी रहते हुए इस तरह की कोचिंग की व्यवस्था शुरू कराई थी। जिसके सकारात्मक परिणाम निकले हैं। इस बाबत डीसी शशि रंजन ने बताया कि जब वह पलामू आए, तब स्कूल की छात्राओं ने उनसे कहा कि वह भी इंजीनियर और डॉक्टर बनना चाहती हैं। मगर संसाधन नहीं है, इस कारण वे कोचिंग नहीं कर पा रही हैं और स्तरीय पढ़ाई नहीं हो पा रही है। डीसी बताते हैं कि उस दिन मुझे ऐसा लगा कि हमें कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए कुछ करना चाहिए। इसके बाद उन्होंने अपने स्तर से इसकी पहल शुरू कर इस सपनों की उड़ान प्रोजेक्ट को मूर्त रूप दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन बच्चियों की पढ़ाई में पैसों की कमी नहीं होने देंगे, जो पुस्तक व पठन-पठान की सामग्री चाहिए। उन्हें सब मिलेगा। यह प्रोजेक्ट आने वाले समय में भी जारी रहेगा। वह ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। नौडीहा, पांकी, छतरपुर, हुसैनाबाद और रामगढ़ समेत कई प्रखंडों के अति नक्सलवाद प्रभावित इलाकों की बालिकाओं का सपना अब सरकार होने वाला है। यह सब पलामू डीसी शशि रंजन की कुशल दूरदर्शिता के कारण संभव हो सका है।

### सपनों की उड़ान प्रोजेक्ट के हैं कई उद्देश्य

पलामू डीसी शशि रंजन की पहल पर सपनों की उड़ान प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना है। उनमें आत्मविश्वास पैदा करना है। सुदूरवर्ती बालिकाओं की सपनों को हकीकत में बदलना है। पलामू जिले में यह पहले चरण में सदर कस्तूरबा गांधी आवास के बालिका विद्यालय और चैनपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में शुरू किया गया है। सदर में गणित और चैनपुर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जाएगी।

### कोचिंग के लिए हायर किया गया है निजी संस्थान

कोचिंग के लिए निजी संस्थान को हायर किया गया है। पलामू डीसी द्वारा शुरू की गई सपनों की उड़ान प्रोजेक्ट को क्रियान्वित करने के लिए विधिपूर्वक जो प्रक्रिया हो सकती है, वह अपनी गई है। ताकि आने वाले दिनों में इन बालिकाओं को पठन-पाठन में कोई दिक्कत ना हो। डीसी शशि रंजन बताते हैं कोचिंग के लिए हाईटेक प्रोफेशनल कोचिंग इंस्टिट्यूट को हायर किया गया है। प्रक्रिया में कोई व्यवधान न पड़े। इसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई गई है।

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक छह सितंबर को

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद् की अगली बैठक 06 सितम्बर (शुक्रवार) को अपराह्न चार बजे से होगी। इस संबंध में बुधवार को मंत्रिमंडल सचिवालय नेआदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है। बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी।

### सचिवालय सेवा के पदाधिकारी 10 से 12 सितंबर तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ के पदाधिकारी अपनी लंबित मांगों को लेकर 10 सितंबर से 12 सितंबर तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इस संबंध में सचिवालय सेवा संघ रांची के महासचिव सिद्धार्थ शंकर बेसरा की ओर से राज्य के सभी अपर मुख्य सचिव सरकार के सभी प्रधान सचिव सरकार के सभी सचिव सभी विभाग अध्यक्षों को पत्र लिख कर जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा है कि सचिवालय सेवा स्वीकृत कार्यबल की तुलना में लगभग आधे कार्यबल और सीमित संसाधनों के बावजूद राज्य सरकार की नीतियों के नियम एवं सदैव निष्ठा पूर्व सक्रिय रहता है। लंबे समय से लंबित अपनी उचित मांगों को लेकर हमेशा राज्य सरकार के समक्ष रखा गया है लेकिन अभी तक यह मांग पूरी नहीं हुई है।

## आज | कल




# युवाओं की मौत के पीछे कोरोना टीके का दुष्प्रभाव संभव : हेमंत

▸▸ केंद्र ने कोरोना का ऐसा टीका लगवाया, जिससे चलते-फिरते मर रहे हैं लोग

▸▸ उत्पाद सिपाही बाहाली के लिए चल रहे दौड़ के दौरान 12 युवकों की मौत

▸▸ भाजपा ने कोरोना का टीका बनाने वाली कंपनियों से पैसा और चंदा वसूला

▸▸ लोगों को जबरन ऐसा टीका लगवाया, जो दुनिया के शेष हिस्सों में नहीं लगा



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उत्पाद सिपाही बाहाली के दौड़ के क्रम में 12 युवकों की मौत पर बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा के हमले पर जोरदार पलटवार करते हुए केंद्र सरकार के कोरोना टीकाकरण पर गंभीर सवाल खड़ा किया। दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय मंईयां सम्मान योजना को लेकर नामकुम के खोजाटोली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पांच जिलों के सात लाख माता-बहनों के खाते में पैसे ट्रांसफर करते हुए कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने कोरोना के दौरान देश में करोड़ों लोगों को ऐसा टीका लगवाया, जिसका दुष्प्रभाव साफ दिख रहा है। आज चलते-फिरते लोगों की मौत हो जा रही है। बुजुर्गों को तो छोड़िए, स्वस्थ युवा भी देखते-देखते मौत का शिकार हो रहे हैं। हमारे यहां कांस्टेबल बहाली के लिए चल रही दौड़ में कुछ युवाओं की जान चली गई है। हम इस मामले की जांच करवा रहे हैं। इसे लेकर विपक्ष के लोग हम पर आरोप लगा रहे हैं। लेकिन, मेरा मानना है कि इन युवाओं की मौत केवल दौड़ लगाने की वजह से नहीं हुई है। इसके पीछे कोरोना टीके का दुष्प्रभाव हो सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा, भाजपा ने कोरोना का टीका बनाने वाली कंपनियों से पैसा-चंदा वसूला और लोगों को जबरन ऐसा टीका लगवाया, जिसकी वजह से सर्दी-खांसी जैसी मामूली बीमारी में भी मौतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि हाल में हमारे एक सांसद की पत्नी का 28 साल की उम्र में मामूली बीमारी से निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों ने जो टीका दुनिया के बाकी हिस्सों में नहीं लगा, वह हमारे देश के लोगों को लगवाया। इन्होंने बड़ी चतुराई से इस दवा को पूरे दुनिया में बंद करने के नोटिस को दबा दिया। ये सब इन लोगों ने सिर्फ पैसा और चंदा तसीली के लिए किया। बता दें कि झारखंड के उत्पाद विभाग में कांस्टेबल के 583 पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रिया में दौड़ के दौरान 12 युवकों की मौत हुई है। इसे लेकर भाजपा हेमंत सोरेन सरकार पर हमलावर है। असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा ने 2 सितंबर को रांची में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इन मौतों के लिए हेमंत सोरेन सरकार को जिम्मेदार ठहराया था। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के करीब एक घंटे बाद ही सीएम हेमंत सोरेन ने कांस्टेबल बहाली के लिए दौड़ को तीन दिनों तक स्थगित करने की घोषणा की थी। उन्होंने मौत के कारणों व बहाली नियमावली की समीक्षा की भी बात कही थी।

**किस जिले में कितनी गई राशि**

| | |
|---|---|
| 33, 54,95,000 रुपये | रांची के लाभुकों के खाते में |
| 7,52,93,000 रुपये | खूंटी के लाभुकों के खाते में |
| 8,07,81,000 रुपये | लोहरदगा के लाभुकों के खाते में |
| 7,67,98,000 रुपये | सिमडेगा के लाभुकों के खाते में |
| 13,65,60,000 रुपये | गुमला के लाभुकों के खाते में |

# झारखंड : गिरिडीह में एफसीआई के गोदाम संचालक के ठिकानों पर सीबीआई की रेड

**रांची/गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह जिले में एफसीआई (फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया) के अनाज घोटाले की जांच कर रही सीबीआई ने बुधवार सुबह कांट्रेक्टर एवं गोदाम संचालक रामजी पांडे और संजय शर्मा के घरों में छापेमारी की है। इस दौरान भारी नकदी और कई दस्तावेजों की बरामदगी की सूचना मिल रही है। एजेंसी ने नोट गिनने वाली मशीन मंगवाई है। गिरिडीह जिले के सरिया में एफसीआई के गोदाम संचालन का ठेका लंबे समय से रामजी पांडे के पास था। आरोप है कि उन्होंने गोदाम से 16 हजार टन से भी ज्यादा अनाज की फर्जी कागजात के आधार पर निकासी की और उसकी कालाबाजारी की है। इससे निगम को करोड़ों रुपए की चपत लगी है। सीबीआई की टीम ने गिरिडीह के शास्त्रीनगर स्थित उनके आवास पर पहुंचकर तलाशी शुरू की है। एक अन्य गोदाम संचालक संजय शर्मा द्वारा भी इसी तरह की गड़बड़ी किए जाने की आशंका है। उनके आवास पर भी छापेमारी चल रही है। अनाज की हेराफेरी और कालाबाजारी का यह मामला एफसीआई की एक टीम द्वारा गोदामों के निरीक्षण के दौरान पकड़ में आया था। जांच आगे बढ़ी तो पता चला कि जनवितरण प्रणाली के तहत वितरण के लिए रखा गया हजारों टन अनाज फर्जी कागजात के आधार पर निकाला गया। इसके बाद एफसीआई ने इसकी जांच सीबीआई से कराने का निवेदन किया था। शुरूआती जांच के दौरान यह जानकारी सामने आई थी कि एफसीआई के गोदामों से निकाला गया अनाज बंगाल के राइस मिलों में पहुंचाया गया और फिर पॉलिश कर उसे बाजार में बेच दिया गया। इसमें जेएसएफसी (झारखंड स्टेट फूड कॉरपोरेशन) के कुछ अफसरों की भी मिलीभगत की आशंका है। एफसीआई ने सरिया में दस हजार टन क्षमता का गोदाम शास्त्रीनगर, गिरिडीह में रहने वाले रामजी पांडे से किराये पर लिया था। इसके संचालन की जिम्मेदारी भी उन्हें ही दी गई थी।

# जंगली हाथियों के झुंड ने 9 एकड़ में लगे मकई की फसल रौंदा

● दो घरों को किया क्षतिग्रस्त

● ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों से दहशत

● मशाल जलाकर घर व खेत की ग्रामीण कर रहे रक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत जंगली हाथियों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। बीते कुछ दिन पहले कई घरों को क्षतिग्रस्त कर खेतों में लगे किसानों का फसल को नष्ट कर दिया था। बुधवार को प्रखंड क्षेत्र के कोमर ग्राम में लगभग 9 एकड़ में लगे मकई की फसल को हाथियों ने रौंड डाला। हाथियों के झुंड ग्रामीण पूरन भुइयां, चिंता देवी के घर को क्षतिग्रस्त कर घर में रखे अनाज और कीमती सामान को बर्बाद कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी लगभग 25 के संख्या में है, जो रात होते ही जंगल से सेट गांव में प्रवेश कर फसल को नुकसान कर घर भी तोड़ दे रहे हैं। हाथियों के आतंक से ग्रामीण बहुत ही दहशत में हैं। ग्रामीण वन विभाग से इन जंगली हाथियों से निजात के लिए निरंतर मांग कर रहे हैं। बता दें कि जंगली हाथी पिछले चार सालों से बालूमाथ रेंज अंतर्गत भ्रमणशील रह रहे हैं। खास कर फसल के दिनों में जंगली हाथी इस क्षेत्र में प्रवेश करते हैं और ग्रामीणों को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। बीते वर्ष कई ग्रामीणों की जान जंगली हाथियों ने ले ली थी। जंगली हाथियों को भगाने के लिए ग्रामीण जान हथेली पर रख निरंतर मशाल जला कर अपनी खेतों व घर की रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं। रेंजर नंदकुमार महतो ने ग्रामीणों से अपील की कि जंगली हाथियों के निकट नहीं जाएं। वन विभाग जल्द ही इन जंगली हाथियों से निजात दिलाने की कोशिश कर रहा है। ग्रामीणों को जो भी क्षतिपूर्ति हुई है उन्हें सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा के रूप में दिया जाएगा।

# गुरु द्रोण की भूमिका निभा रहे शिक्षक परशुराम तिवारी

**शिक्षक दिवस पर विशेष**

राणा

**मेदिनीनगर।** प्राचीन काल से ही गुरू को विशेष दर्जा प्राप्त है। मगर समय के साथ साथ समाज में आई गिरावट के कारण गुरू की प्रतिष्ठा पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। बावजूद इसके कई ऐसे गुरू हैं जो अपनी ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के बदौलत समाज में अपनी अलग पहचान बना कर गुरु द्रोण की भूमिका निभा रहे हैं। कुछ इसी तरह के व्यक्तित्व के धनी हैं रजवाडीह मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी जो अपनी कर्मठता दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण अपने स्कूल में ही नहीं बल्कि पूरे जिले के शिक्षक समुदाय के बीच अग्रिम पंक्ति में खड़ा मिलते हैं। प्रधानाध्यापक होते हुए भी उनमें जरा सा भी घमंड नहीं है। सबसे पहले विद्यालय पहुंचते हैं। आठवीं क्लास के कमजोर बच्चों को विद्यालय शुरू होने से पहले पढ़ा चुके होते हैं ,तब विद्यालय में प्रार्थना व असेंबली का कार्यक्रम होता है । उनकी खासियत है कि



अमीर और गरीब में फर्क ना समझते हुए भी गरीब से गरीब बच्चा को भी गोद में उठाकर पुचकारते हैं। जो छात्र स्कूल नहीं आता है उन्हें स्कूल तक लाने की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी उठाते हैं। प्रतिदिन स्कूल में प्रार्थना के समय वे उन बच्चों को चिन्हित करते हैं जो विद्यालय में लगातार अनुपस्थित रह रहते हैं इसके बाद वे नियमित उनको विद्यालय लाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं । रविवार के दिन सभी टोला गांव के अभिभावक घर में ही मिल जाते हैं, इसलिए वे रविवार को विशेष अभियान चलाते हैं। विद्यालय नहीं आने वाले छात्र-छात्राओं के घर पहुंचकर वह उनके माता-पिता को विद्यालय भेजने के लिए मोटिवेट करते हैं। इसमें बहुत हद तक सफल भी हैं। 152 बच्चों वाले इस स्कूल में प्रतिदिन 70 प्रतिशत से ऊपर छात्रों की उपस्थिति रहती है। जाड़ा ,गर्मी व बरसात सभी समय में वे बच्चों का विशेष ख्याल रखते हैं। बच्चों की दवा दारू और उन्हें छात्रवृत्ति दिलाने के लिए यह कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। कई बार बारिश के दिनों में अपनी छतरी में बच्चों को घर तक छोड़ते हैं । यह देख दूसरे शिक्षक इनसे ईर्ष्या करते हैं, वे बताते हैं कई बार उन्हें उलाहना सुनना पड़ता है। बावजूद इसके वे किसी का परवाह नहीं करते हैं और वह बच्चों को विद्यालय आने के लिए अपनी जो रूटीन यात्रा है। वे बताते हैं कई बार अभिभावक समझने को तैयार नहीं होता है। वह कहते हैं बेटी है, क्या पढ़कर करेगी। मगर काफी समझाने बुझाने के बाद वे स्कूल भेजने पर तैयार हो जाते हैं। शिक्षक परशुराम तिवारी ने बताया कि शिक्षकों को अपने दायित्व के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्हें छात्रों के भविष्य संवारने में अपनी उर्जा लगानी चाहिए।

# देश में और मजबूत होगा हाईवे नेटवर्क, बनेंगी 74 नई सुरंगें

**नई दिल्ली।** देश में हाईवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने आने वाले वर्षों में 74 नई सुरंगें बनाने का फैसला किया है। इन प्रोजेक्ट्स की अनुमानित लागत करीब एक लाख करोड़ रुपये है। सरकार की ओर से 15,000 करोड़ रुपये की लागत से 49 किलोमीटर लंबी 35 सुरंगें पहले ही बनाई जा चुकी हैं। अब सरकार 273 किलोमीटर की नई सुरंगें बनाने की तैयार कर रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि बीते कुछ वर्षों में देश में सुरंगों का नेटवर्क काफी मजबूत हुआ है। मौजूदा समय में 40,000 करोड़ रुपये की लागत से 134 किलोमीटर लंबी 69 के करीब सुरंगें बन रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी में फिक्की के टनलिंग इंडिया कॉन्फ्रेंस में मंत्री की ओर से कहा गया कि सरकार भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़कों पर नागरिकों की सुरक्षा सबसे पहली प्राथमिकता है। वर्षा, भूस्खलन और बाढ़ से सड़कों को बचाने के लिए लागत प्रभावी स्थायी समाधान की जरूरत है। सरकार की ओर से काम की गुणवत्ता को सुधारने के लिए सुरंग और डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट्स (डीपीआर) बनाने के लिए बनाए गए ज्वाइंट वेंचर में 51 प्रतिशत विदेशी हिस्सेदारी की अनुमति दी है। गडकरी ने कहा, हमें ऐसे समाधान तलाशने होंगे जिसमें गुणवत्ता के साथ समझौता किए बिना अच्छी तकनीक हो और लागत प्रभावी भी हो। सरकार का फोकस लगातार हाईवे नेटवर्क को मजबूत करना है। मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अरुणाचल प्रदेश में सेला सुरंग का उद्घाटन किया था।

# इंडिया | शिक्षकों की यात्रा गुरु से सेवा प्रदाता तक



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

प्राचीन भारत में शिक्षक को गुरु यानी राह दिखाने वाला माना जाता था और इसलिए गोविंद यानी ईश्वर से भी ऊपर उनका स्थान बताया गया था जो ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग बताते थे। गुरु और शिष्य की परंपरा एक संस्कार की तरह थी जिसमें से योग्य नागरिक या राजा निकलते थे। गुरुकुल में कृष्ण और सुदामा एक साथ पढ़ते थे वहां कोई राजा या कोई दरिद्र नहीं था। धीरे धीरे भारत में आक्रमणकारी आए और यहां की सभ्यता संस्कृति के ताने बाने को नष्ट कर दिया। पश्चिमी और पूर्वी सभ्यता में भी मौलिक अंतर भावना का था। शिक्षक बिना किसी भेदभाव के पढ़ाने को अपना धर्म समझते थे पर जैसे जैसे राजा और प्रजा में अंतर आता गया वैसे वैसे दोनों की शिक्षा बदलती चली गई। भेदभाव का यह अंतर अंग्रेजों के राजकाज में सबसे ज्यादा बढ़ा और एक स्पष्ट सीमारेखा सी खींच दी गई। भारत की आजादी के बाद सत्ता पक्ष और धनाढ्य वर्ग अधिक से अधिक पैसे खर्च कर सबसे अच्छे शिक्षकों की सेवा लेने लगा जबकि आम आदमी सरकारी या कम पैसे में काम करने वाले शिक्षकों के पास बच्चों को पढ़ाने को अपनी कमजोरी मन बैठा। यहां से एक वर्ग संघर्ष और पैसे कमाने के लिए कोई भी रास्ता अपनाने की होड़ मच गई जिससे



समाज में भ्रष्टाचार बढ़ा। आज यह खाई इतनी बड़ी हो गई है कि समाज में बड़े अंग्रेजी स्कूलों और श्रेष्ठ संस्थानों में पढ़े और हिंदी माध्यम से पढ़े लोगों के बीच एक दूसरे के प्रति अविश्वास और भय बना हुआ रहता है या बहुत हद तक घृणा का भाव आ गया है। श्रेष्ठ शिक्षक जो कभी गुरु थे अब पैसे लेकर सेवा देने वाले सेवा प्रदाता बनते जा रहे हैं जिससे उनके अंदर भी पैसे की भूख बढ़ी है दूसरी ओर विद्यार्थी जो पहले उनके पैर छूता था अब पश्चिमी देशों की तरह साथ में पार्टी मनाने का ऑफर कर रहा है। यह इस परंपरा और मूल्यों वाले देश के घातक है। सरकारें समान शिक्षा व्यवस्था के नाम पर पाठ्यक्रम तक समान नहीं कर पास रही है। पब्लिक स्कूलों की किताबें और सरकारी स्कूलों की किताबें तक अलग हैं। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी कितनी कारगर हो पाएगी और केंद्रीय सरकार देश भर में फैले शिक्षा माफिया के सामने कितनी मजबूती से टिक पाएगी यह देखना शेष है। अभी कमजोर पड़ती सरकारी शिक्षा व्यवस्था और जड़ें जमाती कोचिंग और निजी शिक्षा में अंतर सिर्फ खर्च या गुणवत्ता का नहीं है बल्कि माहौल का है। सरकारी शिक्षण संस्थान आलाभकारी होने के कारण भारत की शिक्षा की मूल अवधारणा शिक्षा दान पर आधारित थे जबकि निजी संस्थान लाभकारी व्यवसाय की अवधारणा पर आधारित होने के कारण श्रेष्ठता का प्रयास तो करते ही हैं पर उनका लक्ष्य सिर्फ लाभ कमाना होने के कारण सेवा प्रदाता बन जाते हैं जिससे संस्थान रिजल्ट तो अच्छा देते हैं पर शिक्षकों का वह सम्मान नहीं रह पाता जो कभी गुरु का हुआ करता था।

# भाजपा ने शिबू व हेमंत के खिलाफ एफआइआर के लिए थाने में दिया आवेदन

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा ने झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा सोशल मीडिया प्रभारी और आईटी सेल के प्रभारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए बुधवार को अरगोड़ा थाने में आवेदन दिया है। इसे लेकर भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व मे एक प्रतिनिधिमंडल अरगोड़ा थाना पहुंचा और प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया। इस बाबत, सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि 23 अगस्त को भाजपा युवा मोर्चा की रैली मोरहाबादी मैदान में थी और उसी दिन दो बजकर पैंतीस मिनट पर झामुमो के अधिकारिक ट्विट्टर (एक्स) से एक पुलिस कर्मी के पीठ पर जूता का निशान का फोटो पोस्ट किया और लिख दिया की भाजपा के लोगों ने उक्त पुलिस को पीटा है। जब उस पोस्ट पर हल्ला मचा कि यह झारखंड पुलिस का नहीं है और घटना भी झारखंड में नहीं घटी है तब झामुमो ने उस पोस्ट को हटा दिया। तब तक हजारों लोगो ने उसको देखा और वायरल किया और इससे भाजपा और झारखंड के मान सम्मान को ठेस पहुंची। जब फोटो की पड़ताल की गयी तो पता चला की यह फोटो महाराष्ट्र का है जब मराठा आंदोलन के दौरान नांदेड एक्सप्रेस वे पर आंदोलनकारियों और पुलिस में भिडंत हुई थी। यह फोटो झामुमो की ओर से जान-बूझकर पुलिस को उकसाने के लिए पोस्ट किया गया और हुआ भी वही। कुछ पुलिसवालों ने उस फोटो के कारण और कुछ सरकार के आदेश पर भाजपा कार्यकर्ता को खूब पिटा। उस समय दर्जनों भाजपा के कार्यकर्ता अस्पताल मे इलाज के लिए भर्ती हुए थे। किसी राजनीतिक पार्टी की अधिकारिक वेब साइट सीधे सीधे प्रदेश अध्यक्ष और कार्य कारी अध्यक्ष के कमान में रहती है और अध्यक्ष और कार्य कारी अध्यक्ष के आदेश पर सोशल मीडिया प्रभारी और आई टी सेल प्रभारी पोस्ट को अपलोड करते हैं। इससे आहत होकर एस सी मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी संतोष कुमार राम ने आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज की मांग की है।

## एक नजर

### मानवाधिकार आयोग की टीम ने सीएस को सम्मानित



**मेदिनीनगर।** मानवाधिकार आयोग पलामू बोर्ड के जिला अध्यक्ष संध्या देवी के नेतृत्व में बुधवार उत्पाद सिपाही भर्ती दौड़ में बेहोश अभ्यर्थियों का उचित इलाज व व्यवस्था करने के लिए पलामू के सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह को उनके कार्यालय कक्ष में सम्मानित किया। मौके पर संध्या देवी ने कहा कि 10 किमी लंबी दौड़ के दौरान धूप व गर्मी के कारण अभ्यर्थियों की मौत दुःखद है। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि एक कंट्रोल रूम की व्यवस्था की जा रही है जो प्रशासन देख देख करगी। सभी वार्ड में वेड बढ़ाया जा रह है। साथ ही सीसीटीवी भी सभी वार्ड में लगाया जायेगा, ताकि चोरी और मरीजों से अभद्रता पर लगाम लगाया जा सके। पुरूष व महिलाओं के लिए सुलभ शौचालय निर्माण की भी व्यवस्था की बात कही। मौके पर ज्वाइंट सेक्रेटरी किरण कुमारी, कोआर्डिनेटर शीला कुजूर, अंकित कुमार कश्यप सहित अन्य मौजूद थे।

## उपायुक्त ने पीसी व पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

# अल्ट्रासाउंड केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें : उपायुक्त

**अल्ट्रासाउंड क्लीनिक एक्ट का उल्लंघन नही करें**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में पीसी व पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लीनिक की जानकारी ली। उपायुक्त ने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिंग प्रशिक्षण करने वाले अल्ट्रा साउंड केंद्रों का सीधे तौर पर लाइसेंस रद्द करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीसी ने कहा कि अल्ट्रासाउण्ड क्लीनिक में भ्रुण जांच करना और कराना दोनों अपराध है।



### कन्या भ्रूण हत्या रोकने को लेकर लोगों से अपील

कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए उपायुक्त ने पलामू वासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में प्रसव से पहले लिंग प्रशिक्षण किया जा रहा है। या कन्या भ्रूण हत्या की जा रही है तो इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन को दें। जिससे समय पर कार्रवाई की जा सके। बैठक में उपरोक्त के अलावे जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. असीम, पीसी व पीसीपीएनडीटी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

### खराब मशीन को रिप्लेस किया जायेगा

पीसीपीएनडीटी एक्ट की समीक्षा के दौरान उपायुक्त शशि रंजन ने सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक के लिंग प्रशिक्षण का अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिए गठित जिला स्तरीय टीम को नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया। बैठक में पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देशों का अनुपालन की भी समीक्षा की गयी। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिहं ने उपायुक्त को बताया कि कुछ अल्ट्रासाउंड सेंटरों द्वारा खराब मशीन को रिप्लेसमेंट कर नये मशीन के क्रय की अनुमति के लिए आवेदन दिया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य कई निर्णय लिये गये।

## सूचना जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक पहुंचे राष्ट्रीय नवीन मेल प्रेस कार्यालय

# अखबार का ले आउट, अन्य आवरण व खबरों की प्रस्तुति बेहतर: संजीव कुजूर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर। जिला** सूचना जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक संजीव कुजूर बुधवार को राष्ट्रीय नवीन मेल के रांची रोड रेड़मा प्रेस कार्यालय में स्थानीय संपादक राणा अरूण सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान अखबार के निरंतर प्रकाशन सहित अखबार की समसामायिक विषयों पर गंभीरता से चर्चा की। उपनिदेशक ने राष्ट्रीय नवीन मेल के कार्यालय परिसर का भी अवलोकन किया। इस दौरान अखबार का मशीन रूम, संपादकीय कक्ष, रिर्पोटरों का कक्ष आदि का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में राष्ट्रीय नवीन मेल भी रांची से प्रकाशित सभी राष्ट्रीय व क्षेत्रीय अखबारों की तरह ही अच्छी प्रस्तुति दे रहा है। अखबार का प्रथम पृष्ठ का ले आउट शानदार रहता है। इसमें सबसे अच्छा यह लगता है कि प्रथम पृष्ठ पर ही प्रमंडल की प्रमुख घटनाओं को विस्तार से स्थान दिया जाता है। वर्तमान समय में अन्य अखबारों में प्रमुख खबरों को भी एक निर्धारित शब्द सीमा प्रकाशित किया जाता है। जबकि राष्ट्रीय नवीन मेल में प्रमुख खबरों को पूरे विस्तार से स्थान दिया जाता है। यही कारण है कि इस अखबार को पढ़ने की रूचि स्थानीय पाठकों में ज्यादा रहती है। राष्ट्रीय नवीन मेल का पृष्ट सज्जा सहित अन्य आवरण काफी बेहतर है। मौके पर प्रमंडलीय जनसंपर्क कार्यालय के कर्मी अरूण कुमार भी मौजूद थे।



# मंजूलता बनी प्रदेश प्रवक्ता

### कल्याणी पांडेय बनी पलामू प्रमंडल भाजपा महिला मोर्चा की प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह ने लातेहार जिला की कल्याणी पांडेय को पलामू प्रमंडलीय प्रभारी व पांकी निवासी मंजूलता दुबे को प्रदेश प्रवक्ता बनाया है। दोनों मनोनयन पर भाजपा महिला मोर्चा पलामू जिलाध्यक्ष रीना किशोर ने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति अभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कल्याणी पांडेय कुशल संगठनकर्ता रही हैं। उनके निर्देश व मार्गदर्शन में पलामू जिला महिला मोर्चा सशक्त रूप से अपनी जवाबदेही व जिम्मेवारी सक्षमता से कम करेगी। बधाई देने वालों में रूपा सिंह, लवली गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष सीटू गुप्ता, अनीता देवी, मधुलता सिंह, मंजू गुप्ता, रेनू देवी, चंदा देवी, सुजाता सिंह, मनोरमा देवी, किरण अग्रवाल, संगीता देवी, बबिता देवी, कविता देवी के नाम शामिल हैं।



कल्याणी पांडेय

# छात्रा ने सेविका पर लगाया अवैध वसूली का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सेमरा पंचायत के टोला लोहरसिमी निवासी सुहानी कुमारी ने गांव के ही आंगनबाड़ी सेविका किरण देवी पर गंभीर आरोप लगाते हुए उपायुक्त व ज़िला समाज कल्याण पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिया।सुहानी कुमारी ने बताया कि लोहरसिमि आंगनबाड़ी सेविका किरण देवी ने सावित्री बाई फूले समृद्धि योजना का फॉर्म जमा करने में हम से प्रति फॉर्म पर तीन सौ रुपया व हमारी छोटी बहन अनुष्का कुमारी से मांग किया और पैसा नहीं देने पर हमारा फॉर्म जमा नहीं करने का धमकी देने लगीं जिसे देखते हुए हमने लिखित आवेदन वरीय अधिकारी को देने का निर्णय लिया और बुधवार को उपायुक्त व ज़िला समाज कल्याण अधिकारी से मिलकर लिखित आवेदन दिया जिसपर उन्होंने कहा कि लिखित आवेदन मिला है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## डॉ. दुर्गानंद झा ने सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में छात्राओं को पढ़ाई हिंदी व्याकरण

# छात्र-छात्राओं को नियमित होमवर्क दें शिक्षक : डीईओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में शैक्षिक माहौल को बेहतर बनाने में शिक्षकों के साथ पदाधिकारी भी जुट जाएं तो फिर पठन-पाठन का स्तर अपग्रेड होने से कोई नहीं रोक सकता है। जिले में भी कई ऐसे अधिकारी हैं, जो शैक्षणिक स्तर को सुधारने में लगे हुए हैं। इनमें एक नाम जिले के डीईओ डॉ. दुर्गानंद झा का भी है, जो निरंतर विद्यालय में निरीक्षण के दौरान कक्षा का संचालन करते हैं। बुधवार को वे बालिका सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में कक्षा 6 की छात्राओं को व्याकरण की विशेषता बताई। उन्होंने स्वर और व्यंजन से लेकर कई विषयों को पढ़ाने का काम किया। सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस जिला स्कूल में दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विलोम, पर्यायवाची और संधि विच्छेद के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों से कई प्रश्न भी पूछे। दसवीं का छात्र सत्कार और सज्जन का विलोम नहीं बता सका। वहीं स्वागत का संधि विच्छेद कर दिखाए। डीईओ ने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को होमवर्क दें। उसे नियमित चेक करें। यह काम शिक्षक नियमित करें। इसके अच्छे और सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। जो स्कूल में शैक्षिक माहौल को और बेहतर बनाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूल का मुकाबला प्राइवेट शैक्षिक संस्थान से है। ऐसे में शिक्षकों को कठिन परिश्रम करने की जरूरत है। मौके पर डीएसई संदीप कुमार व स्कूल के प्राचार्य रोहित तिवारी मौजूद थे।



# एमएमसीएच में तैनात पुलिसकर्मी कर रहे बिना हथियार के ड्यूटी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीराय।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कार्यरत डॉक्टर तथा स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी बिना हथियार के ड्यूटी दे रहे हैं। वहीं पुलिसकर्मियों की तैनाती डॉक्टर के ओपीडी चैंबर और इमरजेंसी के दौरान इमरजेंसी चैंबर में की गई थी, परंतु वह ज्यादातर समय चैंबर से बाहर काट रहे हैं। इस बाबत पूछताछ करने पर पुलिसकर्मियों का कहना है कि वे शुरू में डॉक्टर चैंबर में ही ड्यूटी लगाई गई थी, लेकिन अस्पताल प्रशासन द्वारा डॉक्टर चैंबर के बाहर ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया है। बताते चलें कि कोलकाता के आईजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुए दुष्कर्म और हत्या तथा कुछ दिनों पूर्व ड्यूटी में तैनात जूनियर रेजिडेंट से दुर्व्यवहार के बाद एमएमसीएच अस्पताल प्रशासन द्वारा सुरक्षा हेतु उपायुक्त से पुलिस जवानों की मांग की गई थी। इसके बाद अस्पताल में 12-12 घंटे की शिफ्ट में दो-दो राइफल धारी जवान सुरक्षा में तैनात किए गए थे। लेकिन इमरजेंसी के वक्त भी राइफलधारी पुलिसकर्मी ड्रेसिंग रूम के नजदीक खाली हाथ ड्यूटी करते हैं। ऐसे में वे अस्पताल कर्मियों की सुरक्षा किस प्रकार कर पाएंगे यह सोचनीय विषय है। रात के वक्त अस्पताल में महिला जूनियर रेजिडेंट में अपनी सेवा देती है। एमएमसीएच मे सुरक्षा में तैनात पुलिस जवानों की जवाबदेही और भी बढ़ जाती है। कुछ दिनों पूर्व महिला नर्स के हाथ मरोड़ने तथा उसे धमकी देने के आरोप में तीन अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों को निलंबित किया गया था।

### पुलिसकर्मियों को हथियार लेकर सुरक्षा देनी चाहिए

इस बाबत पूछताछ करने पर अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर आर.के रंजन ने बताया कि पुलिसकर्मियों को हथियार लेकर सुरक्षा देनी चाहिए। अगर वह ऐसा नहीं कर रहे हैं तो अधिकारी की कुछ बता सकते हैं। उन्हें बाहर ड्यूटी करने को इसलिए कहा गया था क्योंकि कई महिला डॉक्टर भी अपनी सेवा देती है और वह बाहर ड्यूटी देंगे तभी मरीज तथा उनके परिजनों को व्यवस्थित ढंग से रख पाएंगे।

# ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एंटी वाहन चेकिंग अभियान के तहत रेड़मा चौक, कचहरी व छहमुहान पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों का सघन जांच की गई। जांच के दौरान दो पहिया वाहन चालकों को ट्रिपल लोड, हेलमेट, वाहन का कागजात आदि का जांच किया गया। इसी तरह चार पहिया वाहनों के डिक्की, चालक सीट बेल्ट बांधा है या नहीं की जांच की गई। जांच के क्रम में नियम विरूद्ध वाहन चलाने वाले दो पहिया, चापहिया व ऑटों चालकों के वाहन को जब्त कर फाईन के लिए डीटीओ कार्यालय व सीजेएम कार्यालय भेज दिया गया है। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि 11 मोटरसाइकिल को परिवहन कार्यालय में फाइन के लिए भेजा गया है। 02 टेंपो व 02 ई रिक्शा का चालान सीजीएम कार्यालय भेजा गया। परिवहन कार्यालय से 04 टेंपो का चलान फाइन राशि 6,600, 07 मोटरसाइकिल गाड़ी का चलान फाइन राशि 7,150, दो कार का ऑनलाइन चालान फाइन राशि 2300 रुपया काटा गया। सीजीएम कार्यालय से 07 मोटरसाइकिल गाड़ियों का चालान फाइन राशि 7,150 रुपया वसूला गया। सीजीएम से 07 मोटरसाइकिलों का चलान फाइन राशि 29,000 हजार रुपया वसूला गया। कुल फाइन राशि चलान 45,050 रुपया वसूला गया है।

## सकारात्मक पहल | जनता दरबार में कई मामलों का ऑन द स्पॉट निपटारा

# दिव्यांग निसार अहमद को मिला ट्राई साइकिल

**आये थे ट्राईसाईकिल मांगने डीसी साहब ने ट्राईसाईकिल के साथ ही भोजन भी खिलाया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए दर्जनों फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई एवं उसके निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में हैदरनगर के करीमडीह से आये वृद्ध नागरिक निसार अहमद ने उपायुक्त से आवागमन हेतु ट्राईसाईकिल की मांग की,उन्होंने बताया कि वह दिव्यांग है जिसके कारण चलने- फिरने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अतः उन्हें ट्राईसाईकिल दिया जाए। इसपर उपायुक्त ने समाज कल्याण पदाधिकारी को ट्राईसाईकिल देने का निर्देश किया। इसके पश्चात निसार अहमद को ऑन स्पॉट ट्राईसाईकिल प्रदान किया गया। इसके पूर्व जब उपायुक्त के संज्ञान में आया कि वह हैदरनगर से आये हैं इसपर उन्होंने उनके लिए खाने का भी प्रबंध किया। मौके पर श्री अहमद ने कहा कि आये थे ट्राईसाईकिल मांगने डीसी साहब ने ट्राईसाईकिल के साथ ही भोजन भी खिलाया उनको बहुत-बहुत धन्यवाद।



# थाना प्रभारी ने छात्राओं को पढ़ाया नैतिक शिक्षा का पाठ

कस्तूरबा गांधी प्लस टू आवासीय विद्यालय पदमा मनातू की वार्डन अनिमा कुमारी एवं थाना प्रभारी निर्मल उरांव के बीच नारी सुरक्षा संबंधी एक समन्वय बैठक की गई। नारी सुरक्षा को लेकर विद्यालय में सुरक्षा संबंधी ऑडिट तथा कई बिंदुओं पर जांच एवं विचार झविमर्श भी किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से विद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक शिक्षिकाओं कर्मचारी तथा थाना में प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारी के मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान, विद्यालय में चार दिवारी की जांच सामाजिक तत्वों के जमाने के संबंध में वातालर्पिउक्त बिंदुओं गहन विचार के बाद थाना प्रभारी ने विद्यालय की छात्राओं को विज्ञान एवं गणित विषय का पाठ पढ़ाया। साथ ही बच्चियों को नारी सुरक्षा संबंधी जानकारी एवं नैतिक शिक्षा के मूल्यों के विषय में भी बताया।




## न्यूज | बॉक्स

### शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा करने पुलिस पहुंची जनता के द्वार



**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत पुलिस विभाग के मामलों को हल करने के लिए पहले चरण में जिले के पांच स्थानों पर शिविर लगाने का निर्णय लिया है। यह जानकारी बुधवार को जिले के पुलिस कप्तान रीष्मा रमेशन ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में आम नागरीकों से प्राप्त लिखित व मौखिक समस्याओं पर जिले के प्रखंड कार्यालय, ओपी शाखा से संपर्क स्थापित कर आम नागरीकों के शिकायतों व समस्याओं का त्वरीत निष्पादन किया जायेगा। जो लोग शिविर में नहीं पहुंच पाएंगे वह 9122439779 वाट्सएप, ई मेल आईडी पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकतें हैं। पांच सितंबर को हुसैनाबाद अनुमंडल के टॉउन हॉल में, छतरपुर अनुमंडल अंतर्गत पंचायत व नगर परिषद स्तर पर आयोजित कार्यक्रम छतरपुर थाना के राजकीय कृत प्लस टू स्कूल में शिविर लगाया जायेगा। छह सितंबर को लेस्लीगंज अनुमंडल अंतर्गत पंचायत धावाडीह पंचायत भवन में, विश्रामपुर अनुमंडल अंतर्गत पंचायत व नगर परिषद स्तर पर जनता उच्च विद्यालय विश्रामपुर में, सात सितंबर को सदर अनुमंडल अंतर्गत पंचायत, वार्ड स्तर पर आयोजित शिविर शहर थाना क्षेत्र के बेलवाटिका स्थित मेमोरियल हॉल में शिविर लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भी आगामी 10 सितंबर 11 बजे दिन में एसपी कार्यालय व डीएसपी स्तर के पदाधिकारी व अन्य पदाधिकारी शिकायतों की जांच करेंगे। वहां भी भी लोग अपनी समस्याएं रख सकते हैं।

### ऑक्सफोर्ड में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छाया चित्र पर माल्यार्पण किया। प्राचार्य व शिक्षकों द्वारा केक काटकर समस्त विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। स्वागत गीत के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत हुई। रिदम सिंह, कनिका गायकवाड एवं अनम द्वारा एकल नृत्य प्रस्तुत किया गया। कक्षा पंचम, षष्टम, सप्तम, अष्टम, एकादश व द्वादश के छात्राओं द्वारा आकर्षक सामूहिक नृत्य ने मन मोह लिया। कक्षा द्वितीय के छात्रों द्वारा संगीत ने सबको अभिभूत किया। आयुष ग्यारहवीं व खुशी कुमारी दसवीं ने हिन्दी में शिक्षकों के प्रति अपना अभिमत व्यक्त किया। आकृति कुमारी द्वारा अंग्रेजी में शिक्षक दिवस विषय पर अपना विचार प्रस्तुत किया। एकल गीत में सातवीं की अपर्णा ने शानदार प्रदर्शन किया। शिष्यम ने हिन्दी कविता द्वारा छात्रों व शिक्षकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। शिक्षक दिलीप मिश्रा ने शिक्षक के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षकों के लिए कुर्सी दौड़, मिमिक्री (अनुहरण) व छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वरिष्ठ विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकों की भूमिका में प्रथम कालांश तक कक्षा संचालन किया गया। छात्रों द्वारा शिक्षकों को विभिन्न नामकरण द्वारा विभूषित किया गया। मौके पर प्राचार्य ने विद्यालय के सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से अपने राष्ट्र का भविष्य बेहतर बना सकते हैं। विद्यार्थी देश के भावी निमार्ता होते हैं। समुचित शिक्षा और संस्कार ही राष्ट्र को श्रेष्ठ बनाएगी। पुनः राष्ट्रगुरु बनने के भारत के सपने को साकार करना होगा। ग्यारहवीं के छात्राओं ने धन्यवाद नृत्य प्रस्तुत कर शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### झारखंड आन्दोलनकारी संघर्ष मोर्चा 10 को मशाल जुलूस निकालेगा, 11 को झारखंड बंद का आवाह्न

**मेदनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा का पलामू प्रमंडलीय बैठक विकेश शुक्ला की अध्यक्षता में हुई। जन संग्राम मोर्चा संस्थापक व गढ़वा जिला अध्यक्ष अशोक पाल, पलामू जिला अध्यक्ष वृज नन्दन मेहता, झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक वह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुधन कुमार शत्रु ने झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के 10 के मशाल जुलूस व 11 के झारखण्ड बंद का पूर्ण समर्थन किया। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने बंद के समर्थन करनेवाले क्रांतिकारी जन संगठनों का स्वागत किया। उन्होने कहा कि आंदोलनकारियों ने लड़ाई लड़ कर राज्य बनाया हैं। झारखण्ड की सरकार आन्दोलनकारियों के साथ लगातार धोखाधड़ी की है। नये उलगुलान की शुरूआत 11 सितंबर को झारखंड बंद से आरंभ होगा। प्रमंडलीय अध्यक्ष विकेश शुक्ला ने कहा कि आन्दोलनकारियों को जेल जाने की बाध्यता को समाप्त कर सभी आन्दोलनकारी को 50-50 हजार पेंशन सरकार दे। चन्द्रधन मेहता ने कहा कि बंद में एक-एक आन्दोलनकारी सड़क पर उतर कर कार्यक्रम को सफल बनाये। शत्रुधन कुमार शत्रु ने कहा कि झारखण्ड आन्दोलनकारी की मांग जायज है। उनका संगठन बंद का समर्थन करेगी। बैठक में अर्जुन यादव, प्रदीप सिन्हा, बलराम उरांव, दीना, राजेश्वर प्रजापति, गणेश रवि, अशोक पाल, भर्दुल भुइयां, प्रमोद सोनी, पृथ्वी नाथ मेहता, राम प्रेम महतो, तुलसी शुक्ला, नन्द किशोर विश्वकर्मा, राम सुरत मेहता, प्रमुख महतो, नंदलाल प्रसाद मेहता, विमलेश राम, लालदेव राम, संतन मेहता, विंदेशवर महतो, महताब उल्ला, विराम सिंह, विजय पासवान, बिलंगना किंडो, ललिता देवी मौजूद थे।

### हिंदी आत्मिक भावनाएं उद्धत करने का सशक्त माध्यम : दिनेश शुक्ला

**मेदिनीनगर।** पावर ग्रिड कॉपरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड डालटनगंज उपकेंद्र में हिंदी दिवस पखवाड़ा के अवसर पर हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हिंदी विषय में व्याख्यान देने के लिए राज्य मास्टर प्रशिक्षक सह पोलपोल स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए पावर ग्रिड कॉपरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के डीजीएम चंदन मुखोपाध्याय ने कहा कि शिक्षक ही एक महान शख्सियत होता है, जो समाज को ज्ञान के बदौलत समाज व देश को विकासोउन्मुख बनाते हैं। कार्यशाला के मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने कहा कि हिंदी एक ऐसी भाषा है जो भारत देश की विविधताओं और बहुभाषी समाज को जोड़ने वाली एक मजबूत कड़ी के रूप में होती है। हम भारतीयों की आत्मिक भावनाएं का संप्रेषण का एक प्रिय भाषा हमारी हिंदी है। इस भाषा का उपयोग पूरे गौरव एवम मान के साथ करना हम हर एक भारतीयों का कर्तव्य है। हिंदी भाषा की खूबियों पर चर्चा करते हुए श्री शुक्ला ने अपने व्याख्यान में कहा कि हिंदी भाषा में देवनागरी के वर्ण बिल्कुल वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित है। हिंदी में प्रयुक्त वर्ण एवम मात्राएं जैसा लिखा जाता है वैसा ही उच्चारण भी होता है। जबकि अन्य भाषाओं में कई बार अलग-अलग स्थितियां होती है। अतः हम सभी को हिंदी व हिंदुस्तान पर गर्व करते हुए अपनी राष्ट्र भाषा की समृद्धि के लिए हिंदी का प्रयोग अधिकाधिक करना चाहिए। मौके पर पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के पदाधिकारियों में मुख्य प्रबंधक नवीन कुमार,अंजलि,गौरव द्विवेदी, जेई सुरेंद्र मेहता, अमित कुमार, माधुरी मांझी, तकनीकी सहायक संत कुमार महतो, शिक्षक प्रेमचंद कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### मिथिलेश ठाकुर को सम्मानित करेगा ओलंपिक संघ

**गढ़वा।** जिला ओलंपिक संघ गढ़वा विधान सभा के विधायक सह राज्य के पर्यटन ,कला, संस्कृति, खेल कूद एवम युवा कार्य विभाग तथा पेय जल एवम स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को सम्मानित करेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए गढ़वा जिला ओलंपिक संघ के महासचिव आलोक मिश्रा ने बताया कि गढ़वा जिला के लिए बहुत गर्व की बात है विधायक को खेल मंत्रालय का मंत्री बनाया गया है। इस कार्यक्रम में जिले के सभी खेल संघो को और सभी खेलों के सीनियर खिलाड़ी को आमंत्रित किया गया है। साथ ही ओलम्पिक संघ के चार संरक्षक सहित सभी पदाधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सम्मान समारोह 5 सितंबर को शाम 4:00 बजे से गढ़वा टाउन हॉल में आयोजित जाएगा।

### कीटनाशक खाने से वृद्ध की मौत

गढ़वा। पलामू जिला के मोहमदगंज थाना क्षेत्र के कोलूहा गांव निवासी स्व भूलन राम के पुत्र 65 वर्षीय भिखारी चंद्रवंशी की जहर खाने से मौत हो गई है। घटना मे बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। परिजनो ने बताया किस बात को लेकर उन्होंने जहर खाया उसकी जानकारी किसी को नही है। उनके बड़े बेटा बाहर रहकर काम करता है। उसके बेटे ने बताया की बुजुर्ग होने के कारण उनकी मानसिक स्थिती ठीक नही था। घटना के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक

# बीरबंधा खजूरी डैम में स्विमिंग पूल बनाने का प्रस्ताव

**म्पर्यटन स्थलों के सौंदर्यीकरण करने का निर्णय**

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले के चिन्हित पर्यटक स्थलों के विकास को लेकर उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद (डीटीपीसी) गढ़वा के कार्यकारिणी निकाय और शासी निकाय की बैठक समाहरणालय के सभा कक्ष में हुई। जिसमें उपस्थित जिला स्तरीय पर्यटन संवर्धन परिषद के अन्य सदस्यों द्वारा अपने-अपने प्रस्ताव व सुझाव के साथ बैठक में भाग लिया। साथ ही गुरु सिंधु जलप्रपात के लिए पहुंच पत्र एवं व्यू पॉइंट बनाने की बात कही गई। श्री बंशीधर नगर मंदिर के पास छठ घाट का भी सौन्दर्यीकरण करने का प्रस्ताव रखा गया। गोसाई बाग मैदान में हेलीपैड निर्माण, केतार प्रखंड स्थित चटनियां डैम का सौंदर्यकरण आदि की बात कही गई। सदर प्रखंड स्थित मथुरा बांध और मझिआंव के बीरबंधा खजूरी डैम में स्विमिंग पूल बनाने का प्रस्ताव रखा गया। सतबहिनी जलप्रपात में झूला व सौंदर्यकरण करने का प्रस्ताव रखा गया। रमना स्थित जिरवा डैम का सौंदर्यकरण करने का प्रस्ताव रखा गया। जबकि धुरकी स्थित सुखलदरी जलप्रपात का एप्रोच रोड का निर्माण करने की बात कही गई। गढ़वा प्रखंड स्थित खोनहरनाथ मंदिर के पास तालाब का जीर्णोद्धार और सौंदर्यकरण करने की बात कही गई। जबकि बंडा पहाड़ व गरदाहा मठ का सौन्दर्यीकरण, चिनिया स्थित चिरका डैम में नौकायन व सौंदर्यीकरण करने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, वन प्रमंडल पदाधिकारी गढ़वा उत्तरी व दक्षिणी, गढ़वा के विधायक धीरज दुबे, भवनाथपुर के विधायक प्रतिनिधि राजीव रंजन तिवारी, विश्रामपुर के भोला चंद्रवंशी, जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला खेल पदाधिकारी नीरज कुमार, जिला पर्यटन विशेषज्ञ पुष्कर गुप्ता आदि उपस्थित थे।



**इन स्थानों का सौंदर्यीकरण का है प्रस्ताव**

ब्रह्म स्थान लगमा खजूरी, राजा पहाड़ी शिव मंदिर एवं श्री बंशीधर नगर मंदिर, श्री बंशीधर नगर का सौन्दर्यकरण, गुरु सिंधु जलप्रपात, खोनहरनाथ मंदिर, श्री बंशीधर मंदिर के पास छठ घाट, बीरबंधा खजूरी डैम, चटनियां डैम केतार, मथुरा बांध गढ़वा, सतबहिनी जलप्रपात, जिरुआ डैम, सुखलदरी जलप्रपात आदि के सौंदर्यीकरण और विकास के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में राजा पहाड़ी शिव मंदिर और श्री बंशीधर नगर मंदिर का सौंदर्यकरण व अन्नराज डैम के अधिग्रहित भूमि पर इको पार्क विकसित करने के संबंध में प्रस्ताव दिया गया।

## संगठन प्रभारी मिला आजूस का प्रतिनिधि मंडल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** आजसू पार्टी का एक डेलीगेट जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को सर्किट हाउस में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू प्रमंडल संगठन प्रभारी विकास प्रीतम से शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान अपनी बात रखते हुए आजसू जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने कहा कि भाजपा आजसू का गठबंधन स्वाभाविक है। परंतु गढ़वा में इसे नजरअंदाज कर चला जाता है। यह एनडीए के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि चंद महीने बाद होने वाले विधान सभा चुनाव में गढ़वा विधानसभा से एनडीए का जो उम्मीदवार हो वह पिछड़ा वर्ग से हो यह ध्यान रखने की जरूरत है। क्योंकि आजादी के बाद से अब तक यह वर्ग सिर्फ वोटर रहा है। कभी प्रतिनिधत्व करने का अवसर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भाजपा व आजसू का संबंध प्रगाढ़ हो इसके लिए हमलोगों को भावनात्मक रूप से भी एकजुट होना होगा।

## पेंशन स्वीकृत कराने के लिए दर- दर भटक रही है पर्वतीया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड के बाना गांव के किताबार टोला निवासी पर्वतीया देवी पंचायत सचिव के लापरवाही के कारण ढ़ाई माह से पेंशन के लिए दर-दर भटक रही है। उसका सुधि लेने वाला कोई नहीं है। पर्वतीया देवी के कागजात के अनुसार 53 वर्ष उम्र हो गया है, जबकि मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के तहत 50 वर्ष उम्र निर्धारित किया गया है। पर्वतीया देवी पेंशन को लेकर प्रखंड कार्यालय के गेट पर बुधवार को सोई थी। इस दौरान उससे पूछने पर बताया कि ढ़ाई महीना पहले पंचायत सचिव स्नेहा कुमारी को पेंशन कराने के लिए



आवेदन फॉर्म दिए है, लेकिन अभी तक उसका पेंशन स्वीकृत नहीं हो सका है। इस संबंध में पंचायत सचिव स्नेहा कुमारी से कई बार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके द्वारा हमेशा टालमटोल किया गया। जिससे अभी तक मेरा पेंशन नहीं शुरू हुआ है। निराश होकर कई बार प्रखंड कार्यालय का भी चक्कर लगाए, लेकिन वहां भी कोई सुनने वाला नहीं है। पंचायत सचिव से फोन के माध्यम से भी संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इसका शिकायत कई बार प्रखंड कार्यालय में बीडीओ से बताने का प्रयास किया लेकिन बीडीओ से मुलाकात नहीं हो सकी। पंचायत के मुखिया गौरी देवी से मिले, लेकिन वह भी पेंशन होने का झूठा संतुष्टि दिलाती रही। पर्वतीया देवी प्रखंड कार्यालय से निराश होकर घर लौट गई।

## समूह की महिलाओं को मिला 18 लाख रुपए का ऋण

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** पंचायत सचिवालय परिसर में बुधवार को आपकी योजना-आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया प्रमोद कुमार, उप प्रमुख शम्भू सिंह, बीपीओ निरज पाल , समाजसेवी राम विचार साहू ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम में कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजनों को देने और ग्रामीणों से आवेदन लेने के लिए विभागवार अलग-अलग स्टॉल लगाया गया था। शिविर में आंगनबाड़ी सेविका द्वारा पांच महिलाओं का गोदभराई किया गया। एक बच्चा का अन्नप्राशन कार्यक्रम किया गया। जेएसएलपीएस द्वारा सरस्वती आजीविका महिला



समूह, शंकर आजीविका महिला समूह, लक्ष्मी महिला आजीविका समूह को 18 लाख रुपए का ऋण पासबुक का वितरण बीडीओ विकास कुमार सिंह ने किया। बीपीएम अरविंद पासवान ने कहा कि समूह से जुड़े महिलाओं को रोजगार कर आत्म निर्भर बनने के लिए 18 लाख रुपए दिया गया है। इन समूह के महिलाओं को सिर्फ एक रू की ब्याज दर पर ऋण दिया गया। शिविर में विभिन्न स्टॉलों पर 736 आवेदन प्राप्त हुआ। इनमें अबुआ आवास के लिए सबसे ज्यादा 452 आवेदन प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के 38, पशुधन योजना के लिए 120, सर्वजन पेंशन योजना 51, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 6, राशन कार्ड 35, फसल बीमा 19 जमा हुआ। इस अवसर बीडीओ ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लगे विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। उन्होंने लाभुकों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए सम्बन्धित स्टाल पर आवेदन देने का अपिल किया।इस मौके पर नोडल पदाधिकारी राकेश कुमार, रामविचार साहू,बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह,बीपीएम अरबिंद पासवान, जेई राजीव कुमार, अमर भारती, बीटीएम राकेश कुमार, सिराज अंसारी, रघुनाथ पाल, छोटन पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ता के निधन पर अलख पांडेय ने शोक व्यक्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ व जुझारू कार्यकर्ता सह गढ़वा रंका विधानसभा के मेराल प्रखंड के अधौरा गांव निवासी रमेश शर्मा के आकस्मिक निधन होने पर वरिष्ठ भाजपा नेता व कार्यकर्ता के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पाण्डेय ने मृतक रमेश शर्मा के आवास पर जाकर परिवार के सभी लोगों से मिलकर ढांढस बंधाया व शोक संवेदना व्यक्त किया। मौके पर अलखनाथ पाण्डेय ने पीड़ित परिवार से मिलकर कहा कि रमेश शर्मा का आकस्मिक निधन उनके परिवार के लिए एक अपूर्णीय



क्षति है। इस दुःख की घड़ी में हमारी संवेदना इनके पूरे परिवार के साथ है। उन्होंने भगवान से मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना कर रमेश शर्मा के परिवार को आगे कोई भी समस्या होने पर हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। मौके पर गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, गढ़वा जिला मंत्री महेंद्र सिंह, जिला मंत्री चंदन जायसवाल, भाजपा नेता धनंजय तिवारी, मंटू गुप्ता, रोशन दुबे, शिव शंकर शर्मा, वीर सिंह सहित अन्य ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

### विभिन्न दलों के लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की

## युवाओं का विश्वास पार्टी की ओर बढ़ता जा रहा : मानवेंद्र प्रताप

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व विधायक व झामुमो नेता अनंत प्रताप देव के पुत्र सह झामुमो युवा नेता मानवेंद्र प्रताप देव उर्फ मनु बाबा और झामुमो के युवा नेता दीपक प्रताप देव के नेतृत्व में शहर के अलका मैरेज गार्डन में युवाओं का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित मिलन समारोह में नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न वार्डो के युवाओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विकास कार्यों से प्रभावित होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा की सदस्यता ग्रहण किया। युवाओं का स्वागत करते हुए पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने सबको सदस्यता ग्रहण करा पार्टी में शामिल किया। इस मौके पर अनंत प्रताप देव ने कहा कि युवाओं



की उपस्थिति से आज काफी गदगद हैं। विश्वास काफी ज्यादा बढ़ते जा रहा है। इस बार जो चुनौती नगर गढ़ व बंशीधर नगर की है, वह चुनौती व प्रतिष्ठा आपके हाथ में है। इसे बचाकर सफलता का परचम लहराने का काम करेंगे। नगर गढ़ परिवार यहां के तमाम लोगों को अपने कलेजे का टुकड़ा मानता है। वह जहां भी जिस परिस्थिति में रहें वहां यदि कोई अप्रिय सूचना यहां के संबंध में मिलती है तो पूरा रुह कांप जाती है। आपके हर मुसीबत में आपके बीच सबसे पहले खड़ा रहने का काम करता हूं। झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जनहित में किया जा रहे कार्य खासकर महिला सशक्तिकरण के लिए लिए जा रहे नित्य नए फैसले से प्रभावित होकर 500 युवाओं ने सदस्यता ग्रहण किया है, जो सफलता का घोतक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कमलेश मेहता व संचालन धीरज कुमार ने किया। समारोह को युवा नेता दीपक प्रताप देव, झामुमो के युवा मोर्चा के अध्यक्ष रजनी कांत मधुर उर्फ भोलू , रमेश चंद्रवंशी आदि ने संबोधित किया। मौके पर कामेश्वर प्रसाद, अजय प्रसाद, पप्पू सिंह, रंजन कुमार, मुकेश कुमार सिन्हा, आशीष कुमार, नित्यानंद कुमार, मिंटू कुमार, रोहित सोनी, आशीष कुमार, भरदूल चंद्रवंशी, रोहित वर्मा, अनिल कुमार सहित बड़ी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## धान के खेत में महिला का शव बरामद, शरीर में जलने का निशान

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के बनसानी पंचायत के लल्हकी दामर टोला में एक महिला का शव घर से 100 मीटर की दूरी पर धान खेत में पाया गया है। महिला पहचान राजेन्द्र भुइंया की पत्नी ललिता देवी के रूप में हुई है। इसकी सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई दिनेश सिंह, नारायण यादव दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जांच पड़ताल में जुट गए है। महिला के शव के पीठ पर जले का निशान है, जिसे किसी केमिकल या तेल से जलाने का प्रयास किया गया है। घटना के बारे में बताया जाता है कि राजेंद्र भुइंया और उसका बड़ा पुत्र एमपी जबलपुर में कार्य करते है। घर पर महिला अपने छोटे पुत्र के साथ रहती थी। मृतक के पुत्र ने बताया कि में पढ़ने 8 बजे स्कूल जा रहा था। मां घर पर थी। अपराह्न दो बजे ग्रामीण ने धान के खेत में महिला का शव को देख थाने को सूचना दी थी। बताया जाता है कि महिला महुवा शराब का भी अधिक सेवन करती थी। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि देखने से प्रतीत होता है कि महिला कि हत्या की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ बता सकते हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया।

## स्कूल का भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** रमना प्रखंड के सिरियाटोंगर में बुधवार को बिरला ओपन माइंड विद्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। विद्यालय के निदेशक मनीष सिंह सोनू के पिता वीरेन्द्र सिंह सपत्नीक ने विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। विद्यालय के निदेशक मनीष सिंह ने बताया कि विद्यालय में शिक्षण कार्य सत्र 2025-26 में प्रारम्भ हो जायेगा। उन्होंने बताया कि यहां नर्सरी से 8वीं कक्षा तक कि पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से होगी। शिक्षाविद शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि अभी भी यह क्षेत्र शिक्षा के मामले में काफी पीछे है। ऐसी स्थिति में शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक कार्य किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह एक सराहनीय कार्य है। इससे क्षेत्र का शैक्षणिक विकास होगा गरीब अभिभावक भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिला सकेंगें। मौके राम श्रृंगार चौबे, इंदल सिंह, इन्दु सिंह,विद्यालय के निदेशक मनीष सिंह, विनोद सिंह, विद्या सिंह, बैजनाथ सिंह, उदय सिंह, उमेश सिंह,अशोक सिंह,अनुज सिंह, रामवृक्ष पासवान,जयराम पासवान,अमित शुक्ला, गुड्डू चौबे, आशुतोष सिंह, डब्लू शुक्ल,अशोक जायसवाल, कामेश्वर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जनसेवा

### राधिका नेत्रालय में किया जा रहा ऑपरेशन

# 36 मोतियाबिंद मरीजों का निःशुल्क इलाज

**नवीन मेल संवाददता**

**गढ़वा।** शहर के चिरोजिया मोड़ स्थित राधिका नेत्रालय में बुधवार को 36 मोतियाबिंद मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन किया गया। मौके पर राधिका नेत्रालय के निदेशक डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि राधिका नेत्रालय में लगातार मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क का ऑपरेशन किया जा रहा है। गढ़वा जिले के सुदरवर्ती इलाके से लेकर शहरी इलाके के लोग अस्पताल पहुंचकर अपना जांच करा ले। साथ ही उन्होने कहा की जिन मरीज में मोतियाबिंद पाया जायेगा। उनका रजिस्ट्रेशन कर निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। साथ ही



साथ ऑपरेशन के बाद उन्हें निशुल्क चश्मा और दवा भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वैसे लोग जो मोतियाबिंद से ग्रसित हैं। वह राधिका नेत्रालय में आकर रजिस्ट्रेशन रजिस्ट्रेशन कराते हुए मोतियाबिंद जांच के बाद अपना ऑपरेशन करा सकते हैं। उसके लिए उनके साथ आधार कार्ड राशन कार्ड लाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया की आज 36 लोग का सफल मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। जबकि अब तक राधिका नेत्रालय में 2024 से 2025 में अब तक 347 मोतियाबिंद मरीज का ऑपरेशन किया गया है।

## न्यूज बॉक्स

### 7 माह से पेंशन नही मिलने से आर्थिक तंगी



**मेराल।** गरीब असहाय वृद्ध महिला एवं पुरुष को 7 माह से पेंशन नहीं मिलने पर आर्थिक तंगी से जूझने लगे हैं। वृद्धा पेंशन के लाभुक राजहरा गांव निवासी लखन पासवान पेंशन के आस में प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। पेंशन के लिए कई बार प्रखंड कार्यालय में बीडीओ से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने के कारण उनसे संपर्क नहीं हो पाया। पेंशन लाभुक लखन पासवान ने बताया कि 7 माह से पेंशन नहीं मिलने से आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है। राम लखन ने कहा कि सरकार कई तरह के पेंशन योजना चलाकर लोगों को पेंशन दे रही है, जबकि राष्ट्रीय पेंशन लाभुक का 7 माह से बंद है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और राज्य सरकार दोनों को मिला कर राष्ट्रीय पेंशन दिया जाता है।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 895 प्राप्त आवेदनों में से 297 का ऑन स्पॉट निपटारा



**खरौंधी।** प्रखंड के राजी में आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसमें सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पशुपालन, स्वास्थ्य विभाग, अबुआ आवास, मनरेगा, पेयजल, भूमि सुधार, जेएसएलपीएस, बाल विकास परियोजना, खाद्य आपूर्ति, बिजली, श्रम विभाग, मंईयां सम्मान योजना, टीकाकरण, सावित्री बाई फुले, केसीसी सहित कई विभाग का अलग अलग स्टॉल लगाकर आवेदन लिया जा रहा था। ग्रामीणों ने सभी स्टॉल पर कुल 895 आवेदन दिए। जिसमे 297 आवेदनों का ऑन स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। बीपीओ अविनाश कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने सभी पंचायतों में कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार के जन उपयोगी योजनाओं का लाभ लोगों तक आसानी से पहुंचेगी। आपकी योजना-आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरआत राजी पंचायत से किया जा रहा है। शिविर में राजी पंचायत के ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्राप्त आवेदनों में 297 आवेदन का ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया। शिविर में समाजसेवी संतोष कुमार सिंह,अमर प्रताप मेहता,अमरेश चौधरी सीआई मोजिब खान, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, पंचायत सेवक उमेश कुमार, विनोद पासवान, जेई अभिनाश कुमार, मयंक कुमार, बीटीएम संतोष कुमार पाल, बीपीएम मोनिका कुमारी, ऑपरेटर सचेत पासवान, मनीष कुमार, मुसाफिर गुप्ता आदि उपस्थित थे।

### झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का प्रखंड कमेटी गठित, बाबूलाल बने अध्यक्ष

**खरौंधी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की गढ़वा जिला इकाई के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद साह की अध्यक्षता में खरौंधी प्रखंड में पार्टी का गठन किया गया। जिला महामंत्री जयराम पासवान, जिला प्रवक्ता विजय महतो, जिला सचिव विकास कुमार और भवनाथपुर प्रखंड अध्यक्ष उज्जवल कुमार गुप्ता की उपस्थिति में प्रखंड कमेटी का विस्तार किया गया। साथ ही सक्रिय सदस्य दिनेश कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खरौंधी प्रखंड इकाई में संरक्षक सुशील कुमार गुप्ता,अध्यक्ष बाबूलाल पासवान, उपाध्यक्ष सुनील कुमार राम, उपाध्यक्ष कृष्णाराम, सचिव महेंद्र राम, उपसचिव छोटेलाल भारती, कोषाध्यक्ष शिवलाल यादव मीडिया प्रभारी ,विष्णु प्रजापति कार्यसमिति सदस्य मदन राम, राजेश ठाकुर,सुरेश राम,मिलाल साह,नंदू चौधरी,मंजीत कुमार मेहता, शिवपूजन यादव को बनाया गया। खरौंधी प्रखंड का गठन झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करना और क्षेत्रीय मुद्दों को अधिक प्रभावी ढंग से उठाना है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुरेश प्रसाद साह ने कहा कि प्रखंड के गठन से संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती मिलेगी और जनसमस्याओं का समाधान करने में तेजी आएगी। उन्होंने नए प्रखंड कमेटी के सभी सदस्यों को बधाई दी और संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। जिला महामंत्री जयराम पासवान ने संगठन के उद्देश्यों और निदेर्शों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर मजबूत संगठन का होना अत्यंत आवश्यक है ताकि क्षेत्रीय समस्याओं का समाधान प्रभावी तरीके से किया जा सके। विजय महतो और विकास कुमार ने भी अपने विचार साझा किए और संगठन के कार्यों को गति देने के लिए प्रतिबद्धता जताई। उज्जवल कुमार गुप्ता ने संगठन की विचारधारा को आगे बढ़ाने और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के इस कदम से क्षेत्र में राजनीतिक सक्रियता और जनसरोकार के मुद्दों पर जोरदार चर्चा की उम्मीद है। संगठन का यह विस्तार झारखंड की जनता के हित में काम करने के लिए एक मजबूत आधार तैयार करेगा।

### लोकहित अधिकार पार्टी की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर जोर

**खरौंधी।** लोकहित अधिकार पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को खरौंधी प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार में हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के जिला अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने की। मौके पर भावी विधायक प्रत्यासी जयराम पासवान उपस्थित थे। बैठक में प्रखंड स्तर पर संगठन को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही भाजपा, झामुमो, राजद,बसपा सहित अन्य दलों से सैकड़ो लोग जिला अध्यक्ष के समक्ष पार्टी का सदस्यता ग्रहण किये। उनमें कुम्हार समाज के प्रखंड अध्यक्ष बबलू प्रजापति, हरिनाथ यादव, प्रमोद गुप्ता, नागेंद्र यादव,जमील अंसारी,अमीरका ठाकुर, बाबूलाल गुप्ता,संजय सिंह, प्रमोद गुप्ता,वीरेंद्र ठाकुर,महेंद्र उरांव,संत पासवान, लालदेव राम, आदित्य साह का नाम शामिल है। जिला अध्यक्ष रामभजन गुप्ता व भावी विधायक प्रत्याशी जयराम पासवान ने पार्टी का टोपी व पार्टी का चिन्ह लगा पट्टा पहना कर स्वागत किया। राम भजन गुप्ता ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी सदैव समाज के हाशिये पर खड़े लोगों के अधिकारों के लिए संघर्षरत रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य केवल राजनीतिक लाभ प्राप्त करना नहीं, बल्कि आमजन की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे गांव-गांव जाकर लोगों की समस्याओं को समझें और उन्हें पार्टी के माध्यम से समाधान का आश्वासन दें।

## एक नजर

### साकची में चालक का मिला शव, हत्या का आरोप

**जमशेदपुर।** साकची बस स्टैंड में मंगलवार सुबह 6 बजे एक चालक का शव मिला। उसकी पहचान चक्रधरपुर निवासी विक्की महतो के रूप में की गई। वह साकची बस स्टैंड में रहकर गाड़ी चलाता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूचना मिलने पर साकची थाना प्रभारी संजय कुमार पहुंचे और लोगों से पूछताछ की। विक्की की पत्नी सहित पूरा परिवार भी जमशेदपुर पहुंचा। परिजनों ने शव पर चोट के निशान देखकर हत्या का आरोप लगाया है। मृतक के छोटे भाई सन्नी महतो ने बताया कि मंगलवार सुबह पुलिस का फोन आया कि उसके भाई का शव मिला है। वे लोग बस स्टैंड पहुंचे। विक्की के शरीर पर चोट के निशान हैं।

### सनराइज एकेडमी के निदेशक के फर्द बयान पर दर्ज हुआ मामला

# अनुसंधान में जुटी पुलिस




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

बीते 2 सितंबर को दुष्कर्म के आरोप में करियातपुर स्थित सनराइज एकेडमी के संचालक सह निदेशक सुरेश प्रसाद के साथ हुए मारपीट और विद्यालय में तोड़ फोड़ करने वालो के खिलाफ बुधवार को बरही थाना में मामला दर्ज किया जा चुका है. एसआई एन के पांडेय से मिली जानकारी के अनुसार मामला संचालक के फर्द बयान के आधार पर दर्ज किया गया है. जानकारी के अनुसार संबंधित मामले में सुजीत कुमार, शिव कुमार केसरी, सूरज कुमार केसरी, रोहित कुमार केसरी, अमित कुमार केसरी, पवन कुमार केसरी, दीपक कुमार केसरी, दीपू कुमार केसरी, शिवम कुमार केसरी, रमेश प्रसाद केसरी, शिवम प्रसाद केसरी, गौतम कुमार, पवन केसरी, पंकज केसरी, राज केसरी व चंचल देवी को नामजद व 10 अज्ञात पर मामला दर्ज किए गए है. सभी आरोपी करियातपुर के निवासी बताए गए हैं. इन सबों पर साजिश के तहत लूटपाट, हिंसा, तोड़फोड़, लज्जा भंग, जान से मारने की नियत से मारने आदि जैसे कई गंभीर आरोप लगाये गए हैं. हमले का उद्देश्य उन्हें और उनके परिवार को शारीरिक नुकसान पहुंचाना था. हमलावरों ने न केवल उनकी पत्नी और पुत्री के साथ छेड़खानी करते हुए उनके गले से सोने की चेन छीन ली, स्कूल का लैपटॉप और सीसीटीवी तोड़ दिया. बीच बचाव करने आए उनके शिक्षको के साथ भी मार पीट किया गया. अपने फर्द बयान में संचालक श्री प्रसाद ने यह भी बताया कि बीते 15 अगस्त को भी झंडोतोलन नही करने को लेकर उन्हें धमकी दी गई थी. धमकी के बावजूद, उन्होंने झंडोत्तोलन किया, जिसके बाद उनके खिलाफ यह षड्यंत्र रचा गया. मौके पर पहुंची पुलिस ने सुरेश प्रसाद, उनके परिवार, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बचाया. सबंधित मामले में संचालक ने पुलिस से निष्पक्ष जांच करते हुए उचित कार्रवाई की मांग किया है।

### दुर्गा पूजा समिति तामड़ा की हुई बैठक, संजय केसरी बने अध्यक्ष

**सिमडेगा।** दुर्गा पूजा समिति तामड़ा की आवश्यक बैठक देवी मंदिर तामड़ा में मंगलवार के शाम सुंदर साव की अध्यक्षता में आयोजित की गई । बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम के साथ दुर्गा पूजा शारदीय नवरात्रि मनाने को लेकर चर्चा किया गया। वहीं बताया गया कि सप्तमी के दिन भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद भव्य पंडाल निर्माण करते हुए मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करते हुए पूजा की जाएगी ।जहां पर सफल संचालन हेतु समिति का गठन किया गया। जहां पर सर्व समिति से संजय केसरी को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष दीपक केसरी, अमृत केसरी, सुबोध केसरी को बनाया गया। वहीं सचिव जितेंद्र पुरी ,उपसचिव अशोक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनू केसरी उपकोषाध्यक्ष पप्पू केसरी को बनाया गया।आयोजन को सफल बनाने के लिए संरक्षक के रूप में सुंदर साव, सुरेश साव, सुभाष साव, अशोक प्रसाद केसरी ,विजय केसरी को बनाया गया।

### गठबंधन सरकार समस्याओं के समाधान लिए लोगों के द्वार तक पहुंच रही है : प्रखंड प्रमुख

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के केरेया पंचायत में विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी के निर्देशानुसार ठेठईटांगर प्रमुख, विपिन पंकज मिंज, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, अल्पसंख्यक प्रखण्ड अध्यक्ष मोहम्मद वहीद आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में उपस्थित हुए। मौके पर मौजूद प्रखण्ड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने कहा कि हमारी सरकार आपके द्वार तक आई है। आज कांग्रेस गठबंधन की सरकार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हर एक पंचायत में पीछले 3 साल से लगा रहा है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में अतिरिक्त हरा राशन कार्ड बनाया जायेगा। वहीं सरकार की योजनाएं जैसे बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, छात्रवृत्ति योजना, सर्वजन पेंशन योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का लक्ष्य हमारे सरकार ने तय किया है।

### खिंडा पंचायत भवन में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कुरडेग।** आपकी योजना, आपकी सरकार , आपके द्वार कार्यक्रम के अन्तर्गत बुधवार को खिंडा पंचायत के पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया गया।झारखण्ड सरकार के निर्देश पर सरकार की योजनाओं का लाभ शिविर में दिया गया।ग्रामीणों के आवेदन प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किये गये। उनमें मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना , अबुआ आवास योजना, अबुआ स्वास्थ योजना , मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरीत ग्राम योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, जाति,आवासिय और आय प्रमाण पत्र शामिल हैं इसके अलावे सभी प्रकार के पेशन योजना के आवेदन लिए गए।

---

## श्रम अधीक्षक का कार्यालय, चतरा

**–:आवश्यक सूचना:–**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 की धारा – 03 के मो0 10,00,000/–(दस लाख) रूपये या इससे अधिक की लागत से जितने भी निर्माण कार्य कराये जाते हैं। उन सभी नियोजकों के द्वारा कुल लागत का 1% राशि उपकर के रूप में झारखण्ड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण निधि खाता संख्या – 30613895935 स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, नेपाल हाऊस शाखा, राँची में जमा कराया जाना है एवं उक्त खाते में जमा की गयी राशि का प्रमाण पत्र श्रम अधीक्षक कार्यालय, चतरा में जमा किया जाना है।

नोट :– अधिक जानकरी हेतु अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय का मोबाईल संख्या – 7998739002 पर सम्पर्क करें।

श्रम अधीक्षक, चतरा

PR 334662 (Labour Employment and Traning)24-25*D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-09/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड हुसैनाबाद के पंचायत पतराखुर्द के ग्राम संढा में तुलसीखाड़ में हड़ही नदी पर पुल निर्माण। | 25803000.00 | 516500.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 2 | पलामू जिला के प्रखण्ड हुसैनाबाद अन्तर्गत पंचायत बेनीकला के ग्राम सबानो में कररबार नदी पर पुल निर्माण। | 43930100.00 | 879000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 3 | पलामू जिला के प्रखण्ड हैदरनगर के परता ग्राम में मुरही नाला पर पुल निर्माण। | 13617400.00 | 273000.00 | 10000.00 | 15 माह। |
| 4 | पलामू जिला के प्रखण्ड हुसैनाबाद अन्तर्गत पंचायत पोलडीह जगदीशपुर में कररबार नदी पर पुल निर्माण। | 28387600.00 | 568000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 5 | पलामू जिला के प्रखण्ड छतरपुर अन्तर्गत कवल पंचायत के ग्राम बाघमारा में बांकी नदी पर पुल निर्माण। | 47563400.00 | 952000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 6 | पलामू जिला के प्रखण्ड नौडीहा बाजार के ग्राम+पंचायत–विशुनपुर में मोरहर नदी (ताड़ी पर) पुल निर्माण। | 47321700.00 | 947000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 7 | पलामू जिला के प्रखण्ड पड़वा में मझियॉंव डुमरी छेछौरी पथ में बैगाहा घाट सदाबह नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 38912500.00 | 779000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.09.2024 से दिनांक 12.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 18.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।

PR.NO.334780 District(24-25):D

---

## जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त का कार्यालय लातेहार
### (सामान्य शाखा)

विज्ञापन संख्या–01/2024

**आवश्यक सूचना**

दिनांक– 03.09.2024 को उपायुक्त, लातेहार की अध्यक्षता में आहूत चौकीदारी जिला चयन समिति की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार लातेहार जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–01/2024 में आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि– 24.08.2024 तक प्राप्त आवेदनों का स्क्रूटनी करते हुए डाटा इन्ट्री किया गया है। प्राप्त आवेदनों में जो भी कमियां पायी गयी हैं, उसे टिप्पणी वाले कॉलम में अंकित कर दिया गया है। जिला चयन समिति के द्वारा वैसे अभ्यर्थियों से जिनके कुछ कमियां रह गयी हैं, लातेहार जिला के अधिकृत बेबसाईट www.latehar.nic.in पर डाटा को अपलोड कर दिनांक– 11.09.2024 तक संबंधित अभ्यार्थियों से अपने पक्ष में दावा–आपत्ति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया है।

अतः एतद द्वारा लातेहार जिला के सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिला के अधिकृत बेबसाईट www.latehar.nic.in पर अपलोड डाटा का अवलोकन कर दिनांक–11.09.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक अपने पक्ष में दावा–आपत्ति स्थापना उप समाहर्त्ता, लातेहार की अध्यक्षता में गठित कोषांग, समाहरणालय, लातेहार में निश्चित रूप से जमा करना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा–आपत्ति पर विचार नहीं किया जायगा।

PR 334655 District (24-25)_D

उपायुक्त लातेहार

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

**सूचना**

एतद् द्वारा भवन निर्माण विभाग के सभी संवेदकों को सूचित किया जाता है कि PR संख्या–332414 Building (24-25) D एवं निविदा आमंत्रण सूचना सं0– (12/2024-25/EE/BCD/LATEHAR) द्वारा प्रकाशित ई–निविदा (लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के पंचायत हेरहंज में मध्य विद्यालय, मेराल में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण) योजना को अपरिहार्य कारण वश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 334666 Building (24-25)_D

---

## कार्यालयः–असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, लातेहार

Sadar Hospital Campus, Latehar. E Mail ID: cslatehar@gmail.com.

ज्ञापांक–........................./दिनांक–................................/

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

जिला लातेहार अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग के अधीन सिविल सर्जन, लातेहार के विभागीय कार्यों के दैनिक उपयोग हेतु बाहयस्रोत (Outsource) के तहत किराये पर वाहन लिये जानें हेतु इच्छुक ट्रेभल एजेंसी/फर्म/वाहन आपूर्तिकर्ताओं से सिलबंद निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्नरूपेण अल्पकालीन निविदा आमंत्रित किया जाता है।

| | Name of Work | Description |
|---|---|---|
| 1 | Requirement of Vehicle (Bolero) on Rent | Rate Contract for Vehicle (Bolero B6 Opt. White Colour) on Rent from Outsource/ |
| 2 | Tender Fee | Rs 2000.00 (Two Thousand Rupees only) Non Refundable. in favour of Civil Surge on Latehar. Payable at Latehar Branch. |
| 3 | EMD Fee | Rs 25000.00 (Twenty Five Thousand Rupees only), in favour of Civil Surge on Latehar. Payable at Latehar Branch. |
| 4 | Last Date/time for Submission of bids | 12.09.2024 till 05.00 P.M |
| 5 | Bid Opening Date (Technical) | 13.09.2024 at 12.30 P.M (C.S. Office Latehar) |
| 6 | Name & Address of office inviting tender (Procurement Officer) | Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, Sadar Hospital Campus, Latehar |
| 7 | Contact no. of procurement officer | 7903651269 |
| 8 | Helpline number. | 8340654868 |

Note: Further details can be seen, downloaded through website http://latehar.nic.in.

PR 334651 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

Civil Surgeon Cum Chief Medical Officer, Latehar.

---

## ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

**ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण) अति अल्पकालीन**

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–**19/2024-25/EE/BCD/LATEHAR** दिनांक– 03.09.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत चेटर में राजकीय मध्य विद्यालय, आन में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाईब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत मासियातु में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मासियातु में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत बालू में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, घुटाम में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत गणेशपुर में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गणेशपुर में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत गोनिया में उत्क्रमित उच्च विद्यालय, गोनिया में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत पेशरार में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गिरे में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत कामता में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, दामोदर में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत टोंटी में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, टोंटी हेसला में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत टोंटी में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, इटके में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 10 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा के पंचायत जमीरा में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, महुआमिलान में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 11 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा के पंचायत माल्हन में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, माल्हन में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 12 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चंदवा के पंचायत माल्हन में मध्य विद्यालय, गनियारी में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 13 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत सालवें में राजकीय मध्य विद्यालय, सालवें में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 14 | Proposed Setting up of Integrated Public Health Laboratory at Sadar Hospital Latehar | 86,72,700.00 | 09 (Nine) Months |
| 15 | Proposed Construction of Health Sub Centre at Khamikhas, Dist-Latehar | 55,50,000.00 | 09(Nine) Months |
| 16 | Proposed Construction of Health Sub Centre at Goniya , Dist-Latehar | 55,50,000.00 | 09 (Nine) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09/09/2024 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 18/09/2024 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 19/09/2024 को 11:30 बजे
   नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

प्रथम आमंत्रण **PR 328713 (Building) 24-25 (D)**
प्रथम आमंत्रण **PR 332791 (Building) 24-25 (D)**
प्रथम आमंत्रण **PR 329543 (Building) 24-25 (D)**
प्रथम आमंत्रण **PR 331221 Building (24-25) D**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 334640 Building(24-25).D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**शुद्धि-पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/SR/DT/Med-03/2024-25 (2nd Call) (Relocation of drilled tube well) tks (PR No. 333629)*24-25 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.09.2024 / 5.00 P.M. | 09.09.2024 / 5.00 P.M. |
| सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03.09.2024 / 5.00 P.M. | 09.09.2024 / 5.00 P.M. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04.09.2024 / 05.00 P.M. | 10.09.2024 / 5.00 P.M. |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR.NO.334774 District(24-25):D

---

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**शुद्धि–पत्र**

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/HYDT/MED-05/2024-25 (1st Call), जो (PR No. 333686)*24-25 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के प्राक्कलित राशि एवं तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

**संशोधित**

| कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| Supplying, fitting and fixing of 5.0 HP Electric Submersible Pumpset all complete in Medinirai Medical collage & Hospital, Medininagar under D W & S Division, Medininagar for the year 2024-25. | 25,54,633/- | 51,500/- | 5000/- | 01 (एक) माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 04.09.2024 / 12.30 बजे अपराह्न में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 10.09.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 10.09.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.09.2024 / 05.00 बजे अपराह्न में। |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर

PR 334767 District(24-25).D

---

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar F2 - 22/2023-24(II[nd] call)

पत्रांक–567 लातेहार/दिनांक– 04.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | डैनडुबा नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण कार्य, प्रखंड– गारू, जिला– लातेहार। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 58.101 लाख में |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 09.09.2024 12.30 बजे अपराह्न से। |
| 5 | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.09.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 6 | Online बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.09.2024 5.00 बजे अपराह्न तक |
| 7 | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 26.09.2024 12.30 बजे अपराह्न |
| 8 | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 9939182470 |
| | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 334692 Water Resource(24-25)#D

---

## कार्यालय कार्यपालक अभियंता,लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

**अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

अल्पकालीन ई0 निविदा संख्या–WRD/MID/ Latehar/ F2 - 01/2024-25

पत्रांक–565 लातेहार/दिनांक–04.09.2024

| क0 सं0 | ग्रुप सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 01 | ग्राम– तिलैयाटाड़ में शंकर मिस्त्री के घर से जामा मस्जिद तिलैयाटाड़ तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य , पंचायत– अलौदिया, प्रखंड–चन्दवा, जिला–लातेहार। | 17.455 | तीन माह | |
| | 02 | ग्राम– रेहड़ा में आर0ई0ओ0 रोड से सरना फिल्ड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण कार्य, पंचायत–ईचाक, प्रखंड–लातेहार, जिला–लातेहार | 24.906 | तीन माह | |
| 2 | | ई0 निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि | 09.09.2024 12.30 बजे अपराह्न से। | | |
| 3 | | ई0 निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.09.2024 5.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 4 | | बीड फीस एवं अग्रधन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 24.09.2024 5.00 बजे अपराह्न तक | | |
| 5 | | ई0 निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 26.09.2024 12.30 बजे अपराह्न | | |
| 6 | | (क) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता (ख) निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का फोन नं0 | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार। 06565–248380 | | |
| 7 | | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्प लाईन संख्या | 0651– 2214784 | | |

नोटः– केवल ई0 निविदा ही स्वीकार की जायेगी

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders gov in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमंडल, लातेहार

PR 334691 Water Resource(24-25).D

> जैसा तुम सोचते हो, वैसे ही बन जाओगे। खुद को निर्बल मानोगे तो निर्बल और सबल मानोगे तो सबल ही बन जाओगे। -स्वामी विवेकानंद

संपादकीय

# प्रचार से अधिक पेड़ बचाने का हो प्रयास

इस बार की भीषण गर्मी में पर्यावरण की और पेड़ पौधे लगाने की चर्चा बहुत हुई।बरसात होते ही उत्साही प्रकृति प्रेमियों सरकारी संस्थानों के अलावा राजनीतिक लोगों ने भी सोशल मीडिया से लेकर मीडिया तक इसे खूब प्रचारित किया । इस बार भी बहुत लोगों की दिलचस्पी यहीं तक थी यह नहीं सोचा कि उनका रोपा हुआ पौधा आने वाले ग्रीष्मकाल से पहले तक बच पाएगा या नहीं? झारखंड में महुआ चुनने के लिए आग लगाने से लेकर पर्वतीय इलाकों के वनों में लगी आग से लाखों पेड़ जल जाते हैं। इसके अलावा, वन्य जीव, जड़ी बूटियां, घास, छोटे-छोटे पौधे, पक्षी आदि के विनाश का तो कोई आंकड़ा ही नहीं है।आग से प्रभावित वनों की जैव-विविधता को बचाने के लिए लोगों ने कई पत्र अपनी राज्य सरकारों को सौंपे हैं, लेकिन बारिश आते ही सारे प्रयास ठंडे बस्ते में चले गए। अतः वन और पर्यावरण के प्रति इस घोर लापरवाही के बाद पेड़ उतने ही लगाने चाहिए, जितना कि इन्सान स्वयं देखभाल करके बचा सकता है। जंगल के बीच में पेड़ लगाकर भगवान भरोसे छोड़ना समय और पैसा, दोनों का नुकसान है। और यह हर वर्ष नर्सरी में उगाए गए पौधों के प्रति भी अन्याय है, लेकिन जो लोग अपनी जिम्मेदारी और देखरेख में पौधरोपण कर रहे हैं, उनके द्वारा रोपे गए पौधे आग और सूखे, दोनों से बच जाते हैं। आंकड़ों के आधार पर यह भी कहा जा रहा है कि लगभग 73,000 प्रजातियों के 30.40 खरब पेड़ दुनिया में मौजूद हैं। लेकिन दूसरी तरफ पता चलता है कि प्रतिवर्ष 15 अरब पेड़ विकास के नाम पर काटे जाते हैं और यह भी बताया जाता है कि इतने ही पौधों का रोपण भी किया जाता है। इसके आधार पर पता चलता है कि प्रति व्यक्ति 400 से अधिक पेड़ धरती पर हैं। यदि यह सच होता, तो वे भीषण तापमान को रोकने में मददगार हो सकते थे। दूसरी ओर, भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल में से 24.62 प्रतिशत क्षेत्र में ही वन हैं, जबकि स्वस्थ पर्यावरण मानक के अनुसार, 33.3 प्रतिशत क्षेत्र में पेड़-पौधे होने चाहिए थे। धरती पर कार्बन को नियंत्रित करने में पेड़ पौधों के अलावा घास की भी अहम भूमिका है। भारत के भूगोल में विविधता के कारण प्राकृतिक वन क्षेत्रों में बहुत अंतर दिखाई देता है।? भारत वन स्थिति रिपोर्ट-2021 के अनुसार, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के वन क्षेत्र में बेहतर सुधार हुआ है और इसके आधार पर अनुमान लगाया जाता है कि यहां प्रति व्यक्ति 28 पेड़ हैं। अरुणाचल प्रदेश में 80 प्रतिशत वन क्षेत्र है, उत्तराखंड में 71 प्रतिशत और राजस्थान में 10 प्रतिशत से भी कम वन क्षेत्र है। इसलिए भारत की वन नीति के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक-तिहाई क्षेत्र को वनों के अंतर्गत लाना पड़ेगा।एक व्यक्ति को जीवन काल में 7-8 पेड़ों से प्रतिवर्ष 740 किग्रा ऑक्सीजन मिलती है। हर व्यक्ति एक वर्ष में सिर्फ पांच पेड़ लगाए, उनमें से 75 प्रतिशत भी बचा सके, तो धरती पर ऑक्सीजन की कमी नहीं होगी।

> आंकड़ों के आधार पर यह भी कहा जा रहा है कि लगभग 73,000 प्रजातियों के 30.40 खरब पेड़ दुनिया में मौजूद हैं। लेकिन, दूसरी तरफ पता चलता है कि प्रतिवर्ष 15 अरब पेड़ विकास के नाम पर काटे जाते हैं।

# शिक्षा के व्यापार में गुम होते आदर्श शिक्षक



सिर्फ शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा हम दुनिया में कोई भी सर्वोच्च पद प्राप्त कर सकते है और बेहतर शिक्षा, संस्कार, कला-गुणों का संचार विद्यार्थी में आदर्श शिक्षक ही कर सकते है। जीवन में शिक्षक का स्थान माता-पिता तुल्य होता है, क्योंकि शिक्षक ही विद्यार्थियों को जीवन में योग्य मार्गदर्शन देकर सफलता के प्रगति पथ पर अग्रसर होने के लिए काबिल बनाते है। जीवन में गुरु बिना ज्ञान प्राप्त नहीं हो सकता। शिक्षक गुणों की खान होते है, शिक्षक ज्ञानी, विशेषज्ञ, मृदुभाषी, दूरदृष्टि, सहनशील, उत्तम श्रोता-वक्ता, समझदार, प्रोत्साहन कर्ता, अनुसंधानकर्ता, जिज्ञासा वृत्ति, परोपकारी, सत्य, निष्ठा, त्यागी, सदाचारी, धैर्यवान, निर्व्यसनी होते है। शिक्षक अपने सभी विद्यार्थियों को एक स्तर से देखते है, कभी कोई भेदभाव नहीं करते। शिक्षक शिल्पकार की भूमिका में होते है जो अपने विद्यार्थियों को कलागुणों से निखारकर आदर्श विद्यार्थी में तब्दील करते है। हमारे देश में महान शिक्षक समाज सुधारकों के रूप में हमें मिले है। क्रांतिसूर्य महात्मा ज्योतिबा फुले एवं उनकी पत्नी क्रांतिज्योती सावित्रीमाई फुले जिन्होंने भारत देश में सर्वप्रथम स्त्री शिक्षा की ज्योत जलाने के लिए समाज की घृणा सहन करके लड़कियों के लिए पहली स्कूल स्थापित की। ज्योतिबाजी ने अपनी पत्नी को पढ़ाकर-लिखाकर एक आदर्श शिक्षिका बनाकर एक इतिहास बनाया और फिर दोनों ने मिलकर शिक्षा के मोल को समझकर समाज में नई क्रांति की शुरूआत की। लोगों के ताने, गालियाँ, फब्तियां, तिरस्कार सहते थे, उनपर लोग पत्थर, कीचड़, गोबर फेकते थे। पूरा समाज उनके विरुद्ध होकर भी फुले दंपत्ति निस्वार्थ भाव से अपना सब कुछ त्याग कर शिक्षा की लौ जलाते रहे। एक पल के लिए अगर हम उनके संघर्ष के दिनों की कल्पना भी करे तो हमारी रूह कांप जाती है, ऐसा असहनीय दर्द भरा संघर्ष उन्होंने शिक्षित समाज की नींव रखने के लिए सहा।

धीरे-धीरे अनेक महान समाज सुधारकों ने शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संस्थानों की स्थापना की। इन शिक्षा संस्थानों का केवल एक ही उद्देश्य था कि सबको बिना किसी भेदभाव या ऊंच-नीच के एक समान शिक्षा का अधिकार मिल सकें। आज हम आधुनिक युग में शिक्षा का स्तर देखते है तो, इसका स्वरूप पिछले कुछ दशकों के मुकाबले बिलकुल विपरीत नजर आता है। बच्चों के शिक्षा के प्राथमिक स्तर अर्थात नर्सरी से लेकर पीएचडी तक शिक्षा एक पैकेज के रूप में पैसे के हिसाब से मिलता है, इसमें पुस्तकें, यूनिफार्म, कोचिंग, स्टेशनरी हर चीज पहले से तय होती है। शिक्षा के बाजार में प्रतियोगिताएं भी खूब चलती है। कुछ महंगे शिक्षा संस्थान तो फाइव स्टार होटल जैसा अत्याधुनिक सेवा-सुविधाओं वाला पैकेज भी विद्यार्थियों को प्रदान करते है। शिक्षा के क्षेत्र में अब दिखावे को सबसे अधिक महत्व दिया जाता है। सरकारी और निजी ऐसे दो प्रकार के शिक्षा संस्थान हमारे देश में है। सरकारी संस्थान में शिक्षकों का वेतन बेहतर होने के कारण वहां के शिक्षकों की आर्थिक स्थिती समाधानकारक होती है। देश में केंद्र सरकार के आईआईटी, आईआईएम, विश्वविद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, आर्मी पब्लिक स्कूल जैसे संस्थान अपने बेहतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए जाने जाते है, परंतु अन्य संस्थानों में बहुत बुरी स्थिति में शिक्षा प्रणाली नजर आती है। अनेक प्रवेश परीक्षाओं, शिक्षक भर्ती में फजीर्वाड़ा नजर आता है। बड़े-बड़े वेतनभोगी शिक्षकों को अपने विषय का ज्ञान नहीं होता। बहुत से राज्यों की सरकारी शिक्षा संस्थान कबाड़ की दुकान नजर आती है, विशेष रूप से पिछड़े क्षेत्रों में। नकली पदवी के लिए भी रैकेट सक्रिय है। शिक्षा विभाग में बहुत सी गंभीर समस्याओं की बातें तो जानते है, लेकिन कोई भी खुलकर विरोध नहीं करता है। आज शिक्षक भी व्यभिचार, भ्रष्टाचार, भेदभाव, नशाखोरी करता हुआ दिखता है। प्रसिद्ध निजी शिक्षण संस्थान जो आर्थिक रूप से मजबूत है, वे शिक्षा की गुणवत्ता बनाये रखने और बेहतर सुविधा विद्यार्थियों को प्रदान करने का प्रयत्न करते नजर आते है, लेकिन छोटे निजी संस्थान में नियमानुसार योग्यतापूर्ण शिक्षक की भर्ती केवल नाम के लिए होती है, क्योंकि अत्यल्प वेतन पर शिक्षक को नौकरी पर रखना उस शिक्षक से धोखा है, इसलिए ऐसे संस्थानों में हर साल अयोग्य नये शिक्षक आते-जाते है। इस कालावधि में विद्यार्थियों का बहुत नुकसान होता है, शिक्षक भी अपने छोटे-से वेतन के हिसाब से कामचलाऊ शिक्षा प्रदान करते है। ऐसे शिक्षक और विद्यार्थी दोनों विकसित समाज के लिए रुकावट का काम करते है। आजकल देश में गिरते शिक्षा के स्तर के लिए ऐसी शिक्षा प्रणाली जिम्मेदार है।

शिक्षा में अनेक कलंकित करने वाली घटनाएं नित्य घटित होती है, 15 अगस्त 2024 को नागपुर (महाराष्ट्र) के दैनिक भास्कर हिंदी समाचार पत्र के प्रथम पृष्ठ पर राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय में 92 प्रोफेसर पद भर्ती के लिए 30 करोड़ रुपये की रिश्वत लेने की खबर प्रकाशित हुयी थी, अर्थात हर एक पद के लिए 50-80 लाख रुपए के आसपास। 20 अगस्त 2024 को लोकमत समाचार पत्र में भी छत्रपति संभाजी नगर (महाराष्ट्र) के एक महाविद्यालय के प्रोफेसर जिनका वेतन पौने तीन लाख रुपए महीना है, उन्होंने अपने एक पीएचडी के विद्यार्थी से 5 लाख रुपये रिश्वत में लेने का तय किया और इसकी पहली किस्त 50 हजार रुपए लेते हुए एंटी करेप्शन ब्यूरो द्वारा प्रोफेसर पकडी गयी, यह खबर प्रकाशित हुयी थी। ऐसी खबरें अक्सर ही पढ़ने-सुनने को मिलती है, इस क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारी वर्ग इस हकीकत को काफी अच्छे से जानते है। लेकिन इसकी भयावहता का शिकार केवल गरीब और योग्य उच्च शिक्षित उम्मीदवार होता है क्योंकि वह रिश्वत नहीं दे सकता, इसलिए नौकरी प्राप्त कर पाना कठिन होता है। बहुत बार इस समस्या के बारे में कुलगुरु, सत्ताधारी नेता, मंत्री महोदय को अवगत कराया गया लेकिन कोई स्थायी समाधान नहीं मिला। गलत मार्ग से शिक्षक जैसे पवित्र पद प्राप्त करने वाले क्या सच में अपने पद की गरिमा, न्याय, निष्ठा बनाकर आदर्श शिक्षक बन पाएंगे? हमारे देश में 20 सालों से भी अधिक समय से योग्य उम्मीदवार यूजीसी-नेट, सेट, स्लेट जैसी असिस्टेंट प्रोफेसर पद हेतु योग्यता परीक्षा पास करके, एमफिल, पीएचडी पदवी प्राप्त करके, अपने जीवन के अनेक वर्ष, पैसा, उम्र इस उच्च शिक्षा को प्राप्त करने में खर्च करके भी उन्हें योग्यतानुसार नौकरी नहीं मिली इसलिए उनकी जिंदगी तबाह हो चुकी है। महाराष्ट्र राज्य में सरकारी सहायता प्राप्त (ग्रांटेड) कॉलेजों में प्रोफेसर पदों या नौकर भर्ती की जिम्मेदारी कॉलेज को दी गयी है, वेतन सरकार करता है लेकिन पद भर्ती कॉलेज करता है। अधिकतर शिक्षा संस्थान में अनुबंध पर शिक्षकों को दिहाड़ी मजदूर से भी कम वेतन प्राप्त होता है। इस महंगाई में जीवन जीना बहुत मुश्किल हो जाता है, इसलिए बहुत बार हताश होकर ऐसे शिक्षक आत्महत्या भी करते है।एक बार मैं चंद्रपुर (महाराष्ट्र) के ग्रामीण क्षेत्र के राज्य सरकार द्वारा अनुदानित लड़को के आवासीय आश्रम विद्यालय में एक दिन के लिए रुका था, तब बरसात का समय था, आश्रम भवन खंडहर की तरह था, दरवाजे की जगह लकड़ियों के टुकड़े जोड़कर काम चलाया जा रहा था, कमरे के अंदर से दीवारें भीगी थी, इतने अपर्याप्त सुविधाओं में छोटे-छोटे विद्यार्थी वहां निचे दरी बिछाकर सोते थे। स्नानगृह, शौचालय बहुत अस्वच्छ थे, इसलिए वहां के विद्यार्थी आश्रम के कुएं पर ही खुले में स्नान करते थे। वहां का रसोईघर देखकर तो किसी को भी भोजन करने की हिम्मत ही नहीं होगी। दीवारों से लगकर ही नालियां बह रही थी, जिसमें मौजूद बड़े-बड़े मच्छर एक पल के लिए भी शांत बैठने नहीं देते थे, ऐसे वातावरण में सांप, बिच्छू का डर बना रहता है। वह दृश्य आज भी याद करता हूँ, तो शरीर कांप जाता है और वहां के बच्चों पर तरस आता है कि देश का आने वाला भविष्य किस बदहाल स्थिति में दिन काट रहा है। आज के युग में सच्चा शिक्षक होना बहुत मुश्किल है। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

आज की बात



डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आप की बात

## जीवन जितना सजता है मां बाप के प्यार से उतना ही महकता है गुरु के आशीर्वाद से



नवीन कुमार सहाय

शिक्षक हमारे समाज के निमार्ता तो है ही वही हमारे मार्गदर्शक भी है। शिक्षक उस दीपक के समान होते हैं जो अपनी ज्ञान ज्योति से अपने विद्यार्थियों को प्रकाशित करते हैं। हमारे भारतवर्ष में तो शिक्षकों को भगवान माना जाता रहा है इसलिए तो कबीर शिक्षकों की को महिमा मंडित करते हुए कहते हैं गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाए बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए हालांकि गुरु ,ब्रह्मा, गुरु ,विष्णु जैसे उद्धत भाव रखने वाले देश में शिक्षकों के प्रति आदर भाव व्यक्त करने के लिए किसी विशेष दिन की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए ।उनका आदर किसी भी दिन क्या प्रत्येक दिन किया जाना चाहिए। वैसे भी शिक्षा तो जीवन भर चलने वाली सतत पद्धति है। शिक्षक कोई भी हो सकता है और शिक्षार्थी भी कोई,एक समय में कोई सीख रहा होता है या सीखा रहा होता है मनुष्य या तो शिक्षक है, या शिक्षार्थी हैं। है ,जब कभी भी शिक्षा का आदान-प्रदान समाप्त हो जाता है वहां पतन की स्थिति अवश्यंभावी हो जाती है। एक सफल छात्र ही आदर्श शिक्षक बनने की पात्रता रखता है । वही एक सफल शिक्षक के लिए जिज्ञासु छात्र की पात्रता अनिवार्य है। वर्तमान समय में बेहतर तरीके से जीना ही हमारे शिक्षा का उद्देश्य है ।ज्ञान की सार्थकता भी तभी है जब वह हमारे जीवन में उतरे, वर्तमान सरकार ने इकसवी सदी में शिक्षा के चार स्तंभ बनाए हैं।

**1. ज्ञान के लिए सीखना**
**2. करने के लिए सीखना**
**3. होने के लिए सीखना**
**4. रहने के लिए सीखना**

हम सभी को पता है कि शिक्षा में बदलाव ही वह मार्ग है जिसके दम पर हम समाज के उन्नत भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। शिक्षा एक उद्देश्य पूर्ण सामाजिक प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति की जन्मजात अंतर्निहित शक्तियों का विकास संभव हो पता है ।जिससे व्यक्ति सत्यम , शिवम ,सुंदरम का चिंतन करने योग्य बन सकता है। महान दार्शनिक एवं चिंतक प्लेटो के अनुसार शिक्षा नए समाज की रचना का समाज के नवनिर्माण का सर्वश्रेष्ठ साधन है। प्राचीन काल से हमारे देश की शिक्षा प्रणाली में मूल्य का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। आज की शिक्षा प्रणाली विद्यार्थियों को वह नहीं दे पा रही है जिसके वह हकदार हैं ' सा विद्या या विमुकतये ' विद्या वह है जो मुक्त करें उधर बने विद्या वह है जो विनम्र बनाएं। स्वामी विवेकानंद का कथन है कि हमें वह शिक्षा चाहिए, जिससे व्यक्ति चरित्रवान बनता है और उसकी प्रतिभा व मन की शक्ति विस्तार होता है। शिक्षा का सीधा संबंध व्यक्ति के विकास से है शिक्षा जीवन के संस्कारों को ही कहा गया है वस्तु तथा संस्कार युक्त जीवन ही शिक्षा का ध्येय है। नई शिक्षा नीति में शिक्षक की भूमिका और भी बढ़ जाती है। जिस तरह कुम्हार मिट्टी को आकार देकर उपयोगी बर्तन को बनता है उसी तरह से शिक्षक अपने छात्रों को तराश कर उसे सुंदर और सम्मानित जीवन प्रदान करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करते हैं।

देश की बात

# चीन के मुकाबले अब कहां है भारतीय इकोनॉमी



चंद्रभूषण

ग्लोबलाइजेशन की लहर बीते कुछ सालों में थम गई है। हर देश में अपना-अपना देखने, दूसरों के कारोबार में अड़ंगा लगाने की प्रवृत्ति दिखाई पड़ रही है। कोविड महामारी का दौर थमते ही दो-दो लड़ाइयों ने मुद्रास्फीति बढ़ा दी है और इसके असर से विदेश-व्यापार और पर्यटन पर निर्भर कुछ देश दिवालिया होने की तरफ बढ़ गए हैं। पड़ोस में श्रीलंका और बांग्लादेश में संपूर्ण अराजकता की स्थिति हमने देखी है और पाकिस्तान इसके बिल्कुल मुहाने पर पहुंच कर वापस लौटा है। इन हालात को देखते हुए भारत का आर्थिक प्रदर्शन अपेक्षाकृत अच्छा कहा जाएगा।

**भारत की खूबी :** भारत अभी दुनिया का अकेला ऐसा देश है, जिसकी रूस और अमेरिका-यूरोपीय संघ से समान मैत्री है। हाल तक यूरोप अपनी ईंधन जरूरतों के लिए काफी हद तक रूस पर ही निर्भर करता था लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पश्चिमी देशों ने रूस के तेल निर्यात पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए। वहीं, पिछले ढाई वर्षों में रूस से भारी मात्रा में कच्चा तेल खरीद कर भारत अपने विशाल तेल परिशोधन ढांचे के बल पर यूरोप और अफ्रीका को पेट्रोल-डीजल का निर्यात कर रहा है।

**इन्फ्रा डेवलपमेंट :** इधर, एक अर्से से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट का योगदान बहुत ज्यादा रहा है। सरकारी और निजी, दोनों तरह की पूंजी सड़क, रेलवे, बिजलीघर, बंदरगाह, रिफाइनरी, हवाई अड्डे, गोदाम और कोल्ड स्टोरेज वगैरह बनाने में जुटी है। इनमें रिफाइनरीज के लिए अभी छप्पर फाड़कर कमाई करने का वक्त है।

**आर्थिक ट्रेंड :** दुनिया में ग्रोथ की तीन प्रमुख रणनीतियां अभी तक देखी गई हैं। 1930 के दशक में अमेरिका ने, 1990 के दशक में यूरोपीय संघ ने, इस सदी के पहले दो दशकों में चीन ने और दसेक वर्षों से भारत ने भी ह्यइन्फ्रास्ट्रक्चर लेड ग्रोथह्ण का रास्ता अपनाया है। उसके पहले भारत की ग्रोथ ह्यकंजम्प्शन लेडह्ण, उपभोग आधारित मानी जाती थी, जबकि सन 2000 से 2020 तक दिखी चीन जैसी ह्यएक्सपोर्ट लेड ग्रोथह्ण हमारा सपना है।

**बदलाव आया :** दुनिया भर में आर्थिक वृद्धि और विकास की रणनीतियों पर पुनर्विचार जारी है, क्योंकि हाल तक इस बारे में जो अनुमान लगाए गए थे, पिछले सात-आठ वर्षों में संरक्षणवाद, महामारी और लड़ाइयों के इर्दगिर्द बनी गुटबंदी ने उनका भट्ठा बिठा दिया है। इस दिशा में सबसे चर्चित पूवार्नुमान पीडब्यूसी का माना जाता है, जिसने 2016 में अगले 34 वर्षों के लिए, यानी सन 2050 तक के लिए कुछ आर्थिक भविष्यवाणियां की थीं। इसके लिए उसने ऋ7 के मुकाबले ए7 नाम की एक अलग, अघोषित श्रेणी खड़ी की थी। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



बोधि वृक्ष

> प्रार्थना का पहला नियम है कि ईश्वर से केवल उचित इच्छाओं के लिए ही प्रार्थना करना। दूसरा नियम यह है कि उनकी पूर्ति के नाते करें: "मैं आपका बच्चा हूं। आप मेरे पिता हैं। आप मैं एक हैं।"

# प्रतिज्ञापन और प्रार्थना की शक्ति



श्री श्री परमहंस योगानंद

अतीत में आपको अपनी प्रार्थनाओं का उत्तर न मिलने से निराशा हुई होगी, परन्तु विश्वास मत खोइए। ...ईश्वर कोई मूक,भावनारहित प्राणाी नहीं हैं। वे तो साक्षात् प्रेम हैं। यदि आपको पता हो, कि उनके साथ सम्पर्क करने के लिए किस तरह ध्याान जाता है, तो वे आपकी प्रेमभरी मांगों की पूर्ति करेंगे। हमारी आवश्यकताओं की प्राकृति के अनुसार प्रार्थना कैसे और कब करनी चाहिए, इसे ठीक-ठीक जान लेने से ही इच्छित परिणाम प्राप्त होते हैं। जब सही विधि का प्रयोग किया जाता है, तो यह ईश्वर के उचित नियमों को चालित करती है; इन नियमों को संचालन वैज्ञानिक रूप से परिणाम लाता है।

प्रार्थना का पहला नियम है कि ईश्वर से केवल उचित इच्छाओं के लिए ही प्रार्थना करना। दूसरा नियम यह है कि उनकी पूर्ति के नाते करें: "मैं आपका बच्चा हूँ। आप मेरे पिता हैं। आप मैं एक हैं।" जब आप गहराई से और निरन्तर प्रार्थना करेंगे तो आपके अपने हृदय में एक महान् आनन्द उमड़ता हुआ अनुभव होगा। जब तक वह आनन्द प्रकट नहीं होता तब तक सन्तुष्ट न हों, क्योंकि जब उस सर्वतृप्तिदाय आनन्द को आप अपने हृदय में अनुभव करेंगे, तब आप जान जाएँगे कि आपके द्वारा की गयी प्रार्थना से साथ ईश्वर ने सम्पर्क कर लिया है।

फेसबुक वॉल से




X से




अपनी बात

# अपारे संसारे शिक्षकैव प्रजापति



उत्तम कुमार मुखर्जी
सहायक शिक्षक,
एस.एस.उच्च विद्यालय
रायडीह, गुमला

5 सितंबर को महान शिक्षाविद् सह भूतपूर्व रास्ट्रपति डॉ राधाकृष्णन की याद में मनाया जाता है। सर्वविदित है कि इस दिन सभी छात्र- छात्राएं अपने गुरूजनों को अपने श्रद्धा, प्रेम को शिक्षक दिवस मना करके व्यक्त करते हैं, इस दिन शिक्षण संस्थानों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते हैं जो शिक्षकों के सम्मान को प्रदर्शित करते हैं।

मेरे विचार से शिक्षक शब्द की महत्ता को शब्दों में नहीं बाँधा जा सकता है क्योंकि शिक्षक के गुणों का वर्णन करना, सूर्य को दीपक दिखाने के समान है।सनातन धर्म में ₹ ब्रह्मा को सृष्टि रचियता कहा गया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर मैं स्वरचित श्लोक(पद्म) की सहायता से शिक्षक की महत्ता को प्रदर्शित करना चाहूँगा, जो इस प्रकार है----

*अपारे ज्ञानलोके शिक्षकैव प्रजापतिः*
*यथास्मै रोचते विश्वं तथैव परिवर्त्तते।।*

अर्थात इस ज्ञानलोके में शिक्षक ही ब्रह्म- देव हैं ,वे जैसा चाहते हैं, वैसा ही छात्रों की रचना करते हैं। 21 वीं शदी में हमलोंग प्रवेश कर चुके हैं वर्तमान समय मॉडल टेक्नोलॉजी का है, जिसमें हम सबों को कदम से कदम मिलाकर चलना है लेकिन प्राचीन सभ्यताओं को भी साथ लेकरके चलना है।प्राचीन काल में गुरूओं को देवतुल्य माना जाता था।संस्कृत में भी कहा गया है-मातृदेवो भव,पितृदेवो भव,आचार्यो देवो भव अर्थात मां,पिता एवं गुरुजी देवतुल्य होते हैं और वास्तव में हैं भी लेकिन पाश्चात्य सभ्यता के अनुकरण में हमारे देश के छात्र-छात्राएं अपनी मूल संस्कृति से दूर होते नजर आते हैं जो अति चिंतनीय विषय है यही कारण है कि गुरू-शिष्य के बीच संबंध में दूरियां हैं जिसे कम करने की आवश्यकता है, इसके लिए शिक्षकबन्धुओं, प्रबुद्धजनों, सरकार को इस विषय पर गहन चिंतन की आवश्यकता है। कहा जाता है डॉ.राधाकृष्णन छात्रों से बहुत प्रेम करते थे, जिसके कारण उनके जन्मदिन को शिक्षक दिवस मनाया जाता है आज ही के दिन ( 5-9-1888 ) को सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्म हुआ था। वे अच्छे शिक्षक के साथ देशप्रेमी इंसान भी थे उनके जीवन की एक रोचक घटना का मैं वर्णन करना चाहूंगा---

एक बार डॉ राधाकृष्णन अंग्रेजी की सभा में गये थे अंग्रेज भारतीयों से नफरत करते थे डॉ राधाकृष्णन को देखकर एक अंग्रेज बोले हम अंग्रेज कितने भाग्यशाली हैं, ईश्वर हमसबों को गोरा बनाये हैं भारतीय काले हैं इसका उत्तर तीन रोटी की रचना करके राधाकृष्णन जी भारतीयों की लोहा मनवाया थे,उनका कहना था पहली रोटी जब ईश्वर बना रहे थे तो वो कच्ची रह गई उससे अंग्रेज उत्पन्न हुए, दूसरी रोटी में अधिक समय देने से वो जल गई जिससे निग्रो सम्प्रदाय के लोग उत्पन्न हुए तीसरे रोटी में ईश्वर विशेष ध्यान दिये, जिससे तीसरी रोटी कच्ची और जल कर काली नहीं हुई बल्कि अच्छी तरह से पक गई जिससे हम भारतीय उत्पन्न हुए।

कथा का सार यही है कि राधाकृष्णन जी अच्छे शिक्षक, राष्ट्रपति, देशप्रेमी व्यक्ति थे, उनके आदर्शों को हम शिक्षक-छात्रों को अपना चाहिए एवं ज्ञानलोक में ब्रह्म देव सदृश शिक्षक का सम्मान करने के लिए कृत्संकल्प होना चाहिए।तब ही शिक्षक दिवस की सार्थकता सिद्ध होगी।



स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा को लेकर परिवहन चला वाहन जांच अभियान

**बालूमाथ।** जिला परिवहन विभाग ने बालूमाथ मुख्य मार्ग स्थित मकईया ताड़ एवं झारखंड ढाबा के पास वाहन जांच अभियान चलाया। इस दौरान छोटी-बड़ी वहनों को रोक उनके कागजात की जांच की गई। मोटरसाइकिल चालक जो हेलमेट नहीं लगाए हुए थे उनको हेलमेट लगाने का नसीहत देते हुए ऑनलाइन चालान काटा गया। इस विषय में परिवहन विभाग के कर्मी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जिले के उपायुक्त के निर्देश पर सड़क सुरक्षा पालन कराने के उद्देश्य से यह वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। सड़क दुर्घटना में इजाफा न हो। इस दौरान ऑनलाइन और ऑफलाइन में 1 लाख 20 हजार रुपए की राजस्व का वसूली की गई।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता कार्यक्रम

**चंदवा।** नागरिकों के शिकायत का तुरंत एवं प्रभावी निराकरण हेतु झारखंड पुलिस के द्वारा एक अनोखी पहल की शुरूआत की जा रही है। राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के आदेश के आलोक में लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशन में जिले के सभी थानों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित होगी जिसमे आम लोगों की फरियाद को प्रशासन सुनेगी व त्वरित समाधान भी निकलेगा। शनिवार 7 सितंबर को सुबह 11 बजे से चंदवा थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित होगी। कार्यक्रम की सफलता को लेकर चंदवा पुलिस के द्वारा प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। पुलिस के द्वारा चंदवा शहर के विभिन्न चौक चौराहा के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को जागरूक किया जा रहा है व कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी समस्याओं को रखने की भी अपील की जा रही है।

### अंतिम संस्कार कराने गए युवक का नहाने के दौरान तालाब में डूबने से मौत

**मयूरहंड (चतरा)।** अम्बातरी गांव के अर्जुन सिंह की मौत मंगवार के बाद अंतिम संस्कार श्मशान घाट में करने गए गांव वालों के साथ एक युवक की तालाब में डूबने से हो गई है। मृतक युवक भी गया हुआ था। मृतक की पहचान रंजीत कुमार के 24 वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार के रूप में हुई है। डाक विभाग में नौकरी करता था। रांची से अंतिम कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचा था। बताया जाता है कि अंतिम संस्कार होने के बाद मृतक गांव के एक युवक के साथ तालाब में नहाने लगा,और गहरा पानी होने के कारण तालाब में डूब गया। साथ नहाने वाला युवक मृतक को डूबता देख हल्ला किया। जिसके बाद गांव के लोग युवक को काफी मश्कत के बाद बाहर निकाल। स्वास्थ्य केंद्र इटखोरी ले गए। वहां जांच के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मयूरहंड थाना को सूचना दी गई सूचना पाकर अवर निरीक्षक शिवदोय तिर्की ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।

## डीएमएफटी मद से आंगनबाड़ी केन्द्रों में सामग्रियों के अधिष्ठापन व वितरण कार्य का शुभारंभ

# गर्भवती महिलाओं की सेहत का रखा जाएगा ख्याल : डीसी

**– महिलाओं की गोद भरायी व बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया**

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** उपायुक्त गरिमा सिंह ने बुधवार को आंगनबाड़ी केन्द्र, राजहार में पोषण सप्ताह के तहत आयोजित कार्यकम में डीएमएफटी मद से लातेहार जिला के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में एएनसी किट के 16 सामग्रियों के साथ अधिष्ठापन तथा वितरण कार्य का शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कार्यक्रम कहा कि डीएमएफटी मद से लातेहार जिला के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुल 16 सामग्रियों के अधिष्ठापन तथा वितरण कार्य का शुभारंभ मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र, राजहार से किया जा रहा है। जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गर्भवती महिलाओं की सेहत में सुधार एवं कुपोषण दूर को कम करने के उद्देश्य से जिले के सभी 962 आंगनबाड़ी केंद्रों में एएनसी किट के 16 सामग्रियों के साथ उपलब्ध कराया जाएगा। सभी आंगनबाड़ी केन्द्रो में उपलब्ध कराए जाने वाले किट में कुल16 सामग्रियां है। जिनमें मुख्यतः वयस्क वजन मशीन, डिजिटल बीपी मशीन, इन्फैंटोमीटर, स्टेडियो मीटर, थमोर्मीटर, हीमोग्लोबिन मीटर, ग्लूकोमीटर, ड्रेसिंग ट्रॉली, डस्टबिन, टेबल, कुर्सी, गोदरेज, फेटल मॉनिटर, थ्री फोल्ड स्क्रीन, डबल फुट स्टेप, न्यूबॉर्न थमोर्मीटर आदि उपलब्ध कराया जायेगा। जिनकी मदद से पोषक क्षेत्र के सभी बच्चे, गर्भवती धात्री एवं किशोरी बालिकाएं आसानी से अपने स्वास्थ्य का परीक्षण एवं जांच करा सकेंगे। नवजात शिशुओं का वजन मापने के लिए इन्फैंट वेइंग मशीन, गर्भवती महिलाओं के हीमोग्लोबीन जांच के लिए डिजिटल हीमोग्लोबिनोमीटर दिया गया है। इससे एनीमिया की शिकार गर्भवती महिलाओं की जांच समय रहते पूरी कर ली जाए और उनके खान-पान में जरूरी सुधार किया जा सके। साथ ही, ब्लड प्रेशर मापने के लिए डिजिटल बीपी मॉनिटर दिया गया है। उन्होने कहा कि लोगों को हर तरह की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी के तहत गर्भवती महिलाओं एवं नवजात के स्वास्थ्य जांच के लिए एएनसी किट का वितरण किया जा रहा है। ताकि सुदूरवर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की भी समय- समय पर एएनसी जांच हो सके। इससे न सिर्फ गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार करने में सहयोग मिलेगा, बल्कि नवजात के भी स्वास्थ्य का ध्यान रखा जा सकेगा। जिससे की जिले से कुपोषण को खत्म किया जा सकेगा। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि उपायुक्त के प्रयास से जिला अंतर्गत एएनसी किट व फर्नीचर सामग्रियों के वितरण पहली बार आंगनबाड़ी केंद्रों में किया गया है। इससे आंगनबाड़ी सेविका के साथ पोषक क्षेत्र में रहने वाले किशोरी गर्भवती धात्री एवं बच्चों को उनके स्वास्थ्य के देखभाल में सहूलियत होगी। मौके पर उपायुक्त द्वारा महिलाओं की गोद भरायी व खीर खिलाकर बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। उपायुक्त ने सभी को भारत के बच्चों, किशोरों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त और मजबूत करने, राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान हर घर तक सही पोषण का संदेश पहुंचाने, सही पोषण का अर्थ पौष्टिक आहार साफ पानी और सही प्रथाएं समझाने, पोषण अभियान को एक देशव्यापी जन आंदोलन बनाने, हर घर, हर विद्यालय, हर गांव, हर शहर में सही पोषण की गूंज उठाने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र, राजहार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने छोटे बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, प्रभारी पदाधिकारी डीएमएफटी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सभी महिला पर्यवेक्षिकाये, एवं काफी संख्या में गांधी कॉलेज लातेहार की छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### जन शिकायत शिविर का आयोजन कल से

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर लातेहार जिला में नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निवारण करने के उद्देश्य से जिले के सभी थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। लातेहार थाना क्षेत्र में 06 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से लातेहार थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। चंदवा थाना क्षेत्र में 07 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे पूर्वाह्न से चंदवा थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। छिपादोहर एवं बरवाडीह थाना क्षेत्र में 06 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे पूर्वाह्न से बरवाडीह थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। मनिका थाना क्षेत्र में 07 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे पूर्वाह्न से मनिका थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। बालूमाथ, हेरहंज एवं बारियातु थाना क्षेत्र में 07 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे पूर्वाह्न से बालूमाथ थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। महुआडाड एवं नेतरहाट थाना क्षेत्र में 06 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे पूर्वाह्न से महुआडांड थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। गारू एवं बारेसाढ़ थाना क्षेत्र में 07 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे पूर्वाह्न से गारू थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। सम्पूर्ण लातेहार जिला (सभी थाना) में 10 सितंबर को पूर्वाह्न 11 बजे पूर्वाह्न से टाउन हॉल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है।

### जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन, विवादित मामलों का किया जाएगा निपटारा

**महुआडांड़।** थाना परिसर में 6 सितंबर को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि, पुलिस महानिरीक्षक झारखंड रांची के द्वारा निर्गत आदेश के आलोक में महुआडांड़ थाना परिसर में 6 सितंबर 2024 को सुबह 11 बजे से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, आम नागरिकों की शिकायतों और विवादों पर त्वरित और प्रभावी समाधान करना। जिससे पुलिस एवं नागरिकों के बीच और भी बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके। थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने प्रखंड के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे सभी इस कार्यक्रम में अवश्य भाग ले, और अन्य लोगों को भी प्रेरित करें जिससे अधिक से अधिक लोग अपनी समस्या एवं विवाद सुलझा सके, और त्वरित समाधान पा सके। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व में महुआडांड़ पुलिस बल के जवानों के द्वारा प्रचार प्रसार करते हुए शास्त्री चौक, बिरसा चौक, बस स्टैंड, रामपुर चौक समेत सभी महत्वपूर्ण स्थानो पर सूचना पोस्टर चिपकाए गए।

### सरकार घर-घर तक योजनाओं को पहुंचाने का कर रही है काम : बीडीओ

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के गिद्धौर पंचायत में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्धघाटन उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, बीडीओ राहुल देव,झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप दिप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सभी विभाग के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। जहां विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु सैकड़ो आवेदन प्राप्त हुए। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को संबोधित करते बीडीओ ने कहा कि सरकार घर-घर जाकर अपने योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। सरकार गरीब मजदूर किसान के हित के लिए चलाए जा रहे योजनाओं को उन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। वही मुखिया ने भी लोगों को संबोधित किया और सरकार के द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया। इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### समग्र पोषण और पोषण भी पढ़ाई के तहत साइकिल रैली

**चतरा।** केन्द्र प्रायोजित पोषण अभियान के तहत इस वर्ष भी 1 से 30 सितंबर 2024 तक पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष पोषण माह के थीम अनिमिया, वृद्धि निगरानी, उपरी आहार, पोषण भी पढ़ाई भी एवं बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहत उपयोग है। इसी क्रम में बुधवार को उपायुक्त रमेश घोलप के निदेर्शानुसार समग्र पोषण और पोषण भी पढ़ाई भी थीम पर साईकल रैली का अयोजन किया गया। साईकल रैली आयोजन के पूर्व पोषण अभियान अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। हस्ताक्षर अभियान के पश्चात साईकल रैली को अपर समाहर्त्ता अरविंद कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उक्त साईकल रैली समाहरणालय परिसर से केशरी चौक होते हुए चतरा सदर प्रखंड परिसर तक निकली गई। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र, जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाइक, प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, ग्रामीण एवं विभिन्न विद्यालय के छात्र/छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## चयन के बाद सेवा नहीं लेने पर महिला ने लगाई उपायुक्त से गुहार

**चंदवा।** प्रखंड के अलौदिया पंचायत अंतर्गत शुक्रबाजार निवासी हीरामनी देवी पति मनु उरांव ने उपायुक्त,सिविल सर्जन और अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार को आवेदन देकर सहिया पद पर कार्य मे लगाने की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि एनएचएम के पत्र के आलोक में प्रखंड के अलौदिया पंचायत के भुइंया टोली आंगनबाड़ी केंद्र में ग्राम प्रधान प्रभु तुरी की अध्यक्षता में 20 दिसंबर 2023 को ग्राम सभा का आयोजन स्वास्थ्य सहिया पद के लिए किया गया था। इस ग्राम सभा में मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो, ग्राम प्रधान प्रभु दूरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीटीटी वीरेंद्र कुमार,वार्ड सदस्य माधुरी देवी,आंगनबाड़ी सेविका अंजू देवी,स्वास्थ्य सहिया आश्रिता मूचू और आरती देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद थे। ग्राम सभा में सर्वसम्मति से नियमों के अनुसार स्वास्थ्य सहिया पद के लिए हीरामणि देवी का चयन किया गया था। स्वास्थ्य सहिया चयन के एक महीने बाद फरवरी माह में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में कार्यरत बीटीटी वीरेंद्र कुमार से मुलाकात कर आगे की प्रक्रिया के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि ग्राम सभा हो गया है। जिसे जिला भेज देंगे वहां से रिपोर्ट आ जाएगा उसके बाद आप काम शुरू करेंगे। आवेदन में आगे कहा है कि सहिया पद का चयन हुए करीब 9 माह बीत चुके हैं लेकिन अब तक बहाली नहीं हो पाई है। उन्होने बीटीटी पर आरोप लगाया की पैसा नहीं देने के कारण मेरी बहाली स्वास्थ्य सहिया के पद पर नहीं किया जा रहा है। उन्होंने उपायुक्त समेत अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार सिविल सर्जन लातेहार को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में पूछे जाने पर बीटीटी बीरेंद्र कुमार ने कहा कि ग्राम सभा में एक दर्जन लोग ही थे। मैने स्पष्ट कहा था कि आपत्ति होने पर इसे रद्द कर दिया जायेगा। कई लोगों ने इस चयन पर आपत्ति जतायी थी।

## केंद्रीय राज्य मंत्री व सासंद का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**मंत्री तोखन साहु व सांसद ने नगर मंदिर में मत्था टेका**

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** केंद्रीय राज्य मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग सह चतरा लोकसभा प्रभारी तोखन साहू व चतरा सांसद कालीचरण सिंह का बुधवार को चंदवा में भाजपाइयों ने जोरदार स्वागत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री व सांसद बुधवार को लातेहार में आहूत जिला कार्य समिति की बैठक में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी क्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चंदवा के नगर मोड़ के समीप उनका स्वागत किया। जिसके बाद मंत्री तोखन साहू व सांसद कालीचरण सिंह ने प्रसिद्ध मां उग्रतारा नगर भगवती मंदिर में मत्था टेक पूजा अर्चना की। इसके पश्चात वे चंदवा के पथ निर्माण विश्रामागार परिसर पहुंचे जहां कार्यकताओं से मुलाकात की व क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने टोरी रेलवे फाटक पर आरओबी निर्माण नहीं होने से प्रतिदिन हो रही परेशानियों को उनके समक्ष रखा जिस पर सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि चुनाव जीतने के बाद पहले दिन से ही वे इस समस्या के प्रति गंभीर हैं। फिलहाल मामला टेंडर प्रक्रिया में है। आगे आरओबी निर्माण में जो भी बाधाएं हैं उसे दूर किया जायेगा। वहीं दौरे के क्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि झारखंड की जनता हेमंत सोरेन सरकार से परेशान है। यहां की जनता को बड़े-बड़े सपने दिखाकर हेमंत सरकार सत्ता में तो आ गई। लेकिन सत्ता में काबिज होने के बाद सारे वायदे भूल गए। जिससे जनता काफी नाराज है व बहुत जल्द हेमंत सरकार सत्ता से जाने वाली है। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र की जनता और कार्यकर्ताओं में उत्साह है। चुनाव से पूर्व सभी बूथों पर पार्टी को मजबूत करने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जा रहा है। मौके पर पूर्व विधायक प्रकाश राम,किसान मोर्चा सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक सरोज देवी,किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेन्द्र यादव, मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, मंडल महामंत्री दीपक निषाद,मनीष कुमार चांदो, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रिकी वर्मा, राजकुमार पाठक, सूर्यनारायण साहू, मीनाक्षी देवी, आशीष सिंह, चंद्रभूषण केसरी समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रविदास महासभा का प्रखंड कमेटी का गठन, अजय राम बने अध्यक्ष



नवीन मेल संवाददाता

**बारियातू।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित खेल स्टेडियम प्रांगण में बुधवार को झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा इकाई जिला कमेटी की ओर से बारियातू प्रखंड कमेटी का गठन व विस्तार किया गया। सर्वसमिति से अध्यक्ष अजय कुमार रवि, उपाअध्यक्ष भोला राम, मनोज राम, सचिव सुनील कुमार रवि, कोषाध्यक्ष मुकेश राम, मीडिया प्रभारी रुपेश कुमार व संजीत कुमार, मुख्य संरक्षक मुन्ना राम, जितेंद्र राम व सर्वजीत राम सहित 16 सदस्यों को चयन किया गया। सकेंद्र राम ने कहा कि हमारे समाज में शिक्षा की कमी है व समाज के लोग नशा में डूबे हुए हैं, जिससे नशामुक्त करना है। अपने बच्चों को पढ़ाई लिखाई में अधिक सें अधिक ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में जिला अध्यक्ष सुनील कुमार रवि, जिला संरक्षक रविशंकर जाटव, बालेश्वर राम, अरुण कुमार, संजय दास, बालेश्वर जाटव एवं मंदीप राम, जयप्रकाश राम, शत्रुधन राम, अर्जुन राम, रामचरित्र राम, विकाश कुमार रवि, पवन कुमार, कृष्णा राम, इंद्रदेव राम , पिन्टू राम, प्रकाश राम, नागेश्वर राम, राजा कुमार रवि, अनिल राम, प्रकाश राम, सकेंद्र राम, विनोद, विकास कार्तिक, केदार राम सहित काफी संख्या मे रविदास समाज के लोग उपस्थित थे।

# योजना सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है : विधायक

नवीन मेल संवाददाता



**गारू।** शिक्षा के क्षेत्र में सुधार और बच्चियों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सरकार आपकी द्वारा कार्यक्रम के तहत मनिका विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने गारू प्रखंड की आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों की उन बच्चियों के लिए वरदान साबित होगी, जिन्हें स्कूल आने-जाने में लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। विधायक सिंह ने कहा कि सुदूरवर्ती इलाकों में कई बच्चियां शिक्षा से वंचित रह जाती हैं क्योंकि उन्हें स्कूल जाने में असुविधा होती है। हेमंत सोरेन सरकार ने इस चुनौती का समाधान करते हुए आठवीं कक्षा की छात्राओं के लिए साइकिल वितरण योजना शुरू की है, ताकि वे नियमित रूप से बच्चियों स्कूल जा सकें और उनकी पढ़ाई में कोई बाधा न आए। उन्होंने बताया कि यह योजना सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दशार्ती है, जिसमें हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों और अभिभावकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे उनकी बेटियों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहन मिलेगा। वे अब आसानी से स्कूल जा सकेंगी और उनकी पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार भविष्य में भी इसी तरह की योजनाएं लाकर बच्चों की शिक्षा में सुधार के लिए काम करती रहेगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान सरकार की प्राथमिकता में है और शिक्षा के क्षेत्र में कोई भी बच्चा पीछे न रहे इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## न्यूज बॉक्स

### फरार मैनेजर के घर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर चतरा पुलिस की सहायता से चतरा के अभियुक्त के घर इश्तेहार चस्पां किया है। बालूमाथ थाना में दर्ज प्राथमिकी अभियुक्त अभिषेक कुमार मिश्रा पिता-प्रभात मिश्रा बुचीडारी छठ तालाब रोड चतरा के घर पर चतरा पुलिस के सहयोग से इश्तिहार चिपकाया गया है। इस संबंध में बालूमाथ थाना में पदास्थापित एएसआई संजय चौधरी ने बताया कि भारत फाइनेंस इनक्लूजर कंपनी के ऋणधारक महिला समूह से लिया पैसा लगभग 17 लाख गबन करने का अभिषेक आरोपी है। न्यायालय द्वारा इश्तेहार जारी किया गया है। अगर अभिषेक मिश्रा एक माह के अंदर सरेंडर व न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ तो उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके चल और अचल संपत्ति को जब्त कर लिया जाएगा। मौके पर एएसआई संजय चौधरी सहित सशस्त्र पुलिस बल के साथ साथ चतरा पुलिस मौजूद थी।

### शिविर के माध्यम से लाभुकों के बीच धोती साड़ी का किया वितरण

**मयूरहंड (चतरा)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन बुधवार को पेटादेरी पंचायत सचिवालय में आयोजित की गई। जिसका शुभारंभ डीएलएओ वैभव कुमार सिंह,बीडीओ मनीष कुमार,पंचायत समिति सदस्य पूजा कुमारी,उप मुखिया खुशबु कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।शिविर में पंचायत क्षेत्र से काफी संख्या में जरूरत मंद महिला व पुरुष शामिल हुए।शिविर में पहुचाने वाले लोगों को परेशानी ना हो इसे लेकर डीएलएओ वैभव कुमार सिंह ने विभाग वार लगाए गए स्टॉल का निरिक्षण कर संबंधित विभागों के कर्मियों को शिविर में आने वाले आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करने का निर्देश दिया।ताकि अधिक से अधिक आवेदनों का निष्पादन ऑन द स्पॉट किया जा सके। शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों में 1228 आवेदन प्राप्त हुआ।जिसमें से लगभग 556 आवेदनों को ऑन द स्पॉट निष्पादित किया गया।जिसमें सार्वजन पेंशन योजना 68,साइकिल वितरण 24,जॉब कार्ड 10,धोती साड़ी 60 के अलावा स्वास्थ्य जांच,पशु दवा, जाति प्रमाण पत्र का वितरण लाभुकों के बीच डीएलएओ ने किया।इस मौके पर डीएलएओ ने पंचायत वार आयोजित शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का अपील लोगों से किया। ताकि शिविर के माध्यम से अधिक से अधिक लाभ अंतिम व्यक्ति को मिल सके।

### गणेश महोत्सव की तैयारी जोरों पर कारीगर दे रहे हैं पंडाल को अंतिम रुप

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र में गणेश महोत्सव को लेकर तैयारियां जोरो पर है। प्रखंड क्षेत्र में कहीं तीन दिनों, तो कहीं पांच दिनों के लिए महोत्सव का आयोजन होता है। गणेश महोत्सव को लेकर बाजार सजने लगा है। वहीं एक ओर कारीगर पूजा पंडाल और मूर्तियों के अंतिम रूप देने में लगे हैं तो वहीं दूसरी ओर घरों पर महिलाएं अपने ओर से तैयारी में जुटी हुई हैं। इस संबंध में विभिन्न क्लबों के अध्यक्ष ने बताया कि गणेश महोत्सव की तैयारी जोर शोर से की जा रही है। गणेश महोत्सव के प्रथम दिन कलश यात्रा के साथ गणेश महोत्सव सह पूजा का शुभारंभ किया जाएगा। उसके बाद क्रमवार अनुष्ठान व पूजा-अर्चना कर उत्सव मनाया जाएगा। वही श्री सार्वजनिक गणपति पूजा समिति बरवाडीह के अध्यक्ष बंधन प्रजापति व रविन्द्र दांगी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पूजा धूम-धाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। महोत्सव को लेकर चारो तरफ लाइटिंग की जा रही है।

### भाजपा नेता ने राजनीतिक मुद्दों पर की चर्चा

**टंडवा (चतरा)।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के भाजपा से कुलदीप कुमार दास राज्य से लेकर केंद्र तक के भाजपा नेताओं व मंत्रियों से मिलकर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र की जन समस्याओं से अवगत कराने के साथ अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं। ऐसे में विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर क्षेत्र में सियासी पारा तेज हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को केंद्रीय राज्यमंत्री सह छत्तीसगढ़ लोकसभा के सांसद एवं चतरा व लातेहार जिला प्रभारी तोखन साहू से मुलाकात कर चुनावी मुद्दा पर चर्चा कर अपनी दावेदारी पेश की। कुलदीप कुमार दास ने कहा कि लगातार 5 साल से पत्रकारिता करने के बाद क्षेत्र की समस्याओं से भली भांति अवगत हैं। इन समस्याओं का समाधान को लेकर एवं क्षेत्र के विकास को लेकर सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के विस्थापित परिवारों को न्याय नौकरी और उचित मुआवजा दिलाने, विस्थापन से प्रभावितों को पूर्ण न्याय, रोजगार और स्व-रोजगार में प्रथामिकताएं, सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में खुले खदानों और कारखानों में युवाओं को रोजगार, शिक्षा के लिए उच्च शैक्षणिक तथा तकनीकी महाविद्यालयों का गठन और निर्माण, अस्पतालों में डॉक्टर और नर्सों की अपने स्तर से बहाली, राज्य सरकार के नियमानुसार स्थानीयों को 75 प्रतिशत रोजगार, किसानों के लिए सिंचाई की नई योजना बना कर हर खेत में पानी उपलब्ध कर पहुंचना प्राथमिकता होगा।

### अलौदीया पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

**चंदवा।** हेमंत सरकार द्वारा चलायी जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को प्रखंड के अलौदिया पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ चंदन प्रसाद, उपप्रमुख आश्विनी कुमार मिश्र, बीस सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, मुखिया फुलजेंसिया टोप्पो ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के उपरांत अतिथियों ने मुख्यमंत्री मंइया सम्मान योजना,अबुवा आवास योजना,सावित्री भाई फूले किशोरी समृद्धि योजना, साइकल वितरण योजना,पेंशन समेत विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को स्वीकृति पत्र व चेक वितरण किया। साथ ही पंचायत के लाभुको के बीच धोती-साड़ी का वितरण किया। इस दौरान बीडीओ चंदन प्रसाद ने आमजनों के बीच संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की व योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। वहीं शिविर में प्रशासन के द्वारा प्रमाण पत्र,अबुआ आवास,मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना,महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना,कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग समेत कई अन्य विभागों के द्वारा स्टाल लगाए गए थे। स्टाल के माध्यम से लोगों ने योजनाओं की जानकारी ली व लाभ को लेकर आवेदन भी दिया। शिविर का संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव ने किया। मौके पर प्रभारी सीआई महेश सिंह, पंचायती राज प्रखण्ड समन्वयक रितेश कुमार, कर्मचारी, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, रोहित मेहता, महेंद्र प्रसाद, रामकृष्ण मिश्रा समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजपा मंडल कार्य समिति नेआगामी विधानसभा के चुनाव पर बनायी रणनीति

**चतरा।** प्रखंड मुख्यालय के बटेश्वर शिव मंदिर परिसर में बुधवार को भाजपा मंडल कार्य समिति की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी विनय जायसवाल व जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार ने की। जबकि संचालन मंडल महामंत्री मनोज कुमार कुशवाहा ने किया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए कई रणनीति बनाई गई। कार्यकताओं को चुनाव में जोश खररोष के साथ जुट जाने का आह्वान किया गया। बताया गया की छह व सात सितंबर को प्रत्येक शक्ति केंद्र पर बैठक आयोजित किया जाएगा। जबकि आठ व नौ को प्रत्येक मतदान केंद्र पर समिति की बैठक होगी। जबकि मतदान केंद्र वाइज व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का भी निर्णय लिया गया। जिसमें प्रबुद्ध ग्रामीण, बुद्धिजीवियों, सेवानिवृत कर्मियों को अधिक से अधिक जोड़ने का निर्णय लिया गया। बैठक में भाजपा के, मंडल युवा अध्यक्ष बबलू कुमार साव,अमीर दांगी, किसान मोर्चा के सुनील राणा सहित कई अन्य उपस्थित थे।




16.32 मीटर थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया सचिन ने

16.38 मीटर के थ्रो के साथ कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने स्वर्ण पदक जीता

# सचिन खिलारी ने पुरुषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में जीता रजत

**एजेंसी। पेरिस**

पैरा-एथलीट सचिन खिलारी ने बुधवार को चल रहे पेरिस पैरालिंपिक में पुरुषों की शॉट पुट एफ46 फाइनल में रजत पदक जीता। सचिन ने 16.32 मीटर थ्रो के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जो क्षेत्र का सर्वश्रेष्ठ (एबी) भी है। हालांकि, भारतीय एथलीट 0.6 मीटर से चूकने के कारण शीर्ष स्थान से चूक गए।

कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, यह उनका सीजन का सर्वश्रेष्ठ (एसबी) प्रदर्शन भी था। इस बीच, क्रोएशिया के लुका बाकोविक ने 16.27 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। हांग्जो में पिछले एशियाई पैरा खेलों में, सचिन ने स्वर्ण पदक जीता था।

उन्होंने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 2023 और 2024 संस्करणों में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय पैरा-एथलीटों ने तीन वर्ष पहले टोक्यो पैरालंपिक खेलों में जीते गए 19 पदकों के अपने सर्वोच्च स्तर को पार करते हुए पेरिस में इतिहास रच दिया है। भारत ने अब तक 21 पदक जीत लिया है, जिसमें 3 स्वर्ण, 8 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। टोक्यो संस्करण (24 अगस्त - 5 सितंबर, 2021) में भारत ने पांच स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य सहित 19 पदकों के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

## पेरिस पैरालिंपिक: भाविनाबेन पटेल टेबल टेनिस महिला एकल वर्ग 4 के क्वार्टर फाइनल में हारीं



**नई दिल्ली। पेरिस**

टोक्यो पैरालिंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय पैरा-पैडलर भाविनाबेन पटेल को बुधवार को पेरिस पैरालिंपिक 2024 में महिला एकल वर्ग 4 के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। चीन की झोउ यिंग के खिलाफ एक करीबी मुकाबले वाले क्वार्टर फाइनल मैच में, पटेल अंततः 12-14, 9-11, 11-8, 6-11 के स्कोर से हार गईं।

पहले गेम ने मैच की दिशा तय कर दी, जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने कड़ी टक्कर दी। पटेल ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी, लेकिन यिंग का कौशल अंतर साबित हुआ, चीनी पैडलर ने पहला सेट 14-12 से जीत लिया।

यिंग ने दूसरे गेम में भी अपनी गति बनाए रखी, खेल पर हावी रही और 11-9 से आरामदायक जीत हासिल की। एलिमिनेशन का सामना करते हुए, पटेल ने तीसरे गेम में वापसी की और, इसे 11-8 से जीता, जिससे मैच निर्णायक चौथे गेम में चला गया।

चौथे गेम में एक आशाजनक शुरूआत के बावजूद, पटेल अपनी गति को बनाए रखने में असमर्थ रहीं। यिंग ने नियंत्रण हासिल किया और 6-11 की जीत के साथ मैच को समाप्त कर दिया, जिससे पेरिस पैरालिंपिक में पदक जीतने की पटेल की उम्मीदें खत्म हो गईं।

## भारत

भारत के पास अब कुल 21 पदक हैं, जो टोक्यो पैरा खेलों में जीते गए पदकों से दो ज्यादा हैं। भारत के पास इस समय तीन स्वर्ण, आठ रजत और दस कांस्य पदक हैं, जिससे वह पदक तालिका में 19वें स्थान पर है।

## राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बन सकते हैं द्रविड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ आईपीएल 2025 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ बतौर मुख्य कोच जुड़ सकते हैं। इस साल जून में बारबाडोस में 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारत की पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था। टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ का कोचिंग कार्यकाल भी सफल रहा है। उनकी देखरेख में ही भारत ने टी-20 विश्व कप 2024 जीता था। इसी के साथ टीम इंडिया के साथ उनके कोचिंग कार्यकाल का अंत यादगार रहा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो को पता चला है कि द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और बड़ी नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन पर भी फ्रेंचाइजी के साथ उनकी चर्चा हो चुकी है। टीम के मौजूदा कप्तान संजू सैमसन का द्रविड़ के साथ लम्बे समय से पेशेवर रिश्ता रहा है। सैमसन का शुरूआती करियर द्रविड़ की ही देखरेख में उभरा था। क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद, द्रविड़ ने 2014 और 2015 के आईपीएल सत्रों में टीम के मेंटॉर के रूप में काम किया। इससे पहले कि वह 2019 में एनसीए के निदेशक बनने तक दिल्ली कैपिटल्स के साथ वही भूमिका निभाते रहे। राजस्थान के साथ द्रविड़ का पुराना संबंध रहा है।

# दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड के बाद भारतीय टेस्ट टीम का ऐलान संभव

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय टेस्ट टीम का अभ्यास सत्र चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में 12 सितंबर से शुरू होगा। भारत और बांग्लादेश के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज की शुरूआत 19 सितंबर से होगी। बांग्लादेश का अभ्यास सत्र चेपॉक पर ही 15 सितंबर से शुरू होगा। बीसीसीआई ने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए अभी तक टीम की घोषणा नहीं की है। यह घोषणा दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के बाद होने की संभावना है, जो 5 से 8 सितंबर तक बेंगलुरु और अनंतपुर में प्रस्तावित है। दलीप ट्रॉफी में शुभमन गिल, केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, कुलदीप यादव, आकाश दीप, यशस्वी जयसवाल, सरफराज खान, ऋषभ पंत, मुकेश कुमार, श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह और केएस भरत समेत अन्य खिलाड़ी खेलते नजर आएंगे। इनके अलावा कई और ऐसे खिलाड़ी हैं जो दलीप ट्रॉफी के जरिए टीम इंडिया में आने की अपनी दावेदारी पेश करेंगे। इनमें देवदत्त पड़िक्कल, रजत पाटीदार, यश दयाल, बी साई सुदर्शन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ भारत दो मैचों के साथ,अपने लंबे टेस्ट सीजन की शुरूआत करने के लिए तैयार है, जो विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लूटीसी ) 2023-25 का हिस्सा है। चेन्नई में पहला टेस्ट होगा जबकि कानपुर में दूसरा टेस्ट खेला जाएगा।




### दलीप ट्रॉफी के पहले राउंड में ईशान किशन का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में ईशान किशन का खेलना मुश्किल नजर आ रहा है। उन्होंने एक हैमस्ट्रिंग इंज्यूरी के बारे में चयनकताओं और प्रबंधन को सूचित किया है। इस महीने की शुरूआत में वह बुची बाबू टूर्नामेंट के दौरान झारखंड की तरफ से खेल रहे थे। ऐसा प्रतीत होता है कि यह चोट शायद उसी टूनार्मेंट के दौरान उन्हें लगी थी। दलीप ट्रॉफी में किशन को इंडिया डी में रखा गया है, जिसके कप्तान श्रेयस अय्यर हैं। फिलहाल के लिए इंडिया डी ने किसी भी रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं की है।

## आईसीसी रैंकिंग में जो रूट का दबदबा कायम



**रोहित शर्मा**

751 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर अपना कब्जा बनाए हुए हैं

**विराट कोहली**

737 की रेटिंग के साथ नंबर आठ पर हैं।

**एजेंसी। दुबई**

आईसीसी ने अपनी नई टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट ने अपनी बढ़त मजबूत की। श्रीलंका के खिलाफ रूट ने लॉर्ड्स में 143 और 103 रन की शतकीय पारियां खेली। इस तरह उन्होंने बल्लेबाजों की टेस्ट रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद केन विलियमसन पर 63 अंकों की बढ़त हासिल की। रूट के अब 922 रेटिंग पॉइंट हैं, जो उनके अब तक के सर्वश्रेष्ठ स्कोर 923 पॉइंट से सिर्फ एक कम है। वहीं रोहित शर्मा, उनके सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल और करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली की भारतीय तिकड़ी टॉप-10 में शामिल है। वहीं पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज बाबर आजम बल्लेबाजी रैंकिंग के टॉप टेन से बाहर हो गए हैं।

## मिश्रित युगल सेमीफाइनल में हारी बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

स्टार भारतीय टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार एल्डिला सुत्जियादी को चल रहे यूएस ओपन 2024 टेनिस मिश्रित युगल स्पर्धा के सेमीफाइनल में टेलर टाउनसेंड और डोनाल्ड यंग की अमेरिकी जोड़ी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को लुइस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम में इंडो-इंडोनेशियाई जोड़ी को अमेरिकी जोड़ी ने 6-3, 6-4 से हरा दिया। मैच 55 मिनट तक चला। अमेरिकियों ने बोपन्ना-सुत्जियादी के खिलाफ मजबूत शुरूआत की और पहले सेट के पहले तीन गेम जीते। इंडो-इंडोनेशियाई जोड़ी ने अपनी लय हासिल की और सेट को 3-3 से बराबर कर दिया। हालांकि, इसके बाद अमेरिकी जोड़ी ने बोपन्ना और उनके जोड़ीदार को कोई मौका नहीं दिया और पहला सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया।दूसरा सेट बराबरी से शुरू हुआ, हालांकि इंडो-इंडोनेशियाई जोड़ी पांचवें गेम में लड़खड़ा गई, जिससे एक महत्वपूर्ण ब्रेक प्वाइंट मिल गया। इसके बाद अमेरिकी जोड़ी ने अपने सभी सर्विस गेम बरकरार रखते हुए सेट 6-4 से जीत लिया और फाइनल में जगह बना ली। फाइनल मैच में टाउनसेंड-यंग का मुकाबला इटली की सारा ईरानी और एंड्रिया वावस्सोरी से होगा। यूएस ओपन 2024 से बोपन्ना के बाहर होने के बाद, साल के अंतिम ग्रैंड स्लैम में भारत का प्रतिनिधित्व समाप्त हो गया।

## ग्लोबल शतरंज लीग का नया प्रारूप अधिक दर्शकों को आकर्षित करेगा : विदित गुजराती

दूसरे सीजन का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन में किया जायेगा



**एजेंसी। लंदन**

शतरंज में भारत तेजी से कदम बढ़ा रहा है। युवा से लेकर अनुभव तक इस खेल में भारत के पास वैश्विक मंच पर कई मजबूत दावेदार हैं। उनसे से ही एक भारतीय ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती, जो ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन के लिए अपनी तैयारियों को पुख्ता करने में जुटे हुए हैं। ग्लोबल शतरंज लीग के दूसरे सीजन का आयोजन 3 से 12 अक्टूबर तक लंदन के फ्रेंड्स हाउस में आयोजित किया जाएगा। विदित अपने प्रदर्शन में सुधार करके अपनी टीम को इस टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में मदद करना चाहते हैं। 29 वर्षीय ग्रैंडमास्टर ने कहा, ''पहले सीजन में मुम्बा मास्टर्स ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन अल्पाइन एसजी पाइपर्स पर रोमांचक जीत के साथ फाइनल में जगह बनाई। निश्चित रूप से, इस साल हमारी नजर ट्रॉफी पर है। लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में सुधार करना चाहता हूं। मुम्बा मास्टर्स ने पहले सीजन की अपनी अधिकांश टीम को बरकरार रखा है, जिसमें मैक्सिम वाचिएर-लाग्रेव आइकन खिलाड़ी के रूप में लौटे हैं।

### उत्तर प्रदेश में बनेंगे 18 फुटबॉल स्टेडियम और 827 फुटबॉल मैदान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के 18 कमिश्नरेट में 18 फुटबॉल स्टेडियम बनाने की योजना की घोषणा की है। इस खूबसूरत खेल को और बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्याप्त फुटबॉल सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य भर में हर ब्लॉक में 827 फुटबॉल मैदान भी तैयार किए जाएंगे जिससे अधिक टूर्नामेंटों की मेजबानी को बढ़ावा मिलेगा। यह लखनऊ शहर के हर फुटबॉल प्रेमी के लिए बहुत खुशी की बात है।' सोमवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम ने लखनऊ में अपनी पहली कोलकाता डर्बी की मेजबानी की।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा 750 करोड़ रुपये का 'एग्रीश्योर फंड'

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की ओर से 'एग्रीश्योर फंड' लॉन्च किया गया है। इस फंड का कैपिटल पूल 750 करोड़ रुपये का होगा और इससे कृषि क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा मिलेगा। एग्रीश्योर फंड को कृषि और ग्रामीण स्टार्टअप इकोसिस्टम में वृद्धि और इनोवेशन को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। सरकार की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि इस फंड का साइज 750 करोड़ रुपये का है। यह सेबी के पास कैटेगरी-क्क के तहत पंजीकृत है। इस फंड को बनाने में सरकार ने 250 करोड़ रुपये, नाबार्ड ने 250 करोड़ रुपये और बैंकों एवं इंश्योरेंस कंपनियों ने 250 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एग्रीश्योर फंड सरकार द्वारा किए जा रहे पिछले प्रयासों की निरंतरता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि भारत के प्रत्येक किसान को आगे बढ़ने के लिए आवश्यक तकनीकी सहायता मिले। उन्होंने आगे कहा कि किसानों के समृद्ध होने से ही देश की अर्थव्यवस्था समृद्ध होगी। हमारा विजन हर किसान को सशक्त बनाना है। एग्रीश्योर फंड कृषि क्षेत्र के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस इवेंट में 6 लाख रुपये के प्राइज पूल वाले एग्रीश्योर ग्रीनथॉन अवॉर्ड भी दिए गए। इसमें अवॉर्ड के लिए ऐसे इनोवेटिव स्टार्टअप को चुना गया था, जिन्होंने कृषि क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला में विभिन्न चरणों पर वैल्यू एडिशन किया। कुल 10 फाइनलिस्टों में से शीर्ष तीन स्टार्टअप, ग्रीनसेपियो, क्रुशिकंती और एम्ब्रोनिक्स, को क्रमशः विजेता, उपविजेता और दूसरे उपविजेता के रूप में चुना गया। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव देवेश चतुर्वेदी ने कहा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की काफी आवश्यकता है।



### तमिलनाडु में अब तैयार होंगे नौकरी के अवसर

## सीएम स्टालिन ने 200 करोड़ के समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन निवेश हासिल करने के लिए इन दिनों विदेश यात्रा पर हैं। उन्होंने शिकागो में 200 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

सीएम स्टालिन ने बुधवार को अपने एक्स अकाउंट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा, शिकागो में एक और लाभकारी दिन। चेन्नई में 200 करोड़ के अनुसंधान, विकास और इंजीनियरिंग केंद्र के विस्तार के लिए ईटन के साथ समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। इससे 500 नौकरियों के अवसर खुलेंगे। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने बताया कि भारत में एश्योरेंट का पहला ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर भी लाने की तैयारी है। जो जल्द ही चेन्नई में आने वाला है। इससे पहले उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ₹सैन फ्रांसिस्को में एक और सफल दिन। हमने चेंगलपट्टू जिले में ओहमियम से 400 करोड़ रुपए का निवेश हासिल किया है, जिससे 500 नौकरियां पैदा होंगी।यह हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करने तथा इसके बेहतरीन भविष्य को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शनिवार को उद्योग मंत्री टीआरबी राजा ने बताया कि 2 मिलियन युवाओं को एआई के क्षेत्र में कौशल प्रदान करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब स्थापित करने के लिए गूगल के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है।




## देश में बीते 3 वर्ष में पांच गुना हुई फिनटेक स्टार्टअप की संख्या

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत की फिनटेक इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ रही है। मौजूदा समय में देश में 26 फिनटेक यूनिकॉर्न हैं। इनकी संयुक्त मार्केट वैल्यू 90 अरब डॉलर से भी ज्यादा है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

जेएम फाइनेंसियल की एक रिपोर्ट में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में भारत में फिनटेक स्टार्टअप की संख्या पांच गुना बढ़कर 10,200 (2024) हो गई है।

वहीं, 2021 में यह आंकड़ा 2,100 था। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में एक डेकाकॉर्न फिनटेक (10 अरब डॉलर से अधिक की वैल्यूएशन) है। वहीं, 25 यूनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन एक अरब डॉलर से लेकर 10 अरब डॉलर के बीच है। 37 मिनिकॉर्न हैं, जिनकी वैल्यूएशन 100 मिलियन डॉलर से लेकर 1 अरब डॉलर है। इसके अलावा देश में 87 सूनीकॉर्न फिनटेक स्टार्टअप हैं, जिनकी वैल्यूएशन 60 मिलियन से लेकर 100 मिलियन डॉलर के बीच है।

रिपोर्ट में बताया गया कि भारत की सभी फिनटेक कंपनियों की अनुमानित संयुक्त वैल्यू 125 अरब डॉलर के करीब है।

वित्त वर्ष 23 में इन सभी कंपनियों की अनुमानित आय 20 अरब डॉलर के आसपास थी। यह देश में मौजूद सभी बैंक, फाइनेंसियल सर्विसेज और इंश्योरेंस (बीएफएसआई) कंपनियों की कुल आय का 5 प्रतिशत था।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की फिनटेक इंडस्ट्री में सबसे ज्यादा फंडिंग पेमेंट और लैंडिंग कंपनियों को मिल रही है। फिनटेक इंडस्ट्री द्वारा जुटाई गई कुल फंडिंग का 85 प्रतिशत इन्हीं कंपनियों द्वारा जुटाया गया है। 2014 से 2023 के बीच भारतीय फिनटेक स्टार्टअप्स ने 1,486 डील में कुल 28 अरब डॉलर जुटाए हैं।

## दस गीगावाट एसीसी बैटरी इकाई के लिए रिलायंस को मिला ठेका

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) को पीएलआई योजना के तहत 10 गीगावाट घंटा एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज प्लांट का ठेका मिला है। सरकार ने गुणवत्ता और लागत आधारित चयन (क्यूसीबीएस) प्रणाली के आधार पर पीएलआई योजना के तहत आरआईएल को 10 गीगावाट घंटा एसीसी क्षमता की बैटरी इकाई का ठेका दिया है। इससे आरआईएल को एसीसी बैटरी बनाने के लिए 3,620 करोड़ रुपये की छूट मिली है। भारी उद्योग मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि रिलायंस इंडस?ट्रीज लिमिटेड को पीएलआई योजना के तहत 10 गीगावाट घंटा एडवांस्ड केमिस्ट्री सेल (एसीसी) बैटरी स्टोरेज प्लांट का ठेका मिला है। एमएचआई ने एसीसी बैटरी स्टोरेज के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत प्रोत्साहन के लिए आरआईएल को सफल बोलीदाता घोषित किया है। इसके तहत आरआईएल को क्यूसीबीएस तंत्र पर आधारित पीएलआई योजना के तहत 10 गीगावॉट एसीसी क्षमता प्रदान की गई है। मंत्रालय ने बताया कि एसीसी बैटरियां ऊर्जा भंडारण प्रौद्योगिकी की एक नई पीढ़ी हैं जो विद्युत ऊर्जा को संग्रहीत और परिवर्तित कर सकती हैं। इनका उपयोग विभिन्न अनुप्रयोगों में किया जाता है, जिसमें इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी), नवीकरणीय ऊर्जा भंडारण, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और पावर बैकअप शामिल हैं।

### लाल निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख और अमेरिकी बाजार में नरमी की आशंका को लेकर घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन लाल निशान पर बंद हुआ। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स 202 अंक तक टूटा और एनएसई के निफ्टी पर भी 14 दिनों से जारी तेजी पर विराम लगा और यह 81 अंक तक लुढ़क गया। कारोबार के अंत में बॉम्बेज स्टॉकक एक्स चेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 202.80 अंक यानी 0.25 फीसदी की गिरावट के साथ 82,352.64 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉ.क एक्सीचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 81.15 अंक यानी 0.32 फीसदी लुढ़कर 25,198.70 अंक पर बंद हुआ।

## अदाणी एंटरप्राइजेज का पहला रिटेल एनसीडी खुला

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) का पहला रिटेल एनसीडी (नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर) का सब्सक्रिप्शन बुधवार से आम निवेशकों के लिए खुल गया है।

एईएल की योजना इस रिटेल एनसीडी के जरिए 800 करोड़ रुपये की राशि जुटाना है। अदाणी एंटरप्राइजेज इस इश्यू के तहत 1,000 रुपये की फेस वैल्यू वाले 80 लाख नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स जारी करेगी।

### मिल रहा 9.9 प्रतिशत का ब्याज

इस इश्यू का बेस साइज 400 करोड़ रुपये का है। इसमें 400 करोड़ रुपये का ग्रीन शू ऑप्शन या ओवर सब्सक्रिप्शन भी है। इस तरह अदाणी ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी के कुल रिटेल एनसीडी इश्यू का आकार 800 करोड़ रुपये है। एईएल के रिटेल एनसीडी को क्रेडिट रेटिंग एजेंसी केयर से ए+ की पॉजिटिव रेटिंग मिली है। कंपनी इस बॉन्ड पर सालाना 9.90 प्रतिशत का ब्याज निवेशकों को देगी। एनसीडी की मैच्योरिटी अवधि 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की है।

# अब 18 वर्ष से ही मिलेगा महिलाओं को मंईयां योजना का लाभ

## 7,00,000 लाभुकों के खाते में एक-एक हजार रुपए ट्रांसफर किये

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल स्तरीय मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर नामकुम के खोजाटोली में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अब योजना के तहत लाभुकों के न्यूनतम आयु में संशोधन कर दिया गया है। अब इसका लाभ 18 वर्ष से 50 वर्ष तक की महिलाएं ले सकेंगी। पहले योजना के तहत 21 वर्ष से 50 वर्ष के लाभुक कवर किए गए थे।

कार्यक्रम में रांची, खूंटी, लोहरदगा, सिमडेगा और गुमला जिले की महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के पांच जिलों के 7,00,000 लाभुकों के खाते में एक-एक हजार रुपए ट्रांसफर किये। मुख्यमंत्री ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दो महीने के बाद चुनाव है। ये लोग आए दिन संप्रादयिक तनाव फैलाने में लगे हैं। इन्हें इसमें मास्टर डिग्री प्राप्त है। अखबार भी पढ़ेंगे तो उसमें भी उसी की बू आनी शुरू हो गई है। एक नेता आते हैं असम से, लगता है उन्होंने हिंदू-मुस्लिम भड़काऊ भाषण में सबसे अधिक डिग्री प्राप्त किया है। यहां आए दिन आते हैं और तनाव का माहौल बनाने लगते हैं। कभी सरकार गिराने में लगते हैं कभी हिंदू-मुस्लिम करते हैं। लेकिन डरने की बात नहीं है। यहां के लोग गरीब जरूर हैं लेकिन स्वाभिमानी है। अपना राज्य तो संभलता नहीं है। यहां आ जाते हैं जहर घोलने। मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा कि कई रोजगार हमने दिया है लेकिन हमारे विपक्ष के लोगों के आंख में टीन का चश्मा लग गया है। ये लोग अंधा हो गए हैं। यहां का नेता को दिखाई नहीं दे रहा था तो असम से मध्यप्रदेश से नेता आकर हमारे झारखंडी भाईयों के बीच हिंदू-मुस्लिम करने में लगे हैं। नौकरी की बात हमारे विपक्ष के लोग हमेशा करते हैं। इनको पता नहीं है कि पांच साल में एक भी जेपीएससी इन लोगों ने नहीं करवाया। हमलोग आते ही जेपीएससी का परीक्षा करवाकर राज्य में 300 बीडीओ, सीओ, कलेक्टर बनवाया।



### सखी मंडल की दीदियों, स्वास्थ्यकर्मियों ने दिया सरकार का साथ : कल्पना

कार्यक्रम में गांडेय विधायक व मुख्यमंत्री की पित्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि इस सरकार के आते ही कोरोना महामारी शुरू हो गई थी। उस वक्त हमारी सखी मंडल की दीदियों, स्वास्थ्यकर्मियों सभी ने अपने जान की परवाह किए बीना हेमंत सोरेन का साथ दिया। उन्हें मैं तहे दिल से शुक्रिया देना चाहती हूं। ये कोई कार्यक्रम नहीं

### मुख्यमंत्री जो कहते हैं वो करते हैं : सत्यानंद भोक्ता

श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जो कहते है वो करते है। साढ़े चार साल के सरकार के कार्यकाल में कई उतार चढ़ाव आए। इन परस्थियों में हमारे मुख्यमंत्री ना कभी झुके ना कभी रुके। आपकी सरकार आपकी योजना आप की सरकार के माध्यम से गांव के सभी मुलभुत समस्याओं के सामाधान किया जा रहा है। पूर्व में डबल इंजन की सरकार थी।

### हम महिला सशक्तिकरण पर काम कर रहे हैं : रामेश्वर उरांव

वित्त मंत्री रामेश्वर उराव ने कहा कि बेसिक्ली तीन आवश्यक्ता होती है पेट भरने के लिए रोट, तन ढ़केने के लिए कपढ़ा और रहने के लिए आवास की आवश्यक्ता होती है। इस सरकार ने केवल रोटी की व्यवस्था नहीं की चावल की व्यवस्था की, दाल की व्यवस्था की और सब्जी की व्यवस्था की। सरकार है जो सचमुच में महिला सशक्तिकरण पर काम किया है।

## सिविल कोर्ट ने क्रिमिनल अपील याचिका की खारिज, सजा बरकरार

**रांची।** सिविल कोर्ट के प्रधान न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने बुधवार को प्रज्ञा केंद्र के संचालक से 5.31 लाख रुपये की लूट मामले में सजायाफ्ता पंकज कुमार पासवान की सजा को बरकरार रखा है। एसडीजेएम रूपम स्मृति टोपनो ने लूट एवं आर्म्स एक्ट में दोषी पाकर पंकज कुमार पासवान को गत 29 जुलाई को तीन साल कैद की सजा सुनाई थी। साथ ही 10 हजार रुपये जुमार्ना लगाया था। इसी सजा को चुनौती देते हुए सजायाफ्ता ने न्यायुक्त की अदालत में क्रिमिनल अपील याचिका दाखिल की थी। लूट की घटना को लेकर आशीष कुमार ने 11 नवंबर, 2022 को मैक्लुस्कीगंज थाना में आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अदालत ने सजा को बरकरार रखते हुए क्रिमिनल अपील याचिका खारिज कर दी। आरोपित बिहार के औरंगाबाद जिले के महिप बिगहा गांव का रहने वाला है।

## व्यवसायी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में आरोपित कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल की जमानत याचिका पर बुधवार को पीएलएमए के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने अमित अग्रवाल की जमानत याचिका खारिज कर दी। अमित अग्रवाल की ओर से 19 अगस्त को जमानत याचिका दाखिल की गयी थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने जेल में बिताई गई अवधि को देखते हुए जमानत देने का अनुरोध किया। इसका विरोध ईडी की ओर से किया गया। ईडी की ओर से कहा गया कि मामले में याचिकाकर्ता पर आरोप तय कर दिया गया है।

## गुरुजी क्रेडिट कार्ड की सीमा 15 लाख से बढ़ाकर 50 लाख हो: कुमार गौरव

**रांची।** झारखंड राज्य युवा आयोग की बैठक अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। इस दौरान छह महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इसमें उच्च एवं तकनीकी शिक्षण में होने वाले व्यय का वहन राज्य के अधिसंख्य, खासकर अनुसूचित जनजाति के युवा नहीं कर पाते हैं। आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए राज्य के युवाओं की ओर से आयोग हेमंत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता है। साथ ही आग्रह किया कि सभी बैंक शिक्षण ऋण के ब्याज दरों को कम रखें। गुरुजी क्रेडिट कार्ड की सीमा पन्द्रह लाख से बढ़ाकर पचास लाख की जाये।

## मंत्री इरफान ने गरीबों की चिकित्सा सहायता की राशि दी

**रांची।** ग्रामीण कार्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी की ओर से उनके प्रतिनिधि अजहरुद्दीन ने गरीब और आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को 20,000 रुपये की सहायता राशि के चेक सौंपे, जो पैसे की कमी के कारण अपना इलाज नहीं कर पा रहे थे। यह सहायता राशि फर्स्ट इंस्टॉलमेंट के रूप में दी गई है और जल्द ही दूसरी किश्त भी दी जाएगी।


**ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–18/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 03.09.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड हेरहंज के पंचायत हेरहंज में मध्य विद्यालय, मेराल में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |

1. कार्य पूर्ण करने की अवधि :– 09 (Nine) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09/09/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 23/09/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 24/09/2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।

PR.NO.334642 Building(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या–15/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक–03.09.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | |
| 1 | मझिआँव | RWD/GARHWA/35/2024-25 | जाहर सरई मुख्य पथ से सुईयाटांड़ तक पथ निर्माण कार्य। (2.500 कि0मी0) | 337.971 | तीन करोड़ सैंतीस लाख सन्तानबे हजार एक सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 2 | मझिआँव | RWD/GARHWA/36/2024-25 | बुढ़ीखांड़ मुख्य पथ पुल से पिरवट टोला (बभनी) तक पथ निर्माण कार्य। (4.700 कि0मी0) | 570.660 | पाँच करोड़ सत्तर लाख छियासठ हजार रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 3 | काण्डी | RWD/GARHWA/37/2024-25 | पतीला चारमुहान से महुली कोवाड़ी होते हुए मोखापी मोड़ तक पथ निर्माण कार्य। (2.880 कि0मी0) | 430.736 | चार करोड़ तीस लाख तिहत्तर हजार छः सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.334561 Rural Work Department(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-10/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड नीलाम्बर–पीताम्बरपुर अन्तर्गत पंचायत पूर्णाडीह के टोला गुरियादामर में विश्वनाथ यादव के घर के पास सिधलेवा नाला | 26582800.00 | 532000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.09.2024 से दिनांक 12.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 18.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।

PR.NO.334782 District(24-25):D



**ई० प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–16/2024-25/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 02.09.2024

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार के पंचायत आरागुण्डी में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कुन्दरी में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत चकला में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, चकला में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत बरवाटोली में राजकीय मध्य विद्यालय, बेतरनवाटांड़ में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 4 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड चन्दवा के पंचायत सेरक में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, किता में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 5 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत शिवला में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बेसरा में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 6 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बारियातु के पंचायत फूलसू में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, लाटू में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 7 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड मनिका के पंचायत मटलौंग में स्तरोन्नत उच्च विद्यालय, मटलौंग में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 8 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत छिपादोहर में परियोजना +2 उच्च विद्यालय, छिपादोहर में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 9 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत बरवाडीह में राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय, बरवाडीह में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |
| 10 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ के पंचायत गढ़बुढ़नी में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, चुटिया में कम्प्यूटर लैब कक्ष/लाइब्रेरी ऑडिटोरीयम का निर्माण। | 99,49,000.00 | 09 (Nine) Months |

1. कार्य पूर्ण करने की अवधि :– 09 (Nine) Months
2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09/09/2024 को 11:00 बजे
3. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 23/09/2024 को 11:00 बजे
4. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पत्ता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन, निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
5. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 24/09/2024 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
6. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
7. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**Note :-** UCAN Registration in mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 334587 Building(24-25).D



**समाहरणालय, चतरा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)**
sport.chatra@gmail.com

Notice Inviting
Expression of Interest (EoI)
Selection of Agency for "Supply, Installation of Various Types of Games and Sports item, Chatra District"

Ref No. 350/Sports Date 03.09.2024

Office of District Sports Office, Chatra, Govt. of Jharkhand intends to Supply, Installation of Various Types of Games and Sports item, Chatra. The Line department intends to select reputed agencies to participate in the bidding process. The details are as follows:-

| S.No. | Particular | Details |
|---|---|---|
| a. | Name of the work | Supply, Installation of Various Types of Games and Sports item, Chatra |
| b. | Availability of EoI document | Digital Copy from Gem Portal |
| c. | Last date & time for submission of Hard copies of the bid along with Sample. | Date - 18.09.2024 & Time - 12:00 pm |
| d. | Technical Proposal Opening Date | Date - 18.09.2024 & Time - 03:00 pm |
| e. | EMD Details. | EMD – Rs.5,00,000 (Five Lakhs Rupees Only/-) Refundable. DD will be in favor of "District Sports Officer, Chatra" drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Chatra. MSME of Jharkhand is exempted of EMD fee. |
| f. | Address at which the tenders are to be submitted and opening of proposal | District Sports Office, 2nd floor, Collectorate Chatra, Jharkhand |
| g. | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other moderate submission of bids will be rejected. |

**Complete EOI Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district: - https://chatra.nic.in/**

PR 334690 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (24-25)_D

District Sports Officer, Chatra



**Govt. of Jharkhand**
**Office Of the Executive Officer Nagar Panchayat Manjhiaon**

Notice Inviting Tender

Very Short e- tender notice no. : 08 /2024-25 Dated : 03-09-2024

The under signed invites overall percentage rate bid for the work of mentioned in table below through e-Procurement from eligible and approved contractor registered in appropriate class in state Government Department and only UDHD of Jharkhand.. The bid shall be submitted online in the Website http://jharkhandtender.gov.in the bidder(s) should have necessary portal enrolment with their own Digital Signature Certificate:

| Sl. No. | Tender ID | Name of the Work | Estimated Cost(in Rs.) | Earnest Money (in Rs.) Online | Cost of tender paper (Rs.) Online | Time of completion | Head |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | UDHD/NPM/08/01/24-25 | Beautification of Park Under Nagar Panchayat Manjhiaon | 9906300.00 | 198200.00 | 10000.00 | 180 Days | 14th FC |

Note : Updated estimated cost should be considered for earnest Money.

- Period of availability of tenders online\date & time bidding on-line\last date of seeking clarification/of opening of tender papers are as give below:

| Sl. No. | Procurement Officer | Place of Opening E Tender | Availability of tender on line for bidding | | Date & time of opening bid. |
|---|---|---|---|---|---|
| A | B | C | D | E | F |
| | | | From | To | |
| 1. | Executive officer ,Nagar Panchayat Manjhiaon | Office of Executive officer , Nagar Panchayat Manjhiaon | Date-09.09.2024 Time 05:00 P.M | Date- 24.09.2024 Time 5:00 P.M. | Date 26.09.2024 Time 04:00 P.M |

Note :
1. Only e-Tender will be accepted.
2. Any change in BOQ can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
3. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
4. पथ निर्माण विभाग के संकल्प संख्या 2146(S) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार 10 (दश) प्रतिशत से न्यून निविदाताओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से
   (i) 10 से 20% Below की राशि का 20% तथा
   (ii) 20% से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू रहेगा।
5. उक्त निविदा https://udhd.jharkhand.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
6. Helpline Number of E-Procurement cell- 7488858091, 8521156090
7. Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) is to be paid through online mode as per instruction of IT Department, Gov of Jharkhand (Letter No 120, Date 03.10.2023)

Executive Officer,
Nagar Panchayat Manjhiaon

PR 334688 (Urban Development)24-25*D



**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा**

अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना (SBD) (1st Call)

निविदा सूचना संख्या–DWSD/TND/REORG/RPWSS/CH/07/2024-25

दिनांक – 04.09.2024

| | | |
|---|---|---|
| A | Name of Work : -Remaining work of Re-organization of Tandwa Rural Pipe Water Supply Scheme "On Turnkey Basis" under D.W & S. Division, CHATRA for the year 2024-25 | |
| B | प्राक्कलित राषि (लाख में) | Rs. 13,29,96,000/-(Thirteen Crore Twenty Nine Lac Ninety Six Thousand Only) |
| C | अग्रधन की राषि (रूपये में) | Rs. 13,30,000/-(Thirteen Lac Thirty Thousand Only) |
| D | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | Rs. 10,000/- (Ten Thousand Only) |
| E | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 18th Months |
| F | वेबसाईट पर निविदा प्रकाषन की तिथि | 09.09.2024 समय 02:00 बजे अपराहन तक |
| G | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 18.09.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| H | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक–120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राषि Online जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| I | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 19.09.2024 समय 05:00 बजे अपराहन तक |
| J | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| K | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम | ई0 मनोज कुमार मुण्डारी कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा। |
| L | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन संख्या | 8002093156, 8851790994 एवं 06541–253273 |
| M | ई–प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651–2480345 |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

(ई0 मनोज कुमार मुण्डारी)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, चतरा।

PR.NO.334744 Drinking Water and Sanitation(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना
अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या – 16/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 03.09.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | |
| 1 | गढ़वा | RWD/GARHWA/38/2024-25 | कितासोती कला में गेटारी टॉड़ टोला से तेनवर खेल मैदान तक भाया कितासोती बाजार चौक तक पथ निर्माण कार्य। (3.450 कि0मी0) | 372.463 | तीन करोड़ बहत्तर लाख छियालीस हजार तीन सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 2 | रंका | RWD/GARHWA/39/2024-25 | रंका सेवाडीह मुख्य पथ से रंका खुर्द होते हुए चिनिया मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य। (1.860 कि0मी0) | 206.439 | दो करोड़ छः लाख तेतालीस हजार नौ सौ रूपये। | 12 (बारह) महीना |
| 3 | रंका | RWD/GARHWA/40/2024-25 | सेवाडीह मुख्य पथ से उराँव टोला होते हुए मझिगाँवा तक पथ निर्माण कार्य। (4.300 कि0मी0) | 468.863 | चार करोड़ अड़सठ लाख छियासी हजार तीन सौ रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 4 | रंका | RWD/GARHWA/41/2024-25 | ग्राम पिण्डरा में दिनेश सिंह के घर से आँगनबाड़ी होते हुए मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य। (1.100 कि0मी0) | 111.565 | एक करोड़ ग्यारह लाख छप्पन हजार पाँच सौ रूपये। | 09 (नौ) महीना |
| 5 | रमकण्डा | RWD/GARHWA/42/2024-25 | रमकण्डा रक्शी मुख्य पथ विनय सिंह के घर से नन्हकु साव के घर होते हुए रमकण्डा भण्डरिया पी0डब्ल्यू0डी0 पथ तक पथ निर्माण कार्य। (1.400 कि0मी0) | 132.258 | एक करोड़ बत्तीस लाख पच्चीस हजार आठ सौ रूपये। | 09 (नौ) महीना |
| 6 | चिनियाँ | RWD/GARHWA/43/2024-25 | रंका चिनियाँ कदवा पी0डब्ल्यु0डी0 पथ बाँस मोड़ से चौधरी टोला एवं भुईयाँ टोला तक पथ निर्माण कार्य। (1.500 कि0मी0) | 160.526 | एक करोड़ साठ लाख बावन हजार छः सौ रूपये। | 12 (बारह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR 334559 Rural Work Department(24-25).D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# ब्रुनेई यात्रा से मजबूत संबंधों के नए युग की शुरुआत : पीएम मोदी

**एजेंसी। बंदर सेरी बेगवान (ब्रुनेई)**


किसी भारतीय प्रधानमंत्री की ब्रुनेई की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि ब्रुनेई की उनकी दो दिवसीय यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की नई दिल्ली की इच्छा झलकती है और इससे 'एक्ट ईस्ट' नीति और हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए इसके दृष्टिकोण को क्रियान्वित करने में मदद मिलेगी।

किसी भारतीय प्रधानमंत्री की दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश की यह पहली द्विपक्षीय यात्रा थी। प्रधानमंत्री मोदी ने क्षेत्र की अपनी यात्रा के दूसरे और अंतिम चरण में सिंगापुर रवाना होने से पहले कहा, ब्रुनेई दारुस्सलाम की मेरी यात्रा फलदायी रही। इससे भारत-ब्रुनेई संबंधों के एक नए युग की शुरूआत हुई है। इससे पहले, भारत और ब्रुनेई ने बुधवार को प्रौद्योगिकी, वित्त, विनिर्माण और प्रसंस्करण के क्षेत्रों में अपनी-अपनी शक्तियों का लाभ उठाने का आह्वान किया। बंदर सेरी बेगवान के इस्ताना नूरुल ईमान में आयोजित व्यापक द्विपक्षीय वार्ता के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोल्किया की उपस्थिति में कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए। इनमें उपग्रह और प्रक्षेपण वाहनों के लिए टेलीमेट्री, ट्रैकिंग और टेलीकमांड स्टेशन के संचालन में सहयोग पर समझौता शामिल था। ब्रुनेई के सुल्तान द्वारा उनके सम्मान में आयोजित भोज में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमने अपनी साझेदारी को रणनीतिक दिशा देने के लिए अपने संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक बातचीत की।

## सिंगापुर में पीएम मोदी का दिखा अलग अंदाज, बजाया ढोल

**नई दिल्ली।** ब्रुनेई दौरा पूरा करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सिंगापुर की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर चांगी हवाई अड्डे पर पहुंचे। जहां भारतीय समुदाय ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सिंगापुर होटल के बाहर अप्रवासी भारतीय बड़ी संख्या में दिखाई दिए।



पीएम मोदी के स्वागत में कलाकारों ने सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किए। सिंगापुर पहुंचने पर प्रधानमंत्री मोदी का अलग ही अंदाज देखने को मिला। वो महाराष्ट्र के रंग में रंगे नजर आए। पीएम मोदी ने वहां मौजूद कलाकारों के साथ महाराष्ट्रियन धुन पर जमकर ढोल बजाया। इतना ही नहीं वो खुद ढोल बजाकर प्रवासी भारतीयों के साथ झूमते हुए भी दिखे। सिंगापुर के होटल के बाहर से पीएम मोदी का एक और वीडियो सामने आया है। जिसमें एक महिला प्रधानमंत्री मोदी को राखी बांध रही है। इसके अलावा पीएम मोदी के साथ सेल्फी लेने के लिए लोगों में होड़ भी दिखाई दी।

## उ.कोरिया में बाढ़ रोकने में नाकाम अधिकारियों को फांसी का आदेश

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक बार फिर तानाशाही फरमान जारी किया है। उन्होंने बाढ़ और भूस्खलन रोकने में नाकाम रहने वाले 30 अधिकारियों को फांसी देने का आदेश दिया है। देश में बाढ़ और भूस्खलन के कारण एक हजार लोगों की मौत हो गई है। उत्तर कोरिया की सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार, इससे पहले किम जोंग उन ने बाढ़ और भूस्खलन के कारण मृत्यु दर में हुई बढ़ोत्तरी और 15 हजार से अधिक लोगों के विस्थापित होने के बाद अधिकारियों को कड़ी सजा देने का आदेश दिया था।

## मिस्र और जॉर्डन ने हथियार तस्करी के दावे को किया खारिज

**काहिरा/अम्मान।** मिस्त्र ने इजरायल के उस दावे को खारिज कर दिया है कि उसके क्षेत्रों का इस्तेमाल गाजा पट्टी में हथियारों की तस्करी के लिए किया जाता था। मिस्त्र के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा, मिस्त्र इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बयानों को पूरी तरह से खारिज करता है, जिसके जरिए उन्होंने इजरायली जनता का ध्यान भटकाने के लिए संघर्ष में मिस्त्र का नाम घसीटने की कोशिश की थी। जॉर्डन के विदेश मंत्रालय ने गाजा युद्धविराम समझौते पर मध्यस्थता के प्रयासों को कमजोर करने के उद्देश्य से नेतन्याहू के दावे की निराधार आरोप के रूप में निंदा की।

## विभव को जमानत मिलने पर सुनीता केजरीवाल ने जाहिर की खुशी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट प्रकरण में सुप्रीम कोर्ट ने विभव कुमार को सशर्त जमानत दे दी। इसके बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर खुशी जाहिर की, इस पर स्वाति मालीवाल का गुस्सा फूट पड़ा। सुनीता ने एक्स पर हंसने वाली इमोजी के साथ लिखा, सुकून भरा दिन। इस पर मालीवाल ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, मुख्यमंत्री की पत्नी, जो मेरी पिटाई के दौरान घर पे ही थीं, उनको बड़ा सुकून महसूस हो रहा है। सुकून इसलिए कि वो आदमी जिसने मुझे उनके घर में पीटा और अभद्रता की, वो शर्तिया बेल पर आया है।

## केंद्र ने राज्यों से डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने बुधवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश को पत्र लिखकर डॉक्टरों और अन्य मेडिकल पेशेवरों की सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने को कहा है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 10 सितंबर तक इस बारे में जवाब देने को कहा गया है। तीन सितंबर को सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में कहा गया है कि 28 अगस्त को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में डॉक्टरों और मेडिकल पेशेवरों को सुरक्षा सुनिश्चित करने के कई अहम पहलुओं पर चर्चा की गयी थी। इसमें राज्यों को मेडिकल कॉलेजों में सुरक्षा जांच संबंधी व्यवस्था और अन्य उपाय सुनिश्चित करने को कहा गया था।

## उपराष्ट्रपति ने दिलाई राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को संसद भवन में नवनिर्वाचित सदस्यों को राज्यसभा सांसदों के रूप में शपथ दिलाई। राज्यसभा सांसद की शपथ लेने वालों में कांग्रेस नेता व वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी, भाजपा की किरण चौधरी, रामेश्वर तेली, जॉर्ज कुरियन व महाराष्ट्र के सांसद धैर्यशील मोहन पाटिल शामिल हैं। राज्यसभा की कुल 12 सीटों पर सांसद चुने गए हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी के 9, सहयोगी दलों के दो और कांग्रेस का एक सांसद बना है। राज्यसभा में अभिषेक मनु सिंघवी के पहुंचने के साथ ही कांग्रेस के सांसदों की संख्या बढ़कर 27 हो गई है, जबकि नेता विपक्ष का का पद हासिल करने के लिए 25 सीटों की जरूरत होती है।

## जम्मू-कश्मीर चुनाव : उमर अब्दुल्ला ने गांदरबल से भरा पर्चा



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार गांदरबल विधानसभा सीट से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं गांदरबल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के एक बागी समेत छह अन्य उम्मीदवार भी मैदान में उतरे हैं। श्रीनगर से गांदरबल तक उनके साथ कई वरिष्ठ नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता और पार्टी कार्यकर्ता भी थे। उमर अब्दुल्ला मध्य कश्मीर की बडगाम सीट से भी विधानसभा चुनाव लड़ सकते हैं। बुधवार को नामांकन पत्र दाखिल करने वाले उमर अब्दुल्ला के प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों में जम्मू-कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट (जेकेयूएम) के इश्फाक जब्बार और कांग्रेस के बागी नेता साहिल फारूक शामिल हैं।

## हमारा पहला कदम कश्मीर को राज्य का दर्जा वापस दिलाना होगा : राहुल

**एजेंसी। रामबन**



जम्मू-कश्मीर के रामबन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जम्मू-कश्मीर की जनता से स्टेटहुड वापस दिलाने का वादा किया। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन की सरकार बनने का दावा भी किया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, पहली बार हिंदुस्तान के एक राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बनाकर लोगों के अधिकार छीने गए। हिंदुस्तान के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है। सबसे पहले जम्मू-कश्मीर को स्टेटहुड का दर्जा वापस करना होगा, क्योंकि सिर्फ आपका राज्य ही नहीं छीना गया है, आपसे आपके अधिकार, आपकी संपत्ति, सब कुछ छीना जा रहा है। 1947 में हमने राजाओं को हटाकर लोकतांत्रिक सरकार बनाई, हमने देश को संविधान दिया। आज जम्मू-कश्मीर में एक राजा बैठा है, उसका नाम एलजी है। लेकिन, वो राजा है जो आपकी संपत्ति आपसे छीनकर बाहर के लोगों को दे रहा है।'' रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आगे कहा, एक बात तो मान लीजिए कि यहां कांग्रेस पार्टी की अलायंस की सरकार आने वाली है। हमारा पहला काम सभी सरकारी रिक्तियों को भरना और आयु सीमा को 40 साल करना होगा। हम दैनिक वेतन भोगियों को नियमित और स्थायी करेंगे और उनकी आमदनी बढ़ाएंगे। बता दें कि कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। इसके तहत नेशनल कॉन्फ्रेंस 51 और कांग्रेस 32 सीट पर चुनाव लड़ेगी। 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए तीन चरणों में मतदान होंगे। पहले चरण के लिए 18 सितंबर, दूसरे चरण में 25 सितंबर और तीसरे चरण में 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे।

## मुश्किल में पूजा खेडकर, दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट में पेश की स्टेटस रिपोर्ट



नई दिल्ली। पूर्व ट्रेनी आईएएस पूजा खेडकर की मुश्किल बढ़ने वाली है। क्योंकि, दिल्ली पुलिस ने दिल्ली हाईकोर्ट में स्टेटस रिपोर्ट पेश की है। दावा किया जा रहा है कि इस रिपोर्ट में दिल्ली पुलिस ने बताया है कि पूजा खेडकर ने जो दिव्यांगता के दस्तावेज जमा कराए, वह जांच में फर्जी निकले हैं। बता दें कि सिविल सर्विस की परीक्षा के दौरान पूजा ने साल 2022 और 2023 में दो दिव्यांगता प्रमाण पत्र लगाए थे। बताया गया था कि यह प्रमाण पत्र उन्हें महाराष्ट्र के अहमदनगर चिकित्सा प्राधिकरण के द्वारा जारी किया गया था। अब दिल्ली पुलिस की जांच में चिकित्सा प्राधिकरण ने कहा है कि यह उनके द्वारा जारी नहीं किया गया है। प्राधिकरण का कहना है कि उन्होंने अपने सिविल सर्जन कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार विकलांगता प्रमाण पत्र जारी नहीं किया है। इस दिव्यांगता प्रमाण को जारी करने वाले प्राधिकरण की तरफ से जवाब में यह भी कहा गया है कि विकलांगता प्रमाण पत्र के जाली और मनगढ़ंत होने की संभावना अधिक है। बता दें कि पूजा खेडकर पर ओबीसी आरक्षण और दिव्यांग कोटे का सहारा लेकर संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा देने का आरोप है। आरोप है कि उन्होंने इस संबंध में सभी कागजात भी फर्जी तरीके से बनवाए थे।

**एजुकेशन/करियर**

# इंटीरियर डिजाइनिंग में बना सकते हैं अपना शानदार करियर

**रजनीश।** इंटीरियर डिजाइनर डेकोरेशन से जुड़ी सेवाएं प्रदान करते हैं जैसे मकान, इमारत, भवन आदि को एक खुबसूरत लुक देना, इंटीरियर डिज़ाइनर का प्रमुख काम होता है। इसके अलावा इंटीरियर डिज़ाइनर की डिमांड अब केवल बड़े शहरो तक सिमित नही रह गया है बल्कि छोटे शहरो, गांव आदि में भी इंटीरियर डिज़ाइनर का डिमांड बहुत अधिक हो गया है। आजकल हर छोटे-बड़े फंक्शन में इंटीरियर डिज़ाइनर से डेकोरेशन कराया जा रहा है। इंटीरियर डिजाइनर के प्राथमिक काम में योजना बनाना, नई डिज़ाइन की रुपरेखा तैयार करना और रिहायशी मकानों, व्यावसायिक व अन्य इमारतों की सजावट करना शामिल हैं। इंटीरियर डिज़ाइनर को कॉन्ट्रैक्टर, आर्किटेक्ट व इंजीनियर समेत अनेक अन्य पेशे के लोगों के साथ मिलकर काम करना होता है, ताकि वह यह सुनिश्चित कर सके कि डिज़ाइन बनाने का कार्य अच्छे तरीके से हो रहा है। इंटीरियर डिज़ाइनर अपने ग्राहकों को स्पेसिंग, ले आउट, फर्नीचर व कलर कॉम्बिनेशन समेत विभिन्न तरह के डिज़ाइन से जुड़ी सलाह देते हैं। इसके साथ ही डिज़ाइन को और बेहतर करने के संबंध में ग्राहक से निरंतर बातचीत करना व विचारों का आदान प्रदान करना भी इंटीरियर डिज़ाइनर के काम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### इंटीरियर डिज़ाइनिंग कोर्सेज

इंटीरियर डिज़ाइनर कैसे बने ? इस पहेली की अगली कड़ी है इंटीरियर डिज़ाइनिंग कोर्सेज। इसलिए हमने आपके लिए कुछ ऐसे कोर्सेज की सूची तैयार की है, जो इस क्षेत्र में भारी महत्व रखते हैं-

- बैचलर ऑफ फ़ाइन आर्ट्स इन इंटीरियर डिज़ाइन
- बैचलर ऑफ अप्लाइड साइंस (इंटीरियर आर्किटेक्चर)
- बैचलर ऑफ इन्वायरमेंटल डिज़ाइन स्टडीज
- बैचलर ऑफ इंटीरियर डिज़ाइन (ऑनर्स) बीए (ऑनर्स) इंटीरियर एंड स्पेशल डिज़ाइन
- बी एससी (ऑनर्स) इंटीरियर आर्किटेक्चर एंड प्रॉपर्टी डवलपमेंट
- बैचलर ऑफ डिज़ाइन इन इंटीरियर आर्किटेक्चर (ऑनर्स)
- बैचलर ऑफ डिज़ाइन-इंटीरियर डिज़ाइन एंड इन्वायरमेंट्स
- बैचलर ऑफ साइंस इन होम फर्निशिंग मर्चन्डाइज़िंग
- बैचलर ऑफ बिल्ट इन्वायरमेंट (इंटीरियर आर्किटेक्चर)
- बी एससी (ऑनर्स) आर्किटेक्चरल टेक्नोलॉजी एंड डिज़ाइन
- ऑनर्स बैचलर ऑफ क्राफ्ट एंड डिज़ाइन (फर्नीचर)

### इंटीरियर डिज़ाइनिंग क्षेत्र में शीर्ष नौकरी



इस क्षेत्र में बेहतर अवसर पाने के लिए हर विद्यार्थी को अपना पोर्टफोलियो तैयार करना पड़ेगा। पोर्टफोलियो एक विद्यार्थी द्वारा अपनी पढ़ाई के दौरान किए गए कार्यों का संग्रह होता है। विद्यार्थी को फोटो, चित्र व डिज़ाइन लगाकर अपने पोर्टफोलियो को बेहद आकर्षक बनाना चाहिए। भारत में इंटीरियर डिज़ाइनिंग के क्षेत्र में शीर्ष नौकरी प्रदाताओं का जिक्र नीचे किया गया है-

- 1. ला सोरोगीका
- 2. आमिर एंड हमीदा
- 3. डिजाइन क्यूब
- 4. राजा ऐडेरी
- 5. मॉर्फ डिज़ाइन
- 6. सेविओ एंड रूपा इंटीरियर कॉन्सेप्ट्स
- 7. मैप्स ऑफ इंडिया
- 8. द कारिघर्स
- 9. द ग्रिड
- 10. आर्किटेक्ट

### भारत में टॉप कॉलेज

- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन, अहमदाबाद
- पर्ल एकेडमी
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़
- चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़
- आर्च कॉलेज ऑफ डिज़ाइन एंड बिज़नेस, जयपुर
- जेडी इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, मुंबई
- हैम्सटेक इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव एजुकेशन, हैदराबाद
- लव ली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर
- एमआईटी इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइन, पुणे
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिज़ाइन, मुंबई

### करियर के अवसर

इस क्षेत्र में अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद आप इंटीरियर डिज़ाइनिंग के क्षेत्र में अपने लिए कैरियर के अवसर तलाश ना चाहेंगे। हमने ऐसे पदों की सूची तैयार की है जिन पर आपको पढ़ाई के बाद नौकरी मिल सकती है

- एक्स बिशन डिज़ाइनर
- ला इटिंग डिज़ाइनर
- किचन डिज़ाइनर
- आर्किटेक्ट
- आर्किटेक्चरल टेक्नोलॉजिस्ट
- प्रोडक्ट डिज़ाइनर
- टेक्सटाइल डिजाइनर
- प्रोडक्शन डिजाइनर

### पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम

इंटीरियर डिज़ाइन एमए
इन्वायरमेंटल डिज़ाइन ऑफ बिल्डिंग (एम एससी)
मास्टर ऑफ डिज़ाइन इन इंटीरियर स्टडीज- अडैप्टिव रीयूज
एमए इंटीरियर एंड स्पेशल डिज़ाइन
क्लाइमेट रिसिलिएन्स एंड इन्वायरमेंटल सस्टेनिबिलिटी इन आर्किटेक्चर (CRESTA) एमएससी
मास्टर ऑफ आर्ट्स इन फैमिली एंड कंज्यूमर साइंस – इंटीरियर डिज़ाइन
एम एससी इंफ्रास्ट्रक्चर डिज़ाइन एंड मैनेजमेंट
कॉमर्शियल इंटीरियर मैनेजमेंट एंड प्रैक्टिस एम एससी
मास्टर ऑफ आर्ट्स इन अप्लाइड डिज़ाइन- फर्नीचर एंड वुडवर्किंग